रविवारीय
कानपुर, रविवार
27 अप्रैल, 2025
वैशाख मास कृष्ण पक्ष अमावस्या
सं. 2082 वि.
वर्ष 36, अंक -245 पृष्ठ 12
संस्करण : महानगर

स्वतंत्रता की पहली किरण का साक्षी

स्वतंत्र भारत

लखनऊ एवं कानपुर से प्रकाशित

मूल्य : 3 रुपये
epaper : epaper.swatantrabharat.net

सौरव गांगुली बोले आईसीसी इवेंट में पाक के साथ न खेले भारत

'सेना की गतिविधियों का सीधा प्रसारण न करे मीडिया'

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने शनिवार को देश के मीडिया चैनलों से रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की आवाजाही का सीधा प्रसारण करने से

पहलगाम हमले के बाद सरकार ने चैनलों को दिए निर्देश

बचने की सलाह दी है और कहा कि इस तरह की रिपोर्टिंग से जाने-अनजाने में दुश्मनों को मदद मिल सकती है। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने सभी मीडिया चैनलों को राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की आवाजाही का सीधा प्रसारण न करने की सलाह जारी की है। मंत्रालय की तरफ से जारी सलाह में कहा गया है, राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में, सभी मीडिया प्लेटफॉर्म, समाचार एजेंसियों और सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे रक्षा और अन्य सुरक्षा-संबंधी अभियानों से संबंधित मामलों पर रिपोर्टिंग करते समय अत्यधिक जिम्मेदारी का बरतें और मौजूदा कानूनों और विनियमों का सख्ती से पालन करें।

ऐसी रिपोर्टिंग से सुरक्षाबलों को खतरा- मंत्रालय

सलाह में कहा गया कि रक्षा अभियानों या सुरक्षा बलों की गतिविधियों से जुड़ी कोई भी कवरेज, दृश्य प्रसारण या स्रोतों से प्राप्त जानकारी आधारित रिपोर्टिंग नहीं की जानी चाहिए। मंत्रालय ने यह भी कहा कि संवेदनशील जानकारी का समय से पहले खुलासा दुश्मनों की मदद कर सकता है और इससे ऑपरेशनल प्रभावशीलता और सुरक्षा कर्मियों की जान को खतरा हो सकता है।

यूपी से 100 से अधिक पाकिस्तानी नागरिक वापस भेजे गये

स्वतंत्र भारत ब्यूरो, लखनऊ। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तानी नागरिकों को उनके देश भेजने के केंद्र सरकार के फैसले के मद्देनजर उत्तर प्रदेश के जिलों में पड़ताल शुरू कर उन्हें वापस भेजने का सिलसिला शुरू

1200 रडार पर, डीजीपी ने सभी जिलों को दिए निर्देश

हो गया है। पुलिस महानिदेशक

प्रशांत कुमार ने गृह मंत्रालय के निर्देशों के अनुरूप सभी जिलों में कार्रवाई सुनिश्चित कराए जाने का निर्देश दिये हैं। उनका कहना है कि प्रदेश में कितने पाकिस्तानी नागरिक हैं और किस जिले से कितनों को वापस भेजा गया है, इसका ब्योरा जल्द साझा किया जाएगा। इंटेलिजेंस के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक प्रदेश में करीब 1200 पाकिस्तानी नागरिक लांग टर्म, शार्ट टर्म व मेडिकल वीजा पर आए हैं। लखनऊ से आठ, बुलंदशहर से पांच, सहारनपुर से 12, अमरोहा से दो, अलीगढ़ से तीन पाकिस्तानी नागरिकों को वापस भेजा गया है।

यूपी में 1800 से अधिक पाकिस्तानी नागरिक

यूपी में 1800 से ज्यादा पाकिस्तानी नागरिक रहते है। वीजा रद्द के आदेश के बाद सरकार एक्शन में है और उप्र. में रह रहे इन नागरिकों को वापस भेजा जाएगा। जानकारी के मुताबिक, विभिन्न प्रकार के वीजा पर प्रदेश में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। डेढ़ हजार से अधिक पाकिस्तानी नागरिक प्रदेश में होने का अनुमान है। कुछ पाकिस्तानी नागरिक खुद से वापस जा रहे हैं। जो निर्धारित समय में वापस नहीं जाएंगे, उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई होगी। बरेली में 35, रामपुर में 30, बुलंदशहर में 18 और वाराणसी में 10 पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान की गई है। ये सभी विभिन्न प्रकार के वीजा पर भारत में रह रहे थे। डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि राज्य पुलिस केंद्र सरकार के निर्देशों के अनुसार कार्रवाई कर रही है। सभी जिला पुलिस प्रमुखों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

जम्मू-कश्मीर में सेना का ऐक्शन आतंकी ठिकाना ध्वस्त

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों ने शनिवार को आतंकी ठिकाने को ध्वस्त कर दिया। साथ ही, हथियारों और गोला-बारूद

हथियारों का बड़ा जखीरा जब्त

का बड़ा जखीरा जब्त किया गया। पहलगाम में 26 लोगों की हत्या के कुछ दिन बाद यह कदम उठाया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर हुई इस कार्रवाई में उत्तर कश्मीर जिले के सेदोरी नाला, मुश्तकाबाद माछिल के जंगली इलाके में सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान शुरू किया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन के दौरान आतंकी ठिकाने का पता लगाया गया और उसे ध्वस्त कर दिया गया। मौके से हथियारों और गोला-बारूद का बड़ा जखीरा जब्त किया गया। इनमें 5 एके-47 राइफल, 8 एके-47 मैगजीन, एक पिस्तौल, एक पिस्तौल मैगजीन, 660 राउंड एके-47 गोला-बारूद, एक पिस्तौल राउंड और 50 राउंड एम4 गोला-बारूद शामिल हैं।

14 स्थानीय आतंकियों की पहचान

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले के बाद, केंद्र शासित प्रदेश में सक्रिय 14 स्थानीय आतंकियों की सूची सुरक्षा एजेंसियों ने जारी की है। इन आतंकियों में से प्रत्येक ने पाकिस्तान से आए बाहरी आतंकियों को जमीन और चिकित्सा सहायता प्रदान की है। इन 14 आतंकियों की उम्र 20 से 40 वर्ष के बीच है और ये तीन बड़े पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठनों, हिजबुल मुजाहिदीन, लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े हैं। इनमें से तीन आतंकी हिजबुल, आठ लश्कर-ए-तैयबा और तीन जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े हैं।

सभ्य समाज में आतंकवाद की जगह नहीं

लखीमपुर खीरी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को लखीमपुर खीरी के पलिया में जनसभा को संबोधित करते हुए आतंकवाद पर जमकर बरसे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभ्य समाज में आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं हो सकती।

योगी बोले सुरक्षा में सेंध के लिए है जीरो टॉलरेंस नीति

अराजकता के लिए कोई जगह नहीं हो सकती। भारत सरकार सुरक्षा, सेवा और सुशासन का मॉडल है, जो विकास, गरीब कल्याण और सबकी सुरक्षा पर आधारित है। अगर कोई सुरक्षा में सेंध लगाने का दुस्साहस करेगा तो उसके लिए जीरो टॉलरेंस की नीति है। वह जिस भाषा में समझेगा, उसको उस भाषा में जवाब देने के लिए भारत तैयार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह नया भारत किसी को छेड़ता नहीं है। अगर किसी ने छेड़ा है तो उसे छोड़ेगा भी नहीं। उन्होंने कहा कि जीरो टॉलरेंस नीति

के तहत उत्तर प्रदेश को माफियामुक्त किया। अराजकता और दंगों से मुक्त किया। यूपी को देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था के तौर पर लाकर खड़ा कर दिया है। उन्होंने कहा कि अब देश के अंदर उत्तर प्रदेश आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर वाला राज्य है। रेलवे का बेहतरीन नेटवर्क है, देश की पहली रैपिड रेल प्रदेश में चलती है। उत्तर प्रदेश के सर्वाधिक शहरों में मेट्रो का संचालन हो रहा है। सीएम योगी ने कहा कि साल 2017 के पहले किसानों का 10-10 वर्षों का गन्ना मूल्य का बकाया रहता था। आज 105 चीनी मिलें ऐसी हैं, जो एक सप्ताह के अंदर गन्ना मूल्य का भुगतान कर रही हैं। आज लखीमपुर विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। मुख्यमंत्री ने लखीमपुर खीरी में मेडिकल कॉलेज के निर्माण पर खुशी जताई। कहा कि पहले यह सपना था, आज हकीकत है। सीएम योगी ने अपनी सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा।

गोलमोल जवाब दे रहा तहव्वुर राणा

मुंबई। महाराष्ट्र से बुधवार को मुंबई क्राइम ब्रांच की एक टीम दिल्ली पहुंची। टीम ने 26/11 आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा से पूछताछ की। मुंबई पुलिस के मुताबिक, टीम ने आतंकी तहव्वुर

आठ घंटे की पूछताछ में नहीं किया सहयोग

हुसैन राणा से 8 घंटे से ज्यादा पूछताछ की। तहव्वुर राणा गोलमोल जवाब दे रहा है। जांच में सहयोग भी नहीं कर रहा है। तहव्वुर राणा को दिल्ली स्थित एनआईए मुख्यालय में हिरासत में रखा गया है। भारत की आर्थिक राजधानी मुंबई पर 2008 में हुए आतंकी हमलों की साजिश रचने वाले तहव्वुर राणा को हाल ही में भारत ले आया गया था। फिलहाल वह एनआईए की हिरासत में है। भारत पिछले 17 वर्षों से राणा और उसके साथी डेविड कोलमैन हेडली के प्रत्यर्पण की कोशिश में

लगा था, जो कि 2009 में ही अमेरिका में गिरफ्तार हुआ थे। हेडली के मामले में भारत को फिलहाल खास सफलता नहीं मिली है, लेकिन तहव्वुर राणा के मामले में अमेरिका की निचली अदालतों से लेकर सुप्रीम कोर्ट और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत के दावों को मानते हुए उसके प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी थी। दावा है कि तहव्वुर राणा ने अपनी कंसल्टेंसी फर्म्स में डेविड हेडली को भी नौकरी दी।

पंचायत चुनाव उम्मीदवार भी दें लंबित मामलों की जानकारी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के एक आदेश को बरकरार रखते हुए कहा है कि पंचायत चुनाव के उम्मीदवारों को भी अपने नामांकन पत्र में अपने खिलाफ लंबित मामलों

सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी

की जानकारी देना जरूरी है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश को बरकरार रखते हुए एक ग्राम प्रधान के निर्वाचन को रद्द कर दिया। मामला मंडी जिले के पंगना ग्राम पंचायत का है। सुप्रीम कोर्ट पीठ ने अपने फैसले में कहा कि उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका को हम योग्य नहीं पाते हैं, क्योंकि राज्य

चुनाव आयोग द्वारा बनाए गए नियमों को उच्च न्यायालय ने अधीनस्थ कानून का हिस्सा माना है। कानून के तहत पंचायत चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को भी इसके प्रावधानों का पालन करना जरूरी है। इससे पहले 16 अक्टूबर 2024 को उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कहा कि तथ्यों को छिपाना हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम, 1994 के प्रावधानों का उल्लंघन है। यह चुनाव को अमान्य घोषित करने का वैध आधार हो सकता है। उच्च न्यायालय ने प्रधान बसंत लाल के निर्वाचन को रद्द करने का आदेश दिया था। इतना ही नहीं उच्च न्यायालय ने लंबित मामले को छिपाने के आरोप में बसंत लाल को छह साल तक चुनाव लड़ने से भी प्रतिबंधित कर दिया। इस आदेश के खिलाफ बसंत लाल ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। सुप्रीम कोर्ट ने भी उच्च न्यायालय के आदेश को बरकरार रखा, लेकिन ये भी कहा कि जिस मामले को छिपाने का आरोप है, उसमें बसंत लाल को बरी किया जा चुका है। ऐसे में छह साल का प्रतिबंध सख्त है।

आज का मौसम

अधिकतम तापमान	- 36°
न्यूनतम तापमान	- 27°
सूर्योदय	- 05:31
सूर्यास्त	- 06:36

बादल छाये रहेंगे।

संक्षिप्त समाचार

हरियाणा में सड़क हादसा, सात मरे

नूंह। गुरुग्राम के सटे हरियाणा के ही नूंह जिले में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर शनिवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। इस घटना में 7 लोगों की मौत हो गई नूंह के थाना फिरोजपुर झिरका सीमा के गांव इब्राहिमवास के पास आज सुबह करीब 10 बजे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर एक बेकाबू पिकअप गाड़ी ने सफाई कर रहे 11 सफाई कर्मचारियों को रौंद डाला। इस दर्दनाक सड़क हादसे में 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं, गंभीर रूप से घायल चार लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

मनसे से गठबंधन करेगी शिवसेना

मुंबई। मनसे चीफ राज ठाकरे और शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे के राजनीति में साथ आने की खबरों के बीच शिवसेना ने शनिवार को एक्स पर कहा- मुंबई और महाराष्ट्र के हित के लिए एकजुट होने का समय आ गया है। पार्टी कार्यकर्ता मराठी गौरव की रक्षा के लिए तैयार हैं। इससे शिवसेना और मनसे के साथ आने की अटकलें तेज हो गई है। इससे पहले राज ठाकरे ने अपने चचेरे भाई उद्धव के साथ राजनीतिक मेल-मिलाप पर कहा था कि, उद्धव से राजनीतिक मतभेद हैं, विवाद हैं, झगड़े हैं, लेकिन यह सब महाराष्ट्र के आगे बहुत छोटी चीज है।

विपक्ष को कुचलना है आज की राजनीति का मकसद

हैदराबाद। लोकसभा नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने शनिवार को तेलंगाना में भारत शिखर सम्मेलन को संबोधित किया। इस

तेलंगाना में बोले राहुल गांधी

दौरान उन्होंने कहा, कुछ साल पहले, कांग्रेस पार्टी में हम पूरी तरह से फंसे हुए और अलग-थलग महसूस करते थे। यह एक नई, आक्रामक और एक ऐसी राजनीति है, जिसमें विपक्ष से बात नहीं की जाती बल्कि विपक्ष को कुचलने का विचार होता है। हम अपने इतिहास में वापस पहुंचे और हमने कन्याकुमारी से कश्मीर तक पैदल चलने का फैसला किया। कन्याकुमारी से हमारी यात्रा शुरू हुई और जैसे हम धीरे-धीरे आगे बढ़े तो धीरे-धीरे और लोग भी हमारी यात्रा में शामिल होते चले गए। राहुल गांधी ने कहा, हमारा विपक्ष वास्तव में सुनना नहीं जानता क्योंकि उनके पास पहले से ही सारे जवाब हैं। उन्हें ठीक-ठीक पता है कि क्या करना है। मगर, यह पूरी तरह से गलत है क्योंकि यह जानता है जो जानती है कि क्या करना है। एक चीज है जिसमें हम सोशल

मीडिया और सभी आधुनिक संचार विधियों के साथ असफल रहे हैं, तो वह यह है कि राजनेताओं के रूप में अपनी जनता हमें जो बताने की कोशिश कर रही है, उसे गहराई से सुनने में विफल है। यही वह स्थान है जहां हम वास्तव में काम कर सकते हैं क्योंकि हमारे विरोधियों ने इस जगह को पूरी तरह से खाली कर दिया है, वे वहां नहीं हैं, उनका वहां कोई वजूद नहीं है।

देश की आंतरिक सुरक्षा मजबूत करें युवा : मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को रोजगार मेले के तहत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विभिन्न

पीएम ने 51 हजार युवाओं को सौंपे नियुक्ति पत्र

सरकारी विभागों एवं संस्थानों में 51 हजार से अधिक नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र बांटे। उन्होंने इस कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को संबोधित भी किया। रोजगार सृजन को उच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता के तहत 15वां रोजगार मेला देशभर में 47 जगहों पर आयोजित किया गया। इससे युवाओं को सशक्त बनाने के लिए सार्थक अवसर उपलब्ध होंगे और वे राष्ट्रीय विकास में प्रभावी योगदान देने में सक्षम होंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आज केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में 51 हजार से अधिक युवाओं को पक्की सरकारी नौकरी के पत्र दिए गए हैं। आज भारत सरकार के अलग अलग विभागों में आप युवाओं के नए दायित्वों की शुरूआत हुई है। आपका

दायित्व देश के आर्थिक तंत्र को मजबूत करना है, आपका दायित्व देश की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत करना है, आपका दायित्व देश में आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण का है, आपका दायित्व श्रमिकों के जीवन में मूलभूत बदलाव लाने का है। उन्होंने कहा कि जब युवा राष्ट्र के निर्माण में भागीदार होते हैं, तो राष्ट्र तेज विकास भी करता है और विश्व में अपनी पहचान भी बनाता है। भारत का युवा आज अपने परिश्रम और इनोवेशन से दुनिया को ये दिखा रहा है कि हममें कितना सामर्थ्य है। हमारी सरकार हर कदम पर ये सुनिश्चित कर रही है कि देश के युवाओं के लिए रोजगार-स्वरोजगार के अवसर बढ़ें।

'राजा का कर्तव्य है कि वह प्रजा की सुरक्षा सुनिश्चित करे'

स्वतंत्र भारत ब्यूरो, नई दिल्ली
पहलगाम में पाक प्रायोजित आतंकवादियों द्वारा पहचान सुनिश्चित करके अंजाम दिए गए हिन्दुओं के नरसंहार का बदला लेने को लेकर देश भर में दिख रही आतुरता और व्याकुलता के बीच सत्तारूढ़ भाजपा की मातृ संस्था कहलाने वाले राष्ट्रीय



संघ प्रमुख ने कहा- गुंडागर्दी करने वालों को दंड देना हमारा धर्म

स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक यानी मुखिया डॉ. मोहन भागवत ने राजधर्म की याद दिलाते हुए बेलाग लहजे में कहा है कि केवल पूजा-पाठ और खान-पान के नियम कायदों तक ही हमारे धर्म का कार्यक्षेत्र सीमित नहीं है बल्कि गुंडागर्दी करने वालों समुचित दंड देना भी हमारा धर्म ही है। भागवत के मुताबिक राजा का कर्तव्य है कि वह प्रजा की सुरक्षा सुनिश्चित करे। उन्होंने हिन्दू समाज के लिए हिन्दू धर्म का मर्म समझना जरूरी करार देते हुए कहा कि बेशक अहिंसा हमारा मूल धर्म है लेकिन लोककल्याण के लिए जरूरी होने पर आततायों का वध करने की सीख भी हमारा धर्म देता है। अत्याचार को सहन करते जाना धर्म नहीं है बल्कि हमारा धर्म है कि हम आततायी से मार ना खाएं। लेकिन अगर बुराई इतनी अधिक हो कि उसके मौजूदा स्वरूप को पूरी तरह नष्ट करके ही उससे छुटकारा पाया जा सकता है तो ऐसा करने में कतई नहीं हिचकने की सीख भी हमारा धर्म देता है। ऐसा किसी शत्रु भाव से नहीं बल्कि लोककल्याण, वैश्विक शांति और शत्रु को भी मुक्ति देने के भाव से करने का शास्त्रीय विधान है। राजधानी दिल्ली के तीन मूर्ति स्थित प्रधानमंत्री संग्रहालय के प्रांगण में स्थित ऑडिटोरियम में विश्व हिन्दू कांग्रेस के संस्थापक और विश्व हिन्दू फाउंडेशन के वैश्विक अध्यक्ष स्वामी विज्ञानानंद की पुस्तक द हिन्दू मेनिफेस्टो का लोकार्पण करते हुए डॉ. मोहन भागवत ने उक्त बातें कहीं।

भारत के ऐक्शन से खौफ में टीआरएफ

नई दिल्ली। पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े छद्म संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट ने पहलगाम आतंकी हमले में शामिल होने से इनकार किया है, जिसमें 22 अप्रैल को 26 नागरिक मारे गए थे। टीआरएफ, जिसने इस सप्ताह के शुरू में घातक हमले की जिम्मेदारी ली थी, ने एक बयान जारी कर अपने पहले के स्वीकारोक्ति का खंडन किया। सोशल मीडिया पर प्रसारित एक संदेश में, टीआरएफ ने कहा कि टीआरएफ पहलगाम की घटना में किसी भी तरह की संलिप्तता से साफ इनकार करता है। इस कृत्य के लिए टीआरएफ को जिम्मेदार ठहराना गलत और जल्दबाजी में किया गया कदम है।

यह सीमापार का आतंकवाद है : पुरी

मोहाली। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शनिवार को मोहाली में पहलगाम हमले को स्पष्ट रूप से पड़ोसी देश द्वारा प्रायोजित सीमा पार आतंकवाद करार दिया। उन्होंने कहा कि इस हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान ले रहा है और अब पहले की तरह कोई कारोबार नहीं चलेगा। पुरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान का हवाला देते हुए कहा, पाकिस्तान को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी और यह केवल शुरुआत है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ये आतंकवादी जो होते हैं वे लोगों के सबसे बुनियादी अधिकार, जीवन के अधिकार को छीन लेते हैं। पूरी दुनिया इसकी निंदा कर रही है।

जून से अगस्त तक चलेगी मानसरोवर यात्रा

नई दिल्ली। कैलाश मानसरोवर यात्रा जून से अगस्त 2025 तक चलेगी। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, इस साल पांच बैच, जिनमें से प्रत्येक में 50 यात्री होंगे, उत्तराखंड से लिपुलेख दर्रे को पार करते हुए यात्रा करेंगे। ऐसे ही 10 बैच, जिनमें से प्रत्येक में 50 यात्री होंगे, सिक्किम से नाथू ला दर्रे को पार करते हुए यात्रा करेंगे। आवेदन स्वीकार करने के लिए http://kmy.gov.in वेबसाइट खोल दी गई है। आवेदकों में से यात्रियों का चयन निष्पक्ष, कंप्यूटर से तैयार, यादृच्छिक (रैंडम) और लिंग-संतुलित चयन प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा।

भारत में हैं ओरल कैंसर के सबसे ज्यादा केस

नई दिल्ली। भारत में जिन कैंसर के मामले सबसे ज्यादा रिपोर्ट किए जाते रहे हैं उनमें फेफड़े, पेट, स्तन और मुंह के कैंसर प्रमुख हैं। मुंह का कैंसर (ओरल कैंसर) फिलहाल भारत के लिए बड़ा खतरा बना हुआ है। इतना

इलाज के बाद भी पांच साल जी पाना कठिन

तंबाकू है मुख्य कारण

ही नहीं, भारत दुनियाभर में ओरल कैंसर के सबसे ज्यादा मामलों वाला देश है। हर साल यहां अनुमानित 1.43 लाख नए मामले सामने आते हैं। तंबाकू-धूम्रपान को इसके लिए प्रमुख कारण माना जाता रहा है, चिंताजनक बात ये भी है कि ओरल कैंसर सिर्फ पुरुषों में ही नहीं महिलाओं में भी बढ़ता हुआ देखा जा रहा है। जर्नल ऑफ कैंसर पॉलिसी में प्रकाशित एक शोध पत्र में बताया गया है, देश में ओरल कैंसर के 50 प्रतिशत से अधिक मामलों के लिए तंबाकू-धूम्रपान की आदत प्रमुख कारण है। भारतीय उपमहाद्वीप में ओरल

अध्ययन की रिपोर्ट में शोधकर्ताओं ने साफ तौर पर कहा है कि प्रारंभिक पहचान और समय पर इलाज न मिलने के कारण कैंसर का खतरा काफी बढ़ जाता है। ज्यादातर लोगों में कैंसर का पता ही तब चल पाता है कैंसर एक बड़ी समस्या है, जहां यह देश में शीर्ष तीन प्रकार के कैंसर में शुमार है। भारत में ओरल कैंसर की आयु-समायोजित दर अधिक है, यानी प्रति एक लाख जनसंख्या पर 20 लोग और देश में सभी कैंसर का 30 प्रतिशत से अधिक हिस्सा है। जामा नेटवर्क मेडिकल जर्नल में प्रकाशित इस जब ये चौथे स्टेज तक पहुंच चुका होता है। यहां से रोगी का इलाज करना और जान बचाना काफी मुश्किल हो जाता है। भारत में कुल कैंसर पीड़ितों में मुंह के कैंसर के 30 फीसदी मरीज शामिल हैं। कम उम्र से ही गुटखा, तंबाकू, सिगरेट की आदत के कारण इस कैंसर के मामलों में तेजी से वृद्धि देखी जा रही है।

पहलगाम की निष्पक्ष जांच को तैयार : शहबाज

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने कहा है कि वे पहलगाम हमले के बाद हर जांच के लिए तैयार हैं। शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान को बदनाम किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए तैयार है।पाकिस्तान मिलिट्री अकादमी में एक परेड को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री शरीफ ने कहा कि पहले भी पाकिस्तान पर ऐसे हमले के आरोप लगाए जाते रहे हैं। इसे पूरी तरह से बंद किया जाना चाहिए। एक जिम्मेदार देश के तौर पर पाकिस्तान किसी भी तटस्थ और पारदर्शी जांच में हिस्सा लेने के लिए तैयार है। शरीफ ने कहा कि भारत दुनिया को गुमराह कर रहा है।

(विस्तृत खबर पेज-12)

मामूली किराए को लेकर हुआ विवाद

उन्नाव जिले के बारा सगवर थना क्षेत्र में शुक्रवार को एक रिक्शा चालक से मामूली किराए को लेकर हुए विवाद में दो लोगों ने उसकी पिटाई कर दी। गड़ैयागांव के रहने वाले भल्लू पुत्र मुनव्वर मियां रोजाना की तरह अपना रिक्शा चला रहे थे। जब उन्होंने एक सवारी से सिकठिया तक जाने का किराया बताया तो गांव के ही कल्लू पुत्र अकबर और पप्पू पुत्र कल्लू ने उनसे विवाद शुरू कर दिया। दोनों आरोपियों ने पहले गालियां दीं और जब रिक्शा चालक ने विरोध किया तो उन्होंने लाठी डंडों और लात घूसों से उस पर हमला कर दिया। हमले में रिक्शा चालक के सिरपर कई जगह चोटें आईं। आसपास के लोगों के इकट्ठा होने पर आरोपी गालियां देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

सफीपुर में दो बाइकों में भिड़ंतए दो की मौत

उन्नाव सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के चकलवंषी.परियर मार्ग पर लवकुश महाविद्यालय के समीप दो बाइक की आमने सामने टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान कानपुर के बर्रा.4निवासी सुनील षर्मा और परियर निवासी नीरज ;18द्ध के रूप में हुई है। सुनील सुबह किसी काम से चकलवंषी आए थे और वापस कानपुर लौट रहे थे। नीरज अपनी बाइक से चकलवंषी की ओर जा रहे थे। टक्कर के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सफीपुर में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। घटना की सूचना पाते ही दोनों परिवारों में षोक की लहर दौड़ गई। परिजन जब सीएचसी पहुंचे तो उनकी हालत देख सभी की आंखें नम हो गईं। पुलिस ने दोनों षवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच कर रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार इस मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों का आवागमन आम बात है। इससे अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती हैं। लोगों ने प्रषासन से सड़क पर स्पीड ब्रेकर और चेतावनी बोर्ड लगाने की मांग की है।

12 मामलों के आरोपी पर गुंडा एक्ट

उन्नाव फर्जी दस्तावेजों से पासपोर्ट बनवाने के मामले में एक अपराधी के खिलाफ गुंडा एक्ट लगाया गया है। आरोपी अंषू गुप्ता ने अमित कुमार गुप्ता के नाम से पासपोर्ट के लिए आवेदन किया था। उसने मगरवारा चौकी क्षेत्र के कुदूखेड़ा गांव का झूठा पता दिया था। पुलिस जांच में पता चला कि आरोपी थाना दही क्षेत्र की आवास विकास कालोनी का रहने वाला है। मगरवारा चौकी प्रभारी इंद्रदेव उपाध्याय ने आरोपी पर धोखाधड़ी और फर्जी दस्तावेज बनाने का मुकदमा दर्ज किया है। सदर कोतवाली में अंषू गुप्ता के खिलाफ 12 आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें हत्या का प्रयासए धोखाधड़ीए रंगदारीए धमकी और मारपीट के मामले शामिल हैं। कई मामलों में चार्जशीट दाखिल की जा चुकी है। न्यायालय में पेश न होने और समर्पण न करने पर पुलिस ने उस पर गुंडाएक्ट लगाया है। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार ने मामले की फाइल जिला मजिस्ट्रेट को भेजी है। जिला मजिस्ट्रेट ने इसे मंजूरी दे दी है। पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 5 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है।

लखनऊ.कानपुर हाइवे पर सड़क निर्माण

उन्नाव लखनऊ.कानपुर नेषनल हाइवे पर नवाबगंज में सड़क निर्माण कार्य चल रहा है। टेम्पो स्टैंड के पास निर्माण कार्य के कारण अजगैन कोतवाली क्षेत्र में रूट डायवर्जन किया गया है। निर्माण कार्य की वजह से सड़क सिंगल लेन तक सीमित हो गई है। इससे वाहनों की आवाजाही धीमी पड़ गई है। बड़े वाहनों के ओवरटेक करने पर सामने से आने वाले वाहनों को रूकना पड़ रहा है। लखनऊ से कानपुर की यात्रा करने वाले लोगों को परेषानी का सामना करना पड़ रहा है। यात्री राधेए रामचंदर ने बताया कि सड़क निर्माण पूरा होने के बाद गड्ढों की समस्या से राहत मिलेगी। प्रषासन से अनुरोध है कि निर्माण कार्य जल्द पूरा किया जाए ताकि यातायात सामान्य हो सके।

फंदे से लटका मिला शव

उन्नाव बारासगवर थाना क्षेत्र के पिथाई खेड़ा गांव में एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। मृतक की पहचान संदीप कुमार ;22द्ध के रूप में हुई है। वह ग्राहक सेवा केंद्र में काम करता था। शुक्रवार की रात को संदीप अपने काम से लौटा और परिवार के साथ खाना खाया। इसके बाद वह अपने कमरे में सोने चला गया। सुबह जब परिजनों ने दरवाजा खटखटाया तो कोई जवाब नहीं मिला। दरवाजा तोड़ने पर संदीप फांसी के फंदे से लटका मिला। परिजनों ने तुरन्त उसे नीचे उताराए लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। संदीप दो भाइयों में सबसे छोटा था। गांव वालों के मुताबिक वह मेहनती और मिलनसार स्वभाव का था। उसका ग्राहक सेवा केंद्र अच्छा चल रहा था। वह परिवार की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए प्रयासरत था। परिजन नहीं बता पा रहे हैं कि वह किसी बात को लेकर परेशान था या नहीं। बारासगवर थाने की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में यह आत्महत्या का मामला लग रहा है। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है।

बुजुर्ग बंदी को मिली जेल से रिहाई

उन्नाव जिला कारागार में बंद एक बुजुर्ग कैदी राम किषन को स्वयंसेवी संस्था की मदद से रिहाई मिल गई। एसोसिएषन फार प्रोटेक्षन आफसिविल राइट्स लखनऊ की प्रतिनिधि मीना सोनी ने उनकी जुर्माना राषि 3425 रुपये कोर्ट में जमा कराई। रामकिषन षिवबक्स खेड़ा थाना माखी के रहने वाले हैं। एक मारपीट के मामले में दोषी पाए गए थे। अपनी सजा पूरी करने के बाद भी केवल जुर्माना की राशि न चुका पाने के कारण जेल में बंद थे। अतिरिक्त कारागार मुख्यालय के निर्देशों के अनुसार आर्थिक रूप् से कमजोर और वृद्ध बंदियों की सहायता का प्रावधान है। कई स्वयंसेवी संस्थाएं ऐसे मामलों में बंदियों की मदद करती हैं। रामकिशन के मामले में भी जुर्माना राशि जमा होने के बाद सभी औपचारिकताएं पूरी कर उन्हें रिहा कर दिया गया। जेल अधीक्षक ने इस पहल की सराहना की है। उन्होंने कहा कि यह न केवल एक व्यक्ति को आजादी दिलाती है बल्कि समाज को सकारात्म संदेश भी देती है। मीना सोनी ने बताया कि उनकी संस्था का उद्देश्य जरूरतमंद बंदियों को न्यायिक सहायता प्रदान करना है। कई वृद और निर्धन बंदी आर्थिक तंगी के कारण जुर्माना नहीं भर पाते और सजा पूरी होने के बाद भी जेल में रहने को मजबूर होते हैं। ऐसे बंदियों की पहचान कर उन्हें सहायता उपलब्ध कराना समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी है।

दो दशक से उजाड़ पड़े नागर मिल कालोनी स्थित पार्क भी हरा भरा

उन्नाव करीब दो दशक से उजाड़ पड़े नागर मिल कालोनी स्थित पार्क भी हरा भरा कर दिया गया है। नगर पालिका द्वारा आवासीय क्षेत्रों के आसपास स्वच्छ व सुंदर वातावरण तैयार करने के लिए चला जा रहे अभियान के क्रम में एक और पार्क का निर्माण पूरा हो गया है। करीब 23ण्22 लाख रुपये से स्वीकृत पार्क के सौंदर्यीकरण का काम पूरा होने के साथ ही शनिवार को नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता भानू मिश्राए प्रवीण मिश्रा भानू ने अर्जुन पार्क लोकार्पण करते हुए क्षेत्रीय जनता को समर्पित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हमारे आसपास स्वच्छ वातावरण होए इसके लिए नगर पालिका निरंतर प्रयास रते हैं। लेकिन बिना नागरिकों के सहयोग के यह संभव नहीं है। पालिका ने अर्जन पार्क के रूप में क्षेत्रीय नागरिकों को यह सौगात दी है। जिसे स्वच्छए सुरक्षित और ऐसा ही हमेशा सुंदर बनाए रखने की जिम्मेदारी नागरिकों की है। जिसमें सभी को सहयोग करना होगा। उन्होंने बताया कि हम लोग लगातार शहर पार्कों का सौंदर्यीकरण कराने का प्रयास कर रहे हैं। इस क्रम में शहर के पांच पार्क तैयार हो चुके हैं।जबकि पीडी नगर में प्रस्तावित अटल उपवन भी जल्दी ही जनता को समर्पित किया जाएगा। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष ने मौजूद लोगों के बीच शहर को स्वच्छ रखने के लिए शपथ दिलाई गईए साथ ही पालीथिन के प्रयोग को रोकने के लिए नगर पालिका का सहयोग करने की अपील की गई। ईओ संजय कुमार गौतम ने बताया कि शहर के नागर मिल कालोनी में करीब 547 वर्ग मीटर क्षेत्र पार्क के लिए आरक्षित था। लंबे समय से पार्क का सौदर्यीकरण कराते हुए उसे वास्तविक स्वरूप दिए जाने की मांग की जा रही थी।नगर पालिका अध्यक्ष माण् श्वेता भानू मिश्रा ने स्थानीय लोगों की मांग को संज्ञान लिया और उसके निर्माण के लिए 15वें वित्त से स्वीकृति देते हुए 23ण्22 लाख रुपये का बजट स्वीकृत किया था। करीब तीन बाद से चल रहे पार्क के निर्माण का काम पूरा हो गया।कार्यक्रम के समापन पर अध्यक्ष नगर पालिका श्वेता भानू मिश्रा ने सभी के प्रति अभार व्यक्त किया। इस मौके पर क्षेत्रीय सभासद निशेष जायसवाल श् डब्बू श् एआदर्श नगर सभासद राकेश शाहू एएबी नगर उत्तरी सभासद प्रतिनिधि मनीष शुक्ला एकुलदीप चौहान एसुभाष श्रीवास्तव एकेण्केण्वर्मा जीएमाधुरी सिंहएरेणु अग्निहोत्री हितेश श्रीवास्तव डॉण्नितिन चौधरी अभिषेक सिंह जी राहुल तिवारी एराहुल शुक्ला रवि राहुल सविता पंकज सविता अंकित बाजपेईएदुर्गेश शुक्ला सहित अन्य क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

नागर मिल के अर्जुन पार्क पार्क में यह होंगी सुविधाएं उन्होंने बताया कि पार्क लोगों के सुबह शाम टहलने के लिए पाथवेए बच्चों के मनोरंजन के लिए झूलेए पर्यावरण व सुंदरता के लिहाज से फूल पत्ती व अन्य प्रकार के पौधे और घास तैयार कराई गई है। लोगों के बैठने के लिए बेंचए प्रकाश के लिए आकर्षक लाइटों का प्रबंध किया गया है। इसके अलावा पार्क की सुरक्षा के लिए बाउंड्रीवाल और ग्रिल गेट आदि बनाया गया है। पार्क की पांच वर्ष की देखरेख के लिए भी कार्यदायी संस्था को जिम्मेदारी गई है।

महिला के घर से 8 लाख के जेवरात नकदी चोरी

उन्नाव गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में चोरों ने एक महिला के घर को निषाना बनाया। जाजमऊ चौकी के 16 बीघा इलाके में हुई इस चोरी में करीब 8 लाख रुपये के जेवरात और नकदी चोरी हो गई। पीड़िता सलमा बानो शुक्रवार को सुबह 11 बजे जरूरी सामान लेने बाजार गई थी। घर में कोई नहीं था और दरवाजे पर ताला लगा था। शुक्रवार की रात करीब 10 बजे लौटने पर उन्होंने देखा कि दरवाजे पर ताला टूटा हुआ था। अंदर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोर करीब दो तोले का सोने का हारए चैनए झुमकेए बिछुए और पांच अंगूठियां ले गए। इसके अलावा टीकाए पायलए चूड़ियां कंगनए सोने का ब्रेसलेट और 10ए000 रुपये नकद भी चोरी कर ले गए। यह देख सलमा बानो बेहोश हो गई। पड़ोसियों ने उन्हें होश में लाया और पुलिस को सूचना दी। गंगाघाट कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का मुआयना किया। फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच कर रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस क्षेत्र में पहले भी चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं।

प्रदेश में चौथा लाने वाली आस्था बोली.आइपीएस अफसर बनेंगे

स्वतंत्र भारत संवाददाता उन्नावरू उत्तर प्रदेष माध्यमिक षिक्षा परिषद ;यूपी बोर्डद्ध की परीक्षा परिणामों ने इस बार फिर उन्नाव को गौरवान्वित किया है। जिले के तीन छात्रों ने न सिर्फअच्छे अंक हासिल किएए बल्कि अपने कठिन संघर्ष ए मेहनत और समर्पण से यह साबित कर दिया कि हालात चाहे जैसे भी होंए अगर इरादे मजबूत हों तो हर मंजिल पाई जा सकती है। पतिराजा महिपाल पाल इंटर कालेज की दो बेटियां आस्था पटेल और आरोही सिंह और लक्ष्मी नारायण पब्लिक स्कूल के छात्र अभय पाल ने जिले का नाम रोशन किया है। उन्नाव में कक्षा 10वीं में परीक्षाफल 91ण्53 प्रतिशत रहा है। आस्था पटेलः पिता की मौत के बाद भी नही टूटीए बनी प्रदेश की टापरों में एक पतिराजा महिपाल पाल इंटर कालेज की छात्रा आस्था पटेल ने यूपी बोर्ड की 10वीं की परीक्षा में 97ण्33प्रतिशत अंक हासिल कर प्रदेश में चौथा स्थान प्राप्त किया है। आस्था की इस सफलता के पीछे एक प्रेरणादायक संघर्ष की कहानी है। कुछ साल पहले उनके पिता का निधन हो गया थाए तब वह बहुत छोटी थी। जीवन का यह सबसे बड़ा झटका थाए लेकिन उनकी मां ने हार नहीं मानी। आस्था का कहना है कि पापा के जाने का बाद मम्मी ने बहुत मेहनत की। उन्होंने ही मुझे पढ़ाया और कभी मेरी पढ़ाई में कोई कमी न हीं आने दी। मेरे चाचा ने भी हर तरह से सहयोग किया। पढ़ाई के प्रति आस्था की लगन इतनी थी कि वह रोज 5से 6 घंटे नियमित रूप् से पढ़ाई करती थी। वह कहती है कि मैं अपनी सफलता का पूरा श्रेय अपनी मां चाचा और अपने स्कूल के शिक्षकों को देना चाहती हूं। उन्होंने मुझे कभी हारने नहीं दिया। अब आस्था का सपना है कि सिविल सर्विसेज की तैयारी करें और समाज में बदलाव लाने वाली एक अधिकारी बनें। उनके आत्मविश्वास और समर्पण को देखकर यह तय है कि वह भविष्य में भी जिले के नाम रोशन करेंगी। वह पढ़ाई कर आईपीएस अफसर बनना चाहती हैं।

आरोही सिंहः सिविल सर्विस का सपना और मजबूत हौंसलाः उसी कालेज की एक और होनहार छात्रा आरोही सिंह ने भी अपनी मेहनत से मिसाल कायम की है। आरोही ने 600में से 575 अंक प्राप्त किए हैं। वह भी अपने परिवार के सहयोग और शिक्षकों के मार्गदर्शन को अपनी सफलता का आधार मानती है। आरोही बताती हैं कि मैंने कई कई घंटे पढ़ाई की। कभी कभी तो देर रात तक जागकर पढ़ाई करनी पड़ती थी। लेकिन मुझे पता था कि मेहनत ही आगे का रास्ता खोलेगी। आरोही का सपना भी सिविल सर्विस में जाने का हैए ताकि वह समाज के लिए कुछ कर सके। उनके अनुसार मेरे माता पिता और भाई बहनों ने हमेशा मेरा हौसला बढ़ाया है। जब थक जाती थी तो वे ही मुझे फिर से प्रेरित करते थे। आरोही का आत्मबल और उनकी स्पष्ट सोच यह दर्शाती है कि वह अपने लक्ष्य को जरूर हासिल करेंगी।

अभय पालः अफसर बनने का सपना लिए मेहनत की राह पर लक्ष्मी नारायण पब्लिक स्कूल के छात्र अभय पाल ने भी 600 में से 575 अंक अर्जित कर यह दिखा दिया कि सपनों को सच करने के लिए किसी विशेष संसाधन की नहीं बस मेहनत और इच्छाशक्ति की जरूरत होती है। अभय एक साधारण परिवार से आते हैं लेकिन उनका सोचने का नजरिया असाधारण है। अभय कहते हैं कि मैं एक अफसर बनना चाहता हूं मुझे लगता है कि अगर पढ़ाई पर ध्यान दूं और लगातार मेहनत करता रहूं तो कोई भी मुझे इस रास्ते से रोक नहीं सकता। अभय का यह विश्वास उन्हें दूसरों से अलग करता है। उन्होंने आगे बताया कि उनके शिक्षक और माता पिता का योगदान उनके लिए अमूल्य है। जब भी कोई विषय समझ नहीं आता था तो शिक्षक घंटो समझाते थे। मेरे माता.पिता ने मुझे हर परिस्थिति में पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। इन तीन छात्रों की कहानियां केवल परीक्षा पास करने की नहीं है बल्कि यह जीवन में मुश्किल हालातों के सामने अडिग रहने की मिसालें हैं। जहां एक और आस्था ने अपने पिता के न होने के बावजूद खुद को कमजोर नहीं होने दिया। वहीं आरोही और अभय ने सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े सपने देखे और उन्हें पूरा करने के लिए निरतंर प्रयास किया। इनकी मेहनत और सफलता से न सिर्फ उनके परिवार और बल्कि पूरा उन्नाव जिला गर्व महसूस कर रहा है। ये तीनों छात्र.छात्राएं आज के युवाओं के लिए एक प्रेरणा हैं कि अगर हौसले बुलंद हों और मंजिल पर यकीन हो तो कोई भी रास्ता मुश्किल नहीं होता है।

कानपुर हाइवे पर हादसा

उन्नाव जिले के लखनऊ.कानपुर हाइवे पर अजगैन थाना क्षेत्र में एक बाइक ने पीछे से आटो को टक्कर मार दी। बाइक पर सवार दिलीप अपने परिवार के साथ बच्ची की दवा लेने उन्नाव जा रहे थे। हादसे में दिलीप के पैर में चोट आई। उनके बच्चों के सर में भी चोटें आईं। दिलीप नब्बी गांव के रहने वाले हैं और थाना अजगैन क्षेत्र में रहते हैं। घटना के बाद दिलीप ने तुरंत पुलिस आपातकालीन सेवा 112 को सूचना दी। मौके पर पहुंची 112 की टीम ने घायलों को तत्काल नवाबगंज सीएससी में इलाज के लिए भर्ती कराया। फिलहाल सभी घायलों का इलाज जारी है।

जेल में बंद दो बंदियों ने सेकेंड डिवीजन में इंटर किया उत्तीर्ण

जेल की चहारदीवारी में जगा शिक्षा का उजालाए डिप्टी जेलर ने दी शुभकामनाएं

स्वतंत्र भारत संवाददाता उन्नावरू जेल की सलाखों के पीछे कैद जिंदगी को नई दिषा देने की कोषिष में दो बंदियों ने मिसाल पेष की है। उन्नाव जिला कारागार में निरुद दो विचाराधीन बंदियों ने इंटरमीडिएट परीक्षा में सफलता प्राप्त कर यह साबित कर दिया कि इच्छाषक्ति हो तो किसी भी परिस्थिति में षिक्षा की लौ जलाई जा सकती है। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के सकहन गांव निवासी संदीप विष्वकर्मा पुत्र अनिल कुमार और सदर कोतवाली क्षेत्र के मनोहरनगर राजेपुर गांव निवासी अनुज रावत पुत्र संतोष ने यूपी बोर्ड की इंटरमीडिए परीक्षा में दितीय श्रेणी में सफलता प्राप्त की है। संदीप ने 53ण्2 फीसद अंक प्राप्त किए हैं। वहीं अनुज को 48ण्4 प्रतिशत अंक मिले हैं। डिप्टी जेलर प्रभाकांत पांडेय ने बताया कि दोनों बंदियों को सफलता के लिए शुभकामनाएं दी गई हैं और मिठाई खिलाकर उनका हौसला बढ़ाया गया। उन्होंने कहा कि यह सफलता सिर्फ परीक्षा पास करने की नहीं बल्कि आत्मविकास की दिशा में एक बड़ा कदम है। जेल प्रशासन द्वारा नियमित कक्षाएं और अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराए जाने से इन बंदियों को पढ़ाई में सहायता मिली। बताते चलें कि संदीप विश्वकर्मा चोरी के कई मामलों में 2023 से जेल में निरुद् है जब कि अनुज रावत 2022 से दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट के मामले में कोर्ट के आदेश पर जेल में बंद है। बावजूद इसके दोनों ने जेल के वातावरण में रहकर अपनी पढ़ाई जारी रखी और मेहनत के बल पर सफलता हासिल की। जेल प्रशासन का कहना है कि ऐसे प्रयास न केवल बंदियों को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक होते हैं बल्कि समाज में उनकी पुनर्स्थापना की संभावनाएं भी बढ़ाते हैं। शिक्षा से उनका आत्मविश्वास बढ़ता है और वे भविष्य में अपराधमुक्त जीवन जीने की प्रेरणा लेते हैं। संदीप और अनुज यह उपलब्धि अन्य बंदियों के लिए भी एक प्रेरणा बन सकती है। जेल प्रशासन ने आगे भी ऐसे प्रयासों को बढ़ावा देने का संकल्प लिया है। ताकि अधिक से अधिक बंदी शिक्षा के माध्यम से अपने जीवन की दिशा बदल सकें।

कानपुर देहात समाचार

जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत सचिवालय बारा में आयोजित फार्मर रजिस्ट्री शिविर का किया निरीक्षण, दिये निर्देश

किसान भाई अपनी फार्मर रजिस्ट्री आईडी कैंप में जाकर अवश्य बनवाएं जिलाधिकारी फार्मर रजिस्ट्री का कार्य 30 अप्रैल तक करें पूर्ण

माती कानपुर देहात जिलाधिकारी आलोक सिंह द्वारा आज विकास खंड अकबरपुर के अंतर्गत ग्राम पंचायत सचिवालय बारा में आयोजित फार्मर रजिस्ट्री शिविर का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने कैंप में ग्राम पंचायत सचिव एवं राजस्व कर्मचारी के द्वारा किए जा रहे ईण्केवाईसी एवं फार्मर रजिस्ट्री आईडी के सम्बंध में जानकारी प्राप्त की। फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाने के क्रम में आ रही कठिनाई के संबंध में भी जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के अन्य राजस्व ग्रामों में भी फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाने का कार्य जारी है। पूरी प्रक्रिया में 2.3 मिनट का समय लगता है। उन्होंने सभी किसान बन्धुओं से अपील कीए कि किसान भाई अपनी फार्मर रजिस्ट्री आईडी बनाने के लिए अपने ग्राम सचिव से पूछ कर आयोजित कैंप में अवश्य भाग लेंए ताकि अपनी फार्मर रजिस्ट्री आईडी आसानी से बनवा सकें और इसके तहत मिलने वाले लाभ से लाभान्वित हो सकें। जिलाधिकारी ने कहा कि फार्मर रजिस्ट्री हेतु अंतिम तारीख 30 अप्रैल 2025 हैए जिससे पहले समस्त कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री पूर्ण हो जानी चाहिए अन्यथा की दशा में समस्त सबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने ग्राम पंचायत सचिव को निर्देशित किया कि गांव के व्यक्तियों को चिन्हित कर फोन कॉल के माध्यम से सूचित करें यदि आवश्यक हो तो स्थान चिन्हित कर फार्म रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण करें। उन्होंने संबंधित कर्मियों से फार्मर रजिस्ट्री के कार्य को सुचारु रूप से सम्पन्न कराने जाने के संबंध में भी विभिन्न निर्देश दिये। उन्होंने ग्राम प्रधान संतोष कुमार गौतम को भी इस कार्य में पूर्ण सहयोग दिए जाने हेतु निर्देशित किया। इस मौके पर तहसीलदार सदर पवन कुमारए ग्राम सचिव बोस्की शर्मा सहित ग्राम प्रधान संतोष कुमार गौतमए अन्य कर्मचारी व कृषक उपस्थित रहे।

औरैया डीएम से विधायक महेश त्रिवेदी ने की मुलाकात विकास पर हुई चर्चा

माती कानपुर देहात प्रदेश की राजनीति में युवा हृदय सम्राट के नाम से चर्चित कानपुर महानगर की किदवई नगर विधानसभा के लोकप्रिय भाजपा विधायक प्रदेश सरकार के पूर्व राज्य मंत्री महेश त्रिवेदी शनिवार को औरैया के जिलाधिकारी इंद्रमणि त्रिपाठी सम मुलाकात करने उनके कार्यालय पहुंचेए पुष्पगुच्छ भेंट कर श्री त्रिवेदी द्वारा जिलाधिकारी से उनकी कुशलता की जानकारी ली गई इस दौरान अनेकों गंभीर मामलों पर विशेष चर्चा भी हुई।।।।

बताते चलें कि औरैया जिले के तेजतर्रार जिलाधिकारी इंद्रमणि त्रिपाठी की कड़क कार्य शैली पूरे प्रदेश में लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी रहती है विधायक महेश त्रिवेदी से अपनी बेहद ही नजदीकियां होने के चलते शनिवार को उनकी मुलाकात हुई पुष्पगुच्छ भेंट कर श्री त्रिवेदी द्वारा जिलाधिकारी को सम्मानित किया गया इस दौरान विधायक द्वारा स्थानीय स्तर के कई गहन मुद्दों पर जिलाधिकारी से आवश्यक मंत्रणा की गई जिस पर जिलाधिकारी द्वारा उन्हें पूर्ण आश्वासन दिया गया कि शासन और सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य करते हुए और यह जनपद को विकास के बुलंदियों पर पहुंचना उनकी प्राथमिकता हैए इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष भुवनेश गुप्ता विधायक श्री त्रिवेदी के प्रतिनिधि क्षेत्र पंचायत सदस्य शिवाकांत मिश्रा नगर पालिका झींझक के अध्यक्ष अमित तिवारी गणेश तिवारी रामचंद्र तिवारी आशीष त्रिपाठी पवन द्विवेदी राहुल शुक्ला अर्पित त्रिपाठी सत्यम शुक्ला मिहिर मिश्रा रोहित मिश्रा गोविंद मिश्रा सहित अनेकों लोग मौजूद रहे।

भैंसों ने स्कूल की तोड़ी बॉउंड्री एसडीएम ने मालिक की खबर

प्रेरणा एप के 17 बिंदुओं की जांच करने एडीएम गए थे पाराचांद

घाटमपुर। शनिवार को एसडीएम अबिचल प्रताप सिंह ने नगर के प्राथमिक विद्यालय प्रथम व ग्रामीण क्षेत्र के पारा चांदए कुतुबुद्दीन पुरए रामपुर तथा निहूरा आदि गांव में चल रहे प्राथमिक विद्यालयों का निरीक्षण किया। प्रेरणा एप के 17 बिंदुओं की जांच में मिली खामियों को प्रेरणा ऐप में दर्ज किए जाने के साथ आवश्यक दिशा निर्देश दिए।इस दौरान उन्होंने मध्याह्न भोजन भी चखकर भी देखा। वहीं पारा चांद में स्कूल की बॉउंड्री गिरी देख पहुंचे एसडीएम ने बगल में रहने वाले पशुपालक को बुलाकर नाराजगी जताने के साथ कहा कि भैंसे द्वारा तोड़ी गई बाउंड्री या तो बनवा दें या फिर कार्यवाही के लिए तैयार रहें। वहीं बाउंड्री के अन्दर तीन युवकों को घूमता देख जब एसडीएम ने उन्हें बुलाया तो वह कार्यवाही के डर से बाउंड्री फांद कर भाग गए।एसडीएम अबिचल प्रताप सिंह ने बताया स्कूल की बॉउंड्री तोड़ा जाना गलत है। पशुपालक से तोड़ी गई बाउंड्री बनवाने को कहा गया है। साथ ही सजे ती थाना प्रभारी से कहा गया कि बॉउंड्री न बनवाने पर वह कार्यवाही करें।प्रेरणा एप के 17 बिंदुओं की जांच में मिली खामियों में सुधार लाने को कहा गया है।

सर्वसम्मति से पास हुआ पालिका का 25 करोड़ का बजट

घाटमपुर। शनिवार को नगर पालिका परिषद के सभागार मे वित्तीय वर्ष 2025.26 का बजट सभासदों की तीखी नोंक झोंक के बीच पास।बैठक पालिकाध्यक्ष श्रीमती गजाला तबस्सुम की अध्यक्षता में एक बार फिर सर्व सम्मति से पास होने पर उन्होंने सभासदों को बिना भेद भाव के विकास कार्य कराए जाने का भरोसा दिया। बैठक का संचालन अवर अभियंता अभिषेक यादव द्वारा किया गया।बजट बैठक शुरू होते ही सभी सभासदों द्वारा एक साथ वार्ड कुष्माण्डा नगर स्थिति मडपम्प मे खुले कार्यालय को बंद कराने की मांग रखी गयी। जिस पर अध्यक्ष के निर्देश पर मडपम्प पर ताला लगवाए जाने के बाद ही बजट बैठक शुरू करायी जा सकी।बजट बैठक में अवर अभियंता द्वारा वित्तीय वर्ष 2024.25 मे आय.व्यय का विवरण रखा गयाए बोर्ड को अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2024.25 में पालिका को विभिन्न मदों एवं अनुदान से कुल आय रूपए 20ए52ए21ए890.00 हुई और विभिन्न मदों में व्यय रूपए12ए98ए85ए814त्र00 हुई। वही वित्तीय वर्ष 2025.26 मे पालिका को विभिन्न मदो एवं अनुदान से रूपए 25ए78ए78ए080.00 अनुमानित आय एवं रूपए होने की सम्भावना है एवं विभिन्न मदों में रूपए 27ए17ए07ए878.00 अनुमानित व्यय होने की सम्भावना है। जिसमें पालिका की बुनियादी समस्याओं को इण्टर लांकिग सड़कए जलनिकासीए पेयजलए मार्गप्रकाशए की समस्या के निराकरण के लिए बजट की व्यवस्था की गयी है। नगर पालिका परिषद द्वारा वित्तीय वर्ष 2025.26 हेतु प्रस्तुत बजट को बोर्ड द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया। बजट बैठक के अंत में 22ण्04ण्2025 को जम्मू कश्मीर के पहलगाम शहर में हुए आतंकवादी हमले में शहीद व्यक्तियों को श्रद्धांजलि देकर बैठक समाप्त की गयी।बैठक मे वरिष्ठ सभासद ज्ञान सिंह सचानए विवेक शुक्लाए राकेश तिवारीएउबैश अहमद उर्फ लालाएमो0 शाहिद खॉए मुकेश दीक्षितए अमर दीप सिहए जीतेन्द्र सिंहए विजय कुमारए निजामुद्दीनए मो0 हासिमए राजेश कुमार कुटारए मो0 शाहबानए तकी हैदरए सुल्तान शेखए श्रीमती मंजुलाए श्रीमती लक्ष्मीए श्रीमती शशी शर्माए श्रीमती रीना देवीए श्रीमती रीतू सिंहए श्रीमती ममता साहूए श्रीमती तरानाए श्रीमती सबीना खातून आदि सभासद उपस्थित रहे।

बिजली के खंभे चिपक कर म भैंस की मौत

घाटमपुर। नगर के पचखुरा वार्ड में पानी की टंकी के पास लगे बिजली के खंभे में उतरे करेंट की चपेट में आकर एक भैंस की मौत हो गई। इससे पहले भी एक गाय की करेंट की चपेट में आकर मौत होने के बाद भी विद्युत विभाग के न चेतने पर भैंस मालिक ने थाने पहुंचकर घटना की तहरीर दी। सन्नी पत्नी कामिल ने पुलिस को बताया कि उसकी भैंसे चर रही थी। तभी शाम करीब 6 बजे के आस पास पानी की टंकी के पास बिजली विभाग के टूटे तारो की वजह से 2 खम्भ में करन्ट आ गया। जिसमें उसकी भैंस चिपक कर मर गयी। उसने पुलिस को आगे बताया कि इससे पूर्व भी एक गाय की भी खम्भे चिपक कर मौत हो चुकी है। भैंस मालिक ने बिजली विभाग पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए पुलिस से मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है। थाना प्रभारी धनंजय कुमार पांडेय ने बताया कि मामले ाप जांच की जा रही है।

चेन व मोबाइल लूटेरों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

कानपुर। सरेराह मोबाइल व चेन लूट करने वाले तीन शातिर बदमाशों को हरबंशमोहाल पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इलाके में रहने वाले तीन लड़कों ने मिलकर लूटपाट की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने सीसीटीवी की मदद से आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

एडीसीपी ईस्ट मनोज कुमार पांडेय ने प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि एक निजी कंपनी में काम करने वाला अंश कूपर 24 अप्रैल की रात को एक्सप्रेस रोड पर कंपनी के पोस्टर लगा रहा था। इस दौरान तीन युवक आए और गाली-गलौज के साथ मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद उसकी जेब से मोबाइल, रुपए और गले से चेन लूट ले गए थे। पीड़ित अंश कपूर ने पुलिस को सूचना दी थी। मामले की जांच कर रही हरबंशमोहाल पुलिस ने सर्विलांस की मदद से और लूटे हुए मोबाइल के एक्टिव होते ही 24 घंटे के भीतर लूटपाट करने वाले तीनों शातिरों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में तीनों ने अपना नाम सुतरखाना हरबंशमोहाल निवासी बिरजू उर्फ उमर, सुतरखाना हरबंशमोहाल निवासी हरसु उर्फ अर्श और केला वाला हाता मथुरी मोहाल हरबंशमोहाल निवासी राज खान बताया। पुलिस ने लूट का मोबाइल और चेन भी बरामद कर ली है। इसके बाद तीनों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

दो किलो चरस के साथ तीन शातिर गिरफ्तार

कानपुर। चमनगंज पुलिस ने तीन शातिरों को लगभग दो किलो चरस के साथ गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान आरोपियो के पास से एक पिस्टल भी बरामद हुई है।

डीसीपी क्राइम एसएम कासिम आबिदी ने बताया कि जानकारी मिली कि बाबा बिरयानी वाली गली में एक घर के अंदर तीन लोग चरस के साथ मौजूद है। चमनगंज पुलिस, क्राइम ब्रांच व स्वाट टीम ने उस मकान में छापेमारी की। जिसमें हलीम कॉलेज चौराहा चमनगंज निवासी रियाज, हुमायूंबाग निवासी इमरान और गरिमापुस संग्रामपुर मोतीबारी बिहार निवासी अरमान अंसारी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से पुलिस को 2.460 किलो चरस, एक पिस्टल, तीन कारतूस, तीन मोबाइलऔर 2500 रुपए नगद बरामद हुआ है। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने बताया कि बिहार से चरस लाई गई थी। इंस्पेक्टर चमनगंज संजय राय ने बताया कि आरोपी बल्क में चरस सप्लाई नहीं करते थे, बल्कि यह फुटकर में 50, 100 व 150 ग्राम के पुड़िया में बेचते थे। इनके पास तय लोग थे, जो माल खरीदते थे। आरोपियों का ज्यादातर माल नाला रोड, बजरिया और कर्नलगंज क्षेत्र में बिकता था। डीसीपी क्राइम के मुताबिक आरोपियों के अपराधिक इतिहास का पता लगाया जा रहा है।

गौशाला निर्माण में देरी होने पर कार्यदायी संस्था को किया गया ब्लैक लिस्टेड

■ डीएम ने की सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक

कानपुर। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने नवीन सभागार में सीएम डैशबोर्ड के अंतर्गत विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक की। इस दौरान शादी अनुदान योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, पशुओं के टीकाकरण, कृषि, शिक्षा, पिछड़ा वर्ग कल्याण, लोक निर्माण समेत अन्य विभागों की प्रगति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने दिए कि जिन विभागों ने अब तक वार्षिक लक्ष्य की प्राप्ति नहीं की है, वे पिछले वर्ष के कुल लक्ष्य का 20 प्रतिशत जोड़कर नया लक्ष्य निर्धारित करें और उसे 12 माह में विभाजित कर मासिक लक्ष्य सुनिश्चित करें। इसी आधार पर लाभार्थियों को लाभान्वित करने की प्रक्रिया शुरू की जाए। जिलाधिकारी ने वृहद गोशाला निर्माण कार्य में विलंब पूर्ण कराने पर कार्यदायी संस्था यूपीसीएलडीएसएफ को ब्लैकलिस्ट करने एवं अधिशासी अभियंता के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी खंड विकास अधिकारियों द्वारा अपने-अपने ब्लॉकों में प्रत्येक माह 30 निराश्रित गोवंशों को संरक्षित करने एवं मुख्यमंत्री सहभागिता योजना के तहत कम से कम 40 गोवंश सुपुर्द कराने की कार्रवाई करें। जिलाधिकार ने अपर नगर आयुक्त को निर्देश दिए कि उनके द्वारा भी प्रति माह 100 निराश्रित गोवंशों को संरक्षित किया जाए। नगर पालिका परिषद बिल्हौर, घाटमपुर और नगर पंचायत बिठूर व शिवराजपुर को निर्देश दिए कि उनके द्वारा भी प्रत्येक माह 25 गोवंशों को अपनी अपनी गौशालाओं में संरक्षित किया जाए। जिसकी मासिक समीक्षा जिला पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा की जाए। जिलाधिकारी ने दिव्यांगजनों के आधार लिंकिंग संबंधी प्रगति पर असंतोष जताते हुएए जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया गया कि सभी लंबित प्रकरणों का आज ही सत्यापन कराया जाए। जनपद की रैंकिंग पर असर डाल रही 10 लंबित परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने प्रमुख सचिव को पत्र भेजने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

होटल की पहली मंजिल से गिरकर छात्र की संदिग्ध हालात में मौत

कानपुर। एक होटल की पहली मंजिल से गिरकर बीए के छात्र की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। परिवार के लोगों ने छात्र के दोस्तों पर हत्या का आरोप लगाते हुए हरबंशमोहाल थाने में तहरीर दी है। होटल के सीसीटीवी फुटेज से भी पुलिस को अहम साक्ष्य मिले हैं। घटना हरबंश मोहाल थाना क्षेत्र की है।

नौबस्ता खाड़ेपुर निवासी शिवा गौतम बीए सेकेंड ईयर का छात्रा था। मृतक के बुआ के बेटे सौरभ ने बताया कि शुक्रवार रात को शिवा के दो दोस्त सौरभ सैनी और अभिषेक सविता घर आए थे। इसके बाद शिवा दोनों दोस्तों के साथ चला गया था। देर रात 3.30 बजे सूचना मिली कि हरबंश मोहाल के एक होटल से गिरकर शिवा गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। उन्हें पुलिस की मदद से हैलट के आईसीयू में एडमिट कराया गया है। शनिवार सुबह इलाज के दौरान शिवा ने दम तोड़ दिया। सौरभ ने बताया कि हम लोगों ने होटल जाकर देखा तब पता चला कि तीनों दोस्त रात 12 बजे होटल में पहुंचे थे। इस दौरान शिवा का दोनों दोस्तों से झगड़ा हुआ और संदिग्ध हालात में खिड़की से गिरकर मौत हुई है। होटल के कमरे की मेज का ग्लास टूटा था और पूरा सामान अस्त-व्यस्त हालत में पड़ा हुआ था। परिवार के लोगों ने हत्या की आशंका जताते हुए हरबंशमोहाल थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने मौके से दोनों दोस्तों को हिरासत में लिया है। डीसीपी ईस्ट श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि युवक शिवा की होटल के पहली मंजिल से गिरकर मौत हुई है। मौके पर पुलिस और फॉरेसिक टीम जांच करने पहुंची थी। दोनों संदिग्ध दोस्तों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

ब्लैक स्पॉट व हादसों में कमी लाने को लेकर हुआ मंथन

■ स्कूली वाहनों पर अंकित किए जाए मोबाइल न.
■ मिश्रिख सांसद की अध्यक्षता में नवीनसभागार में हुई बैठक

कानपुर। शनिवार को सरसैया घाट स्थित नवीनसभागार में मिश्रिख सांसद अशोक रावत की अध्यक्षता में लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत कराए गए कार्यो को लेकर बैठक की गई। बैठक में विधायक सुरेंद्र मैथानी, विधायक सरोज कुरील, विधायक राहुल बच्चा सोनकर मौजूद रहे। बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा सुझाव दिये किए गए। जिस पर जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने संबंधित विभागों को कार्रवाई हेतु निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कानपुर-सागर मार्ग पर ब्लैक स्पाटों को चिन्हित कर दुर्घटनाओं की संख्या में कमी लाने के निर्देश दिये। जिसमें एनएचएआई के अधिकारियों ने बताया कि ब्लैक स्पाटों पर साईन बोड, सेन्ट्रल लाईन रम्बल स्ट्रिप आदि का सुधार कार्य करा दिया गया है तथा जहाँ पर जमीन उपलब्ध है वहाँ पर मार्ग के चौड़ीकरण हेतु आगणन गठित कर उच्चाधिकारियों को प्रेषित किया जा चुका है। जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि आगणन की स्वीकृति कराकर कार्य को शीघ्र कराये तथा परिवहन व पुलिस विभाग को स्कूली वाहनों पर स्कूल के मोबाईल नं0 अंकित कराये व ओवर स्पीड व बेतरकीब वाहन चालकों का चालान किया जाये। इसके अलावा अधिशासी अभियन्ता सिंचाई विभाग को सीटीआई नहर को पक्का कराये जाने हेतु एनओसी जारी किये जाने हेतु निर्देश दिये गये।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन, सहायक पुलिस उपायुक्त अर्चना सिंह, सहायक मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लोनिवि के अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड-2, लोनिवि, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई विभाग, अधिशासी अभियन्ता पीएमजीएसवाई, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता केस्को, अधिशासी अभियन्ता नगर निगम, कानपुर एनएचएआइ एवं भूगर्भ जल विभाग आदि अधिकारी उपस्थित रहें।

आतंकी हमले शहीद शुभम के परिजनों से मिले विधायक

कानपुर। पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीद शुभम द्विवेदी के पैतृक गांव हाथीपुर में सपा विधायक अमिताभ बाजपेई ने परिवार से मुलाकात की। उन्होंने शुभम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। विधायक बाजपेई ने परिवार से मिलते ही भावुक होते हुए सरकार से आतंकवाद के खिलाफ ठोस कदम उठाने की मांग की। उन्होंने परिवार को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। घटना के चार दिन बाद भी शुभम के पैतृक गांव में शोक का माहौल है।

खबर एक नजर

चलती बाइक में लगी आग, युवक को कूदा

कानपुर। बर्रा थाना क्षेत्र के जनता नगर पुलिस चौकी के पास शनिवार दोपहर को एक चलती बाइक में अचानक आग लग गई। बाइक में आग लगते ही युवक ने तुरंत कूदकर अपनी जान बचाई। बाइक सड़क के बीचोंबीच आग का गोला बन गई। आग की ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं। वहां मौजूद कुछ लोगों ने बाइक में लगी आग को बुझाने के लिए मिट्टी डालने की कोशिश की, लेकिन उनके प्रयास नाकाम रहे। बाइक पूरी तरह जलकर खाक हो गई।

नेत्रहीन छात्रों पर हुए लाठी चार्ज का राविपा ने की निंदा

कानपुर। चित्रकूट स्थित रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय में नेत्रहीन छात्रों पर हुए लाठीचार्ज की राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने निंदा की है। राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय के सुरक्षा कर्मियों ने नेत्रहीन छात्रों पर लाठीचार्ज किया। यह मानवाधिकारों का उल्लंघन है। उन्होंने विद्यालय प्रशासन को संवेदनहीन बताया। उन्होंने बताया कि छात्र अपनी मांगों को लेकर प्रशासन से अनुरोध कर रहे थे। पार्टी द्वारा रविवार को धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा जाएगा। दोषियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की जाएगी। बैठक में महिला मोर्चा अध्यक्ष अल्पना कुमारी, जिला अध्यक्ष राहुल कुमार, मंडल अध्यक्ष अशोक कुमारए वैभव दीक्षित और गुड्डी दीक्षित समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

अतिक्रमण एवं अवैध विज्ञापनों के खिलाफ चला अभियान

कानपुर। अवैध अतिक्रमण व विज्ञापनों के खिलाफ नगर निगम का अभियान जारी है। इसी क्रम में शनिवार को नगर निगम सीमान्तर्गत जोनल अधिकारी जोन-2 के नेतृत्व में आवास विकास हंसपुरम स्थित समाधि पुलिया से एसजे पुलिया तक अतिक्रमण अभियान चलाते हुये 22 अवैध झुग्गी-झोपडी तथा 5 पक्के अवैध निर्माण को हटाया गया ।इसके साथ ही शहर के सभी जोनों में अवैध एवं अनाधिकृत रूप से प्रतिस्थापित विज्ञापन-पटों को हटाया गया। अभियान में 450 क्यास्क, 45 बिल बोर्ड व 25 रोड क्रास बैनर एवं रावतपुर, पीरोड व कम्पनी बाग में स्थित 3 होर्डिंग कुल-523 अवैध विज्ञापन पटों को हटाया गया।

बीएनएसडी शिक्षा निकेतन में आज लगेगा विशाल स्वास्थ्य शिविर

■ रोटरी क्लब कानपुर सेंट्रल व पारस हेल्थ के तत्वावधान में होगा कार्यक्रम

कानपुर। आगामी 27 अप्रैल को बेनाझाबर स्थित बीएनएसडी शिक्षा निकेतन में रोटरी क्लब कानपुर सेंट्रल और पारस हेल्थ के तत्वावधान में एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का उद्देश्य है कि समाज को स्वस्थ्य रखने के लिए समय-समय पर निःशुल्क प्राथमिक जांच की सुविधा प्रदान की जाए, जिससे भविष्य में होने वाली बड़ी बीमारियों से लोगों को बचाया जा सके। यह जानकारी डॉ अवध दुबे ने दी। डॉ दुबे ने बताया कि शिविर सुबह 9 से 1 बजे तक आयोजित किया जाएगा। जिसमें कैंसर, हड्डी, ह्दय, नेत्र, स्त्री, बच्चों की जांच, नाक, कान, गला समेत सभी प्रकार जांच अनुभवी डॉक्टरों द्वारा की जाएगी। वहीं संतनु सरकार हेड-कार्पोरेट कम्युनिकेशन एंड मार्केटिंग पारस हेल्थ ने कहा कि समाज की भलाई के लिए सुलभ स्वास्थ्य अत्यंत आवश्यक है। इसी सोच के तहत रोटरी क्लब कानपुर सेंट्रल के साथ विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह केवल मुफ्त सेवा तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य है कि हर व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं आसानी से पहुंच सके। उन्होंने कहा कि शिविर में जांच किए गए पॉजीटिव मरीजों को पारस हॉस्पिटल और पारस सिटी क्लीनिक में एक निशुल्क परामर्श की सुविधा भी प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब कानपुर सेंट्रल और पारस हेल्थ इस तरह के सेवा कार्यक्रम आगे भी जारी रखेंगे।

बच्चों ने पेंटिंग के माध्यम से बनाई पृथ्वी की आकृति

कानपुर। सप्ताह की शुरुआत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता से हुई, जिसमें विभिन्न कक्षाओं के बच्चों ने भाग लिया। उन्होंने पृथ्वी की सुरक्षा और प्रदूषण के दुष्परिणामों को कलात्मक ढंग से प्रस्तुत किया। आकर्षक चित्रों और प्रेरक नारों ने न केवल दर्शकों का ध्यान खींचा, बल्कि बच्चों को भी पर्यावरण के प्रति गंभीरता से सीबने पर मजबूर किया। वहीं प्रि- प्राइमरी विंग के बच्चों ने हरे रंग की पोशाक पहनकर वृक्षारोपण अभियान में भाग लिया। साथ ही उन्होंने गुब्बारा पेटिंग के माध्यम से पृथ्वी की आकृति बनाई, जिससे उन्हें खेल-खेल में पर्यावरणीय मूल्यों की शिक्षा मिली। प्राइमरी और सीनियर विंग के बच्चों ने मिलकर स्कूल परिसर में वृक्षारोपण किया। इसके साथ ही बच्चों ने यंग इंडियस की प्रतिनिधि डॉ संजीवनी के साथ एक संवाद सत्र में भाग लिया, जिसमे प्लास्टिक प्रदूषण पर विस्तृत चर्चा हुई। डॉ संजीवनी ने बच्चों को बताया कि प्लास्टिक केवल सार्वजनिक समस्या नहीं, बल्कि व्यक्तिगत जिम्मेदारी भी है। ग्रीन वीक के समापन पर 30 मई को एक विशेष पब्लिक स्पीकिंग प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसका विषय होगा पर्यावरण संरक्षण। यह कार्यक्रम बच्चों को अपने विचारों को प्रस्तुत करने और पर्यावरण संरक्षण में आपनी भूमिका समझने का अवसर देगा।

आज श्री बाला जी महाराज का 9वां धूमधाम से मनाया जाएगा

कानपुर। श्री बालाजी भक्त परिवार समिति के तत्वाधान में श्री बालाजी महाराज का 9वां महोत्सव रविवार को नानाराव पार्क में धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम में भगवान का भव्य दरबार सजा कर छप्पन भोग अर्पित किए जाएंगे। भगवान पर इत्र व पुष्पवर्षा की जाएगी। आयोजक मंडल ने बताया कि महोत्सव में कानपुर समेत विभिन्न प्रदेशों के गायक भजन संध्या में शामिल होंगे। इससे पहले समिति के सदस्यों ने कश्मीर में मारे गए पर्यटकों की आत्मा की शांति के दो मिनट का मौन रखा। संयोजक महंत अनुभव पांडेय ने बताया कि पिछले 9 सालों से बालाजी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस बार 27 अप्रैल को आयोजन किया जाएगा। जिसमें बालाजी महाराज का भव्य श्रंगार कर अद्भुत चोला अर्पित किया जाएगा। इसके साथ ही नृत्य नाटिका, अखंड ज्योति के साथ भंडारे का भी आयोजन होगा। महोत्सव में महिला मंडल की ओर से महारास का आयोजन होगा। जयपुर की गायिका सुरभि चतुर्वेदी, लखनऊ के अंशु पागल, कानपुर के अभिषेक शुक्ला, मुकुल बंधु, देवा शुक्ला प्रभु के मनोरम भजन प्रस्तुत करेंगे। इस मौके पर मुन्ना गुप्ता, ललित मिश्र, नीरज गुप्ता, आकाश शर्मा, विनोद कश्यप, सुरेश साहू, अमित गुप्ता मौजूद रहे।

विश्वविद्यालय ने एक वर्ष में किया 359 पेटेंट व 65 डिजाइन फाइल



कानपुर। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय ने बौद्धिक संपदा के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक के नेतृत्व में विश्वविद्यालय ने विश्व बौद्धिक संपदा दिवस पर एक सप्ताह में 101 पेटेंट और 59 डिजाइन फाइल किए। विश्वविद्यालय ने पिछले एक वर्ष में कुल 359 पेटेंट और 65 डिजाइन फाइल किए हैं। यह उपलब्धि भारतीय विश्वविद्यालयों में अनुसंधान और नवाचार का एक नया मानक स्थापित करती है। विश्व बौद्धिक संपदा दिवस 2025 के अवसर पर विश्वविद्यालय ने दो महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन किया। संबद्ध कॉलेजों के शिक्षकों के लिए फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम और छात्रों के लिए आइडियाथॉन का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों से शिक्षकों और छात्रों को बौद्धिक संपदा अधिकारों की समझ विकसित करने में मदद मिली। आइडियाथॉन में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। क्राइस्ट चर्च कॉलेज की जुही सिंह को प्रथम पुरस्कार के रूप में 10,000 रुपये मिले। स्वास्थ्य विज्ञान विभाग की वर्तिका सचान को द्वितीय पुरस्कार के 6,000 रुपये और होटल प्रबंधन विभाग के शिवांसु सचान को तृतीय पुरस्कार के 4,000 रुपये प्रदान किए गए। यह आयोजन विश्वविद्यालय की नवाचार और रचनात्मकता को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। साथ ही यह शैक्षणिक संस्थानों में अनुसंधान और विकास की नई संभावनाओं को भी प्रेरित करता है।

महिला को सशक्त बनाने हेतु मैरी गोल्ड ने की थी शुरू

कानपुर। ब्रिटानिया मैरी गोल्ड ने हर स्टार्ट-अप शो के सीज़न 2 के लॉन्च की घोषणा की। ग्रुप एम मोशन एंटरटेनमेंट और माइंडशेयर के साथ साझेदारी में लॉन्च किया गया यह शो देश भर की महिला उद्यमियों को समर्पित पहली राष्ट्रीय रियलिटी सीरीज़ है, जो उनके विचारों को प्रदर्शित करने का एक मंच है। ब्रिटानिया के जनरल मैनेजर सिद्धार्थ गुप्ता ने कहा महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने की यात्रा ब्रिटानिया मैरी गोल्ड ने पाँच साल पहले इस साधारण विश्वास के साथ शुरू की थी कि भारत भर में लाखों महिलाओं के पास शक्तिशाली विचार हैं, और उन्हें बस एक ऐसे मंच की आवश्यकता है, जहाँ उनके विचारों को समझा जाए और समर्थन किया जाए। एक राष्ट्रव्यापी प्रतियोगिता के रूप में शुरू हुई यह यात्रा हरस्टोर और अब हर स्टार्ट-अप शो के सीज़न 2 जैसी पहल के साथ एक मज़बूत तंत्र में विकसित हो गई है।

आतंकी हमले के विरोध में पाक के झण्डे को पैरों से रौंदा

कानपुर। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में स्वरूप नगर में लोगों ने पाकिस्तान के झंडे को जमीन पर चिपकाकर पैरों तले रौंद रहे हैं। पाक को लेकर लोगों में गुस्सा भी साफ देखा जा सकता है। लोगों ने पाक के विरोध में झंडे पर पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे भी लिखे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि पाकिस्तान का झंडा जमीन पर इसलिए लगाया है कि उसकी हैसियत हर एक हिंदुस्तानी में उसको सही जगह दिखाई जा रही है।

पहलगाम में हुए हमले के बाद लोगों के मन में इस कदर गुस्सा है कि पाकिस्तान के खिलाफ लगातार नारेबाजी और पुतला फूंक रहे हैं। लोगों ने ये भी कहा कि सरकार इस हमले का बड़ा इंतकाम ले। ताकि हर एक आतंकी और हर एक पाकिस्तानी को ये याद रहे हैं कि भारत की जमीन पर इस तरह की नापाक हरकत करना ठीक नहीं है।

खबर एक नज़र

एमके कालेज के मेधावियों ने किया कालेज का नाम रोशन

भीतरगांव। साढ़ क्षेत्र के मथुरापुर में चल रहे एमके इंटर कालेज में पढ़ने वाले मेधावी छात्र छात्राओं ने एक बार फिर कालेज का नाम रोशन किया।कालेज के प्रबंधक एपी सिंह ने मेधावियों का हौसला बढ़ाया साथ ही परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत होने की बात कही। हाई स्कूल की परीक्षा में जयदीप 91 राहुल 88 विभु 87 भव्या 86 सुरेन्द्र व प्रीति 81 हिमांशु तथा करन अंशिका तथा शिवा ने 80 प्रतिशत अंक पाए वही इंटरमीडिएट में देवेश 80 कन्हैया 79 इशा 78 शिवानी 72 शिवम् मेघनाथ आयुषी लवकुश आयुष अवस्थी तथा विशाल ने 71 प्रतिशत अंक पाकर अपना व कालेज का नाम रोशन किया।

एसएसएम इंटर कालेज में भी रहा जश्न का माहौल

भीतरगांव।अमौर कस्बे के सुखदेव सिंह मेमोरियल इंटर कालेज में भी जश्न का माहौल रहा हाइस्कूल तथा इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत होने का दावा करते हुए प्रिंसिपल धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने मेधावियों के उज्जवल भविष्य की कामना के साथ कालेज का नाम रोशन करने पर खुशी जताई हाइस्कूल की परीक्षा में श्रेयश प्रताप सिंह ने 89.5 कन्हैया सिंह 89.3 अनामिका सिंह ने 88.3 तथा इंटरमीडिएट के देवेश कुमार अवस्थी ने 86.6 ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह 82.6 तथा इशू सिंह ने 82प्र2 प्रतिशत अंक अर्जित कर मेधावी होने का परचम लहराया।

साधना उमा विद्यालय में मेधावियों ने किया नाम रोशन

भीतरगांव। बिरहर क्षेत्र के बेरीखेड़ा स्थित साधना उ मा विद्यालय का बोर्ड परीक्षाओं में दबदबा दिखा प्रबंधक अनिरुद्ध सिंह ने विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत 80 प्रतिशत के ऊपर होने का दावा करते हुए बोर्ड परीक्षाओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले अर्पिता सिंह 93 सोहिल 93 तथा उपेंद्र कुमार ने 89 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय के नाम को बुलंदियों तक पहुंचाया व्यवस्थापक दीपक यादव तथा प्रिंसिपल महेश चंद्र यादव ने समस्त मेधावियों को शुभकामनाएं दी।

आरकेएमएसडी स्कूल के बच्चो का बोर्ड परीक्षा में दबदबा रहा कायम

भीतरगांव। विकासखंड के कस्बा साढ़ स्थित आर के एम एस डी स्कूल के बच्चो का बोर्ड परीक्षा परिणाम में दबदबा कायम रहा प्रिंसिपल सुरेश सिंह यादव ने परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत होने की बात कही कुल पंजीकृत छात्रों में हाइस्कूल से सनद शुक्ला ने 81 आनंद यादव 79 सचिन पाल तथा सृष्टि 77 प्रभात तिवारी तथा अंजली देवी 74 तथा इंटरमीडिएट में 75 प्रतिशत अंक हासिल कर पूनम कुशवाहा तथा साक्षी ने विद्यालय में प्रथम स्थान तथा सौम्या शुक्ला स्वाती सिंह तथा ऋषभ शुक्ला ने 70 प्रतिशत अंक हासिल कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया विद्यालय प्रबंधक हरीश श्रीवास्तव ने मेधावियों के प्रदर्शन पर शुभकामनाएं दी।

कुड़नी के हरे कृष्णा के जी पी इंटर कालेज के मेधावियों ने फहराया परचम

स्वतंत्र भारत संवाददाता भीतरगांव। यू पी बोर्ड परीक्षा में कुड़नी कस्बे के हरे कृष्णा केजीपी इंटर कालेज ने एक बार फिर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बोर्ड परीक्षाओं में शत प्रतिशत परीक्षाफल प्राप्त किया प्रबंधक रामबाबू यादव ने मेधावियों के शानदार प्रदर्शन पर खुशी जताई संचालक अखिलेश सिंह ने बताया कि परीक्षाओं में हाइस्कूल के 56 छात्र सम्मिलित हुए जिसमें ऋषभ पुत्र बबलू ने 95 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान दीक्षा पाल ने 92 प्रतिशत अंक हासिल कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा इंटर परीक्षा में कुल 52 छात्र सम्मिलित हुए जिसमें अनुराग ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान तथा शिवजल गुप्ता ने 86 प्रतिशत अंक हासिल कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया संचालक अखिलेश सिंह तथा प्रिंसिपल महेंद्र सिंह ने बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन पर खुशी जताते सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी।

31 जोड़ों का सर्वजाति सामूहिक विवाह 26 को

भारतीय हिंदू समाज को एक करने के उद्देश्य से तथा गरीब बच्चियों को आर्थिक सहायता के उद्देश्य से दिनांक 26 अप्रैल 2025 को 31 जोड़ों का सामूहिक सर्वजातीय विवाह संपन्न कराया गया जिसमें वर वधू ने यज्ञ कुंड में आहुतियां समर्पित की। आचार्य विनोद कुमार आर्य ने वैदिक मंत्रों के द्वारा वर और वधू के अग्नि के चारों तरफ फेरे लगवाए और उनको सात वचन दिलवाए जिससे वह जीवन में कभी एक दूसरे का साथ ना छोड़े और एक अच्छे और सुदृढ़ समाज का निर्माण कर सकें। जिसमें मुख्य रूप से अरुण समुद्रे अध्यक्ष राज कुमार वर्मा कोषाध्यक्ष संचालक मण्डल रामस्वरूप डी0डी0सुमन, विजय हजारिया, सुशील शेरवां, बिनोद आर्य, सुरेश बुन्देला, हरिओम बाल्मीकि, धीरज गुप्ता, विनोद खोटे, भोला हजारिया, धर्मेन्द्र बाल्मीकि,लाला डोरी, हेमन्त त तरकेल, तुरकेल, र राम प्रकाश भारती, दीपक अरोड़ा, रिषभ तनेज श्रीवास्तव, इन्द्र पाल समुद, सुरेन्द्र पाल, जिप्पी बाल्मीकि, धरमू आदि लोग उपस्थित रहे।

शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम के साथ महाराणा प्रताप इंटर कालेज के छात्रों ने रचा कीर्तिमान

बिठूर के मंधना कस्बे में स्थित महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम इस वर्ष भी शत.प्रतिशत रहा जिससे सम्पूर्ण विद्यालय परिवार अभिभावकों और क्षेत्रवासियों में हर्ष और गर्व का माहौल है। शनिवार को विद्यालय प्रांगण में हाई स्कूल और इंटरमीडिएट के सभी सफल छात्र.छात्राओं ने पहुँचकर उल्लासपूर्वक जश्न मनाया। इस अवसर पर ढोल.ताशे की धुन पर छात्र.छात्राएं झूमते नजर आए। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य महोदय राघवेन्द्र सिंह ने सभी मेधावी छात्रों का माल्यार्पण कर एवं मिठाई खिलाकर उनका उत्साह वर्धन किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। दसवीं कक्षा में आर्या शुक्ला चौरानबे प्रतिशत अंशिका पाल विशाल गौतम बानबे प्रतिशत वैष्णवी शुक्ला शिवांग दीक्षित नब्बे प्रतिशत अवंतिका और आस्था ने सत्तासी प्रतिशत अंक प्राप्त किए वहीं इंटरमीडिएट में ऋचा अग्निहोत्री अठ्ठासी प्रतिशत आकांक्षा छियासी प्रतिशत आदर्श पच्चासी प्रतिशत कनिष्का इक्यासी प्रतिशत और रिया गुप्ता ने अस्सी प्रतिशत अंक हासिल किया। उक्त छात्रों के अतिरिक्त अन्य छात्रों ने भी उत्कृष्ट अंकों के साथ सफलता प्राप्त कर विद्यालय की शैक्षिक गुणवत्ता को प्रमाणित किया है।विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत शिक्षकों की लगन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने यह भी विश्वास जताया कि भविष्य में भी इसी प्रकार विद्यालय के छात्र नई ऊंचाइयों को छूते रहेंगे। इस मौके पर प्रबंधक प्रताप सिंह किरन यादव कार्तिकेय विपिन शैलेंद्र रोहित अजीत आदि लोग मौजूद रहे।

हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा में मेधावियों का फहराया परचम

भीतरगांव क्षेत्र में परीक्षा परिणाम घोषित होते ही छात्र छात्राएं खुशी से झूम उठे इतना ही नहीं उनके घरों में जश्न का माहौल रहा रिजल्ट आने को लेकर सुबह से ही छात्र छात्राओं की धड़कने जहां तेज हो गई थी वहीं कालेज संचालकों के माथों पर भी चिंता की लकीरें साफ झलक रही थी रिजल्ट घोषित होने पर शिक्षकों ने मेधावियों के उज्जवल भविष्य की कामना की हाइस्कूल व इंटरमीडिएट के रिजल्ट पर भीतरगांव से स्वतंत्र भारत की खास रिपोर्ट।

मेधावियों ने गूजा के पी एल मिश्रा कालेज का किया नाम रौशन

रिजल्ट देख कर अभिभावकों के साथ छात्र छात्राएं खुशी से झूमे कॉलेज पहुंचकर लिया प्रधानाचार्य व शिक्षकों का आशीर्वाद

घाटमपुर।पी0एल0मिश्रा पब्लिक इण्टर कालेज गूजा की मेधावियों ने भी एक बार फिर अपना व स्कूल का नाम रोशन किया।रिजल्ट देख कर छात्र छात्राएं न सिर्फ खुशी से झूम उठे। बल्कि छात्र छात्राओं के घरों पर जश्न का माहौल रहा।अभिभावकों ने अच्छे रिजल्ट पर खुशी जताते हुए प्रधानाचार्य व शिक्षकों के प्रति आभार जताया। पी0एल0मिश्रा पब्लिक इण्टर कालेज के प्रबंधक राजेन्द्र मिश्रा ने अच्छे रिजल्ट पर खुशी जताते हुए बताया कि हाई स्कूल एवं इण्टरमीडिएट का परीक्षाफल शत शत रहा है। हाई स्कूल परीक्षा में कुव श्रेया 94:एप्राची 92.1:, प्रिया 90.3:, श्रष्टि देवी 90.3:, मयंक 90.1:, आनन्द कुमार 90:, श्रेया पाल 89:, अंकित 88.7:ए शुभम 88.1, नैन्सी देवीए88:, श्रष्टि पाल ने 87.8: अंक पाकर परीक्षा पास की। इसी तरह इण्टर मीडिएट में सोनाक्षी ने 92.2:, सौम्या सचान 87.6:, रेणुका 87.4:, वर्षा देवी 84.6, श्रद्धा देवी 84.4:, काव्या सचान 84.2, राघुवेन्द्र 83.8:, प्रिया 82.2:, महालक्ष्मी 81.8:, पूनम देवी 81.8:, नैनशी पाल ने 81.4: अंकों से परीक्षा पास कर अपना व कालेज का नाम रोशन किया है।

इस्लामिया इण्टर कालेज में लहराया छात्राओं का परचम

हाइस्कूल व इण्टर मीडिएट का रिजल्ट शत प्रतिशत आने का दावा करते हुए प्रधानाचार्य ने छात्र छात्राओं के स्कूल का नाम रोशन करने पर खुशी जताई

घाटमपुर। नगर के इस्लामिया इण्टर कालेज में इस बार हाई स्कूल व इंटर मीडिएट की परीक्षा में छात्राओं का परचम लहराया।छात्रों ने भी अच्छे अंकों से परीक्षा पास कर अपना व अपने अभिभावकों तथा कॉलेज का नाम रोशन किया।प्रधानाचार्य इंतेजार अहमद ने छात्र छात्राओं के स्कूल का नाम रोशन करने पर खुशी जताते हुए बताया कि इस बार इस्लामिया इण्टर कालेज में हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट परीक्षा 2025 का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा है। सभी छात्रध् छात्राएँ प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। इण्टर मीडिएट में इल्मा खातूनए उम्मे हबीबाए अक्सा खातूनए तुबा खातूनए इल्तिज़ा खातून ने सम्समान अच्छे अंकों से परीक्षा पास की। वहीं हाइस्कूल की परीक्षा में शिफाए तस्मियाए इल्माए अरशिफाए अब्दुल कादिर ने अच्छे अंकों से परीक्षा पास कर अपना व कॉलेज का नाम रौशन किया है। उन्होंने परीक्षा पास कर कॉलेज का नाम रौशन करने वाले छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

बाल उद्यान शिक्षण संस्थान का मेघावी छात्र छात्राओं ने लहराया परचम

हाई स्कूल व इण्टर मीडिएट का रिजल्ट आने पर खुशी से झूमे छात्र व छात्राएं

घाटमपुर। नगर के उद्यान शिक्षण संस्थान इण्टर कॉलेज के छात्राओं ने एक बार हाईस्कूल व मीडिएट के रिजल्ट में कॉलेज परचम लहराया कॉलेज का रिजल्ट शत प्रतिशत आने की जानकारी देते प्रधानाचार्य विभा ने मेधावी छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की के साथ अभि भावकों द्वारा कॉलेज प्रगति में दिए जाने वाले सहयोग के प्रति आभार जताया।उन्होंने बताया कि हाईस्कूल में विद्यालय के टॉपर छात्रध्छात्रायें, कमलदीप. सचान 91:,राज शर्मा 88.16:, श्रेया 87.16:, साक्षी,पीयूष 90.83:,समर सिंह 90.33:,अनिकेत यादव 88:, खुशी सिंह 87.83:,सौरभ गौतम 90.33:, सादिया 87.83:, सुप्रिया 85.83:,शिवम सिंह 89.16: ,राहुल गुप्ता 87.66:,आफिया 85.5: अनुजकुमार 88.16:, साहू 86.33:, सिमरन पाल 86.16:, अनुकल्प सविता 85.83:,मोनू सैनी 85.33:, मयंक पाल 85.16:, अभिताश 85.16:, हादिया अनीस 85.16:, सनी सिंह 89.16: अंकों से परीक्षा पास की है। **इण्टरमीडिएट में विद्यालय के टॉपर छात्र व छात्राएं** घाटमपुर। प्रधानाचार्य विभा सचान ने आगे बताया कि इण्टर मीडिएट की परीक्षा में आदर्श मिश्रा 88.8:, आत्य सिंह 88.6:,खुशी यादव 88.6:,अंध प्रताप सिंह 87.6:,आदर्श कुमार 87.2:,देवेन्द्र सिंह चैहान. 86.6:, काजल देवी 86.6:, रीतिका 85.8:, नितिन साहू 85.6:, मो. मुदस्सिर हुसैन 85.4:, प्रदीप परमार 84.6:, कोमल साहू 84.2:, मांशी यादव 84.2:, आद्विक सिंह 83.4:, सुहानी यादव 83.4:, अनिकेत साहू 83.2: आयुष गुप्ता 83:,पारूल सिंह 82.6:, प्रांशी साहू 82.2:, शबनूर 82.2: प्रतिशत अंकों से परीक्षा पास की।

राजकीय हाईस्कूल कोरथा ने बोर्ड परीक्षाओं में रचा इतिहास

स्वतंत्र भारत संवाददाता भीतरगांव। बोर्ड परीक्षा 2025 के परिणामों में राजकीय हाईस्कूल कोरथा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शत.प्रतिशत सफलता प्राप्त की है। विद्यालय के कक्षा 10 के सभी छात्र छात्राओं ने अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होकर विद्यालय का गौरव बढ़ायाप्रिंसिपल अखिलेश बाजपेई ने बताया कि छात्रा शीतल ने प्रथम अर्पित ने द्वितीय तथा मोनिका ने तृतीय स्थान हासिल कर विद्यालय के गौरव को बढ़ाया।उन्होंने सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने इस सफलता का श्रेय विद्यालय की समस्त शिक्षिकाओं के अथक परिश्रम को दिया और कहा किष्ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को कम शुल्क में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है। यह सफलता इसी संकल्प का परिणाम है।ष्विद्यालय परिवार इस उपलब्धि से गौरवान्वित है तथा भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट परिणाम देने के लिए संकल्पित है।

हाईस्कूल व इंटर में छात्राओं ने मारी बाज़ी

अरौल द्द कानपुर जनपद के अरौल मकनपुर क्षेत्र के फेयर कमेटी इंटर कॉलेज की हाई स्कूल की छात्रा पंखुड़ी ने 94 फीसदी अंक पाकर इंटर में और तशरीबा खातून ने 78 परसेंट अंक पाकर टॉप किया। यूपी बोर्ड की हाई स्कूल और इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम शुक्रवार को दोपहर में घोषित होते ही मेघावी खुशी से झूम उठे। हाई स्कूल में छात्रों ने और इंटरमीडिएट में छात्राओं ने अपनी मेधा का परचम फहराया।मकनपुर स्थित फेयर कमेटी इंटर कालेज की हाई स्कूल की छात्रा पंखुड़ी ने 94 फीसदी अंक प्राप्त कर अपने और अपने कालेज का नाम रोशन किया वही इंटर मीडिएट में तशरीबा खातून ने 78 फ़ीसदी अंक पाकर अपने माता पिता का नाम रोशन किया वही तीसरे स्थान पर रही साक्षी मिश्रा ने इंटर मिडिएट में 74 फीसदी अंक प्राप्त करके गांव का गौरव बढ़ाया। वही दूसरी तरफ फेयर कमेटी इंटर कालेज में अध्यापकों ने टॉप आएं बच्चों का माला पहनाकर वा मिठाई खिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दी फेयर कमेटी इंटर कालेज के प्रधानाचार्य राज शर्मा ने बताया पंखुड़ी ओमर संध्या अनामिका हसिया तौफीक मुजफुल मुराद अलमास जाफरी ने हाई स्कूल में टॉप किया है वहीं इंटरमीडिएट में जन्नत जाफरी तशरीबा खातून अलीना खातून सानिया खातून साक्षी मिश्रा दुर्गा समेत आदि बच्चो ने स्कूल टॉप करके फेयर कमेटी इंटर कॉलेज का गौरव बढ़ाया है।

अंबिका प्रसाद पब्लिक स्कूल मे अभिनंदन समारोह एवं दीक्षांत समारोह का हुआ आयोजन

शुक्लागंज उन्नाव। राजधानी मार्ग स्थित अंबिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल तथा लिटिल किंगडम में शनिवार को पीजी से लेकर प्रेप के विद्यार्थियों के लिए दीक्षांत समारोह का आयोजन एवं कक्षा 1 से कक्षा 11 के विद्यार्थियों के लिए अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में एक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने अपने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मनमोहन लिया। समारोह में वार्षिक परीक्षा 2024 .25 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रथमए द्वितीय एवं तृतीय स्थान के अनुसार पुरस्कार वितरण किए गए। पुरस्कार वितरण समारोह में विद्यालय के प्रबंधक प्रधानाचार्य एवं अन्य गणमान्य अतिथियों ने बच्चों को सम्मानित किया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इसके अतिरिक्त विद्यालय में आयोजित रंगारंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट योगदान एवं समर्पण के लिए विद्यालय के प्रबंधक प्रधानाचार्य एवं कक्ष शिक्षिका को बेस्ट अवार्ड प्रदान किया गया है जिसमें समस्त विद्यालय परिवार में हर्ष की लहर दौड़ गई। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक अजय त्रिवेदी ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य न केवल शैक्षिक उत्कृष्ट नही बल्कि छात्रों के सर्वाधिक विकास की दिशा में कार्य करना है।प्रधानाचार्य मोनिका तिवारी ने बच्चों को शुभकामना देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की । इस अवसर पर विद्यालय के संरक्षक संतोष त्रिवेदीए प्रबंधक अजय त्रिवेदीएप्रधानाचार्य मोनिका त्रिवेदीएदिनेश त्रिवेदीए संजय बाजपेईएतथा सभी अध्यापकगण एवं अभिभावक मौजूद रहे।

कुड़नी मंदिर में प्रसाद को लेकर दो दुकानदारों में विवाद एक घायल

भीतरगांव। साढ़ थाना क्षेत्र के कुड़नी मंदिर में मामूली विवाद पर दो दुकानदार भिड़ गए जिसमें एक दुकानदार का सर फट गया लहूलुहान हालत में पहुंचे दुकानदार ने थाना पुलिस से लिखित शिकायत की जिसे पुलिस द्वारा मेडिकल हेतु सीएचसी भीतरगांव भेजा गया। कुड़नी निवासी शिवम् गुप्ता 35 पुत्र नवल किशोर गुप्ता ने बताया कि उसकी कुडनी मेला में प्रसाद की दुकान है शनिवार सुबह सामने दुकान किए रानू गुप्ता जबरन उसकी दुकान के ग्राहकों को ले जा रहा था जब उसने मना किया तो दुकानदार रानू गुप्ता पुत्र स्व रामचंद्र गाली गलौज देने लगा और अपने साथियों के साथ मिलकर उसे मारपीट कर घायल कर दिया साढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि घायल को मेडिकल हेतु भेजकर विधिक कार्यवाही की जा रही।

बिना पंजीकरण चल रहे नर्सिंगहोम को एसीएमओ ने किया सील

घाटमपुर। शनिवार को अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारीध्नोडल अधिकारी की टीम ने सीएचसी के सामने एक नर्सिंग होम का औचक निरीक्षण किया। जहां बिना पंजीयन के नर्सिंग होम में मरीज देखे जाने पर उन्होंने दो कमरों को सील किए जाने के साथ संचालक को नोटिस थमाई।अमर मुख्य चिकित्साधिकारी डाण् रमित रस्तोगी ने बताया कि उनकी टीम द्वारा कस्बा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के ठीक सामने पुष्पा नर्सिंग होमध्क्लीनिक का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान क्लीनिक पर ओमप्रकाश त्रिपाठी मरीजो का इलाज करते पाए गए। जिनके पास कोई डिग्री नहीं थी। बिना पंजीकरण के क्लीनिक संचालित पाए जाने पर एक्स.रे कक्ष व द्वितीय कक्ष को सील कर दिया गया है।

कानपुर विकास प्राधिकरण **आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती हरदीप कौर पत्नी श्री कुलदीप सिंह द्वारा प्रार्थना पत्र के साथ पंजीकृत विक्रय बैनामा, पंजीकृत वसीयत की सत्यापित प्रतियाँ व मृत्यु प्रमाणपत्र प्रस्तुत करते हुए क्वार्टर संख्या–66, ब्लाक–12 गोविन्द नगर, कानपुर नगर का नामान्तरण किये जाने का अनुरोध किया गया हैं। प्रश्नगत क्वार्टर की फ्री–होल्ड डीड प्रेसीडेन्ट ऑफ इण्डिया, भारत सरकार की ओर से मैनेजिंग ऑफिसरी कानपुर नगर द्वारा श्री साधू सिंह पुत्र श्री संत सिंह के पक्ष में दिनांक 03.10.1960 को निष्पादित की गयी थी। तदोपरान्त उक्त क्वार्टर के मूल स्वामी श्री साधू सिंह पुत्र श्री संत सिंह द्वारा उक्त क्वार्टर का पंजीकृत विक्रय बैनामा दिनांक 29.11.1961 को श्रीमती जसवन्त कौर पत्नी सरदार निरंजन सिंह के पक्ष में निष्पादित किया गया है। प्रस्तुत किये गये मृत्यु प्रमाण पत्र के अनुसार श्रीमती जसवन्त कौर की मृत्यु दिनांक 22.06.1990 को हो चुकी है। उक्त क्वार्टर की बैनामाधारिका श्रीमती जसवन्त कौर द्वारा अपने जीवनकाल में उक्त क्वार्टर के बावत पंजीकृत वसीयत दिनांक 29.05.1986 को कु. हरदीप कौर पुत्री स्व. निरंजन सिंह के पक्ष में निष्पादित की गयी है जोकि उनकी मृत्यु के उपरान्त प्रभावी हुई, जिसके आधार पर उक्त क्वार्टर का नामान्तरण श्रीमती हरदीप कौर पत्नी श्री कुलदीप सिंह के पक्ष में किया जाना प्रस्तावित है। उक्त क्वार्टर पर यदि अन्य कोई वारिसान हो, जोकि अपना हक/अधिकार रखता हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 30 दिवस के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय साक्ष्यो सहित अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपलब्ध करा दें, निर्धारित समय सीमा के पश्चात् प्राप्त किसी भी आपत्ति पर विचार न करते हुए नियमानुसार आवेदिका के पक्ष में नामान्तरण सम्बंधी कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जायेगी।

तहसीलदार (किराया सम्पत्ति)

कार्यालय नगर पंचायत अकबरपुर जनपद कानपुर देहात

पत्र संख्या–37 / एन0पी0ए0/2025–26 दिनांक– 15.04.2025

कोटेशन सूचना

समस्त पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत अकबरपुर में सफाई व्यवस्था हेतु झाडू क्रय किये जाने हेतु दरें प्राप्त की जानी हैं। जिस हेतु सीलबंद कोटेशन दिनांक 02.05.2025 को अपरान्ह 2.00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत अकबरपुर में आमंत्रित किये जाते हैं। जो कि अधोहस्ताक्षरी द्वारा उसी दिन समय अपरान्ह 3.00 बजे उपस्थित ठेकेदार/फर्म के समक्ष खोले जायेंगे। सशर्त कोटेशन स्वीकार्य नहीं हैं। किसी भी अथवा समस्त कोटेशन को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। शेष नियम एवं शर्तें किसी भी कार्यालय कार्यदिवस में मालूम की जा सकती है। सामग्री का विवरण निम्नवत् है–

क्र0 सं०	सामग्री का विवरण	दर प्रति नग	कार्यावधि
1	नगर पंचायत अकबरपुर के अन्तर्गत सफाई व्यवस्था हेतु झाडू क्रय कार्य।	–	15 दिवस

(आशीष कुमार)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत अकबरपुर
कानपुर देहात

(दीपाली सिंह)
अध्यक्ष
नगर पंचायत अकबरपुर
कानपुर देहात

फतेहपुर समाचार

दुष्कर्म के दो आरोपी गिरफ्तार

फतेहपुर। कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म के दो आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए कामयाबी हासिल की है। बताते चलें कि कोतवाली के उपनिरीक्षक विनीत कुमार उपाध्याय अपने हमराही हेड कांस्टेबल पंकज पाण्डेय के साथ वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चेकिंग अभियान चला रहे थे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी महेन्द्र कुमार यादव पुत्र स्व0 श्रीराम यादव एवं कमलेश उर्फ कल्लू पुत्र रामशरण यादव निवासीगण ग्राम फुक्हा पो0 हरिहरपुर थाना तड़ियावां जनपद हरदोई को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा है।

पहलगाम घटना पर रविवार को बाजार बंदी का ऐलान

विभिन्न संगठनों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

फतेहपुर। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में सैलानियों पर हुए आतंकी हमले के विरोध में देशवासियों का गुस्सा बढ़ता ही जा रहा है। शुक्रवार को विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर रविवार को बाजार बंद रखने का ऐलान किया है। संयुक्त व्यापार मंडल, संयुक्त सभासद, विश्व हिंदू परिषद, सर्राफ एसोसिएशन, अभिभावक संघ, भारत विकास परिषद, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा, युवा विकास समिति, बुद्धिजीवी एनजीओ समेत विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी कलेक्ट्रेट आए और डीएम को ज्ञापन सौंपकर बताया कि आगामी 27 अप्रैल दिन रविवार को संयुक्त व्यापार मंडल, समस्त सभासद एवं समस्त सामाजिक संगठन व जनमानस के सहयोग से व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद करके घटना पर आक्रोश प्रकट किया जाएगा।

इसी दिन एक बजे कलेक्ट्रेट पहुंचकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा जाएगा। इसके उपरान्त शाम सात बजे काले झण्डे लगाकर दीप व मोमबत्ती जलाकर शहीद सैलानियों को श्रद्धांजलि भी दी जाएगी। संगठनों ने डीएम से मांग किया कि कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा व्यवस्था प्रदान की जाए। इस मौके पर फतेहपुर आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप गर्ग, उद्योग व्यापार मंडल के संस्थापक अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा, अभिनव यादव, बबला सोनी, अमित सोनी, आफाक अली, मनोज, प्रमोद गुप्ता, सोनू यादव, महताब आलम, राहुल सोनी, श्रेयांश सोनी, विनोद गौतम भी मौजूद रहे।

यूपी बोर्ड परीक्षा में जनपद के श्रेयांश ने मारी बाज़ी



- हाईस्कूल में प्रदेश में हासिल किया 9वां स्थान
- नामचीन विद्यालयों का प्रदर्शन रहा औसत दर्जे का

फतेहपुर। माध्यमिक शिक्षा परिषद उ.प्र. के परिणाम आते ही जनपद के विद्यालयों में विद्यार्थियों की धूम दिखाई दी। यूपी बोर्ड की ओर से शुक्रवार दोपहर साढ़े बारह बजे हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम जारी किया गया। परिणाम देखकर मेधावी छात्र-छात्राएं खुशी से झूम उठे। छात्र छात्राओं ने विद्यालय पहुंचकर अपनी खुशी का इजहार किया। वहीं विद्यालय भी बेहतर परिणाम को लेकर बेहद उत्साहित नज़र आये। परीक्षा परिणामों में हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में प्रदेश में 9वां स्थान लाकर जनपद के हुसैनगंज कस्बे में स्थित जनक दुलारी इंटर कॉलेज के छात्र श्रेयांश ने बाजी मारी है। जहां एक ओर इस मामले में बड़े नाम वाले विद्यालयों के छात्रों का प्रदर्शन औसत दर्जे का रहा, वहीं जनक दुलारी इंटर कॉलेज के छात्र श्रेयांश ने बाजी मारकर यह साबित किया है कि सफ़लता के लिए नामचीन कॉलेज ही कतई ज़रूरी नहीं है।

इसी कड़ी में जनपद के अग्रणी शैक्षणिक संस्थानों में शुमार मदर सुहाग इण्टर कॉलेज की छात्रा नैंसी वर्मा व छात्र सार्थक श्रीवास्तव ने 93 फ़ीसदी, आयुष पाण्डेय ने 92 फ़ीसदी, शिवांगी मौर्य ने 91 फ़ीसदी, इंटरमीडिएट में प्रिन्स कुमार पटेल ने 90 फ़ीसदी अंक हासिल किया। प्रबन्धक मोहित सिंह चंदेल ने सभी का माल्यार्पण करते हुए आगे और बेहतर रिज़ल्ट देने का संकल्प लिया और बच्चों को दिलवाया। शहर के विद्यालय जय मां सरस्वती ज्ञान मंदिर इंटर कॉलेज राधानगर की इंटरमीडिएट की छात्रा प्राची सिंह ने 93.4 प्रतिशत हासिल किए। वहीं हाईस्कूल में विद्यालय की छात्रा अनुप्रिया सिंह 95.5 छठवां व पूजा 95 प्रतिशत अंक हासिल कर जनपद में नौवा स्थान हासिल किया। वहीं सरस्वती बाल मंदिर इंटर कॉलेज रघुवंशपुरम में विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को मिठाई खिलाकर व माल्यार्पण कर उन्हें अच्छे अंक हासिल करने पर सम्मानित किया गया। राधानगर स्थित

सुंदरमती बालिका इंटर कालेज में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में नंदनी द्विवेदी 91 प्रतिशत, रोशनी मौर्या 89 प्रतिशत, शिवानी देवी 87 प्रतिशत, हर्षल विश्वकर्मा 89 प्रतिशत, भूपेंद्र 88 प्रतिशत, हर्ष कुमार 90 प्रतिशत, दीपक पांडेय 87 प्रतिशत का माला पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इसी तरह रामलखन आदर्श विद्या निकेतन गर्ल्स इंटर कालेज का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। वहीं सांई सिटी मांटेसरी माध्यमिक विद्यालय में प्रबंधक पवन कुमार सिंह द्वारा बेहतर अंक हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस विद्यालय के आधा दर्जन छात्रों एवं इण्टर मीडिएट के पांच छात्रों ने 90 फ़ीसदी के क़रीब अंक अर्जित किया। श्रीमती बाल मंदिर इण्टर कॉलेज शिवपुरम में दस बच्चों ने 84 से 89 फीसदी तक अंक प्राप्त कर सफ़लता अर्जित किया।

नेत्रहीन सीमा ने रचा इतिहासः यूपी बोर्ड के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट का आज परीक्षा परिणाम घोषित हुआ जिसमें कई छात्रों ने जहां अच्छा प्रदर्शन किया। वहीं पीसीपी इंटर कालेज हुसैनगंज में हाईस्कूल की नेत्रहीन दिव्यांग छात्रा सीमा पाल पुत्री लाल बहादुर पाल निवासी महेशपुर ने 78.81 प्रतिशत अंक हासिल इतिहास रच दिया। इसकी चर्चा दिन भर जिले में होती रही। जिला पंचायत सदस्य अजय सिंह रिंकू लोहारी ने एलिम्को के द्वारा दिव्यांग नेत्रहीन छात्रा को स्मार्ट फ़ोन दिलाया। साथ ही हुसैनगंज सीएचसी के अधीक्षक के साथ मिलकर नेत्रहीन छात्रा का स्वागत किया। साथ ही लोहारी ने कहा कि नेत्रहीन छात्रा ने हाईस्कूल की परीक्षा में अच्छे अंक लाकर इतिहास रचा है। इस छात्रा को भविष्य में यदि किसी प्रकार की सहायता की आवश्यकता होगी तो वह हमेशा उसके साथ खड़े रहेंगे।

कांग्रेस उपाध्यक्ष ने गृहमंत्री से मांगा इस्तीफा

फतेहपुर। वरिष्ठ अधिवक्ता एवं ज़िला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सुधाकर अवस्थी ने कहा कि गृहमन्त्री भारत सरकार अमित शाह का लोकसभा के अंदर कश्मीर में सुरक्षा के चाक चौबंद व्यवस्था करने का दावा खोखला साबित हुआ। उनके भरोसे के कारण सैलानियों को काश्मीर पर्यटन के लिए मुफीद स्थान समझ में आने के कारण भारी संख्या में वहां लोगों ने जाना शुरू कर दिया था किंतु सरकार की सजगता व सतर्कता के अभाव में सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही के कारण बैसरन पहलगाम में आतंकियों को आतंक फैलाने के लिए मौका मिल गया और 28 बेगुनाह सैलानियों की हत्या आतंकवादियों ने बड़ी निर्ममता से कर दी।

आतंकी हमले में मारे गए मृतक के परिजन जो उनके साथ थे उनका स्पष्ट आरोप है कि घटना स्थल पर सुरक्षा के नाम पर न तो एक पुलिस का आदमी मौजूद था और न ही सेना का कोई जवान मौजूद था, अन्यथा इतने बड़े आतंकी हमले को रोका जा सकता था। पर्यटन बलिदानी के परिजनों ने सरकार से भरोसा उठ जाने की बात कही है। समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों से परिजनों की पीड़ा समझी जा सकती है। अपने झूठे दावे की जिम्मेदारी लेते हुए नैतिकता के आधार पर गृहमन्त्री को अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।

स्कूटी चार्ज करते जिम में लगी आग, लाखों का नुकसान

बिंदकी (फतेहपुर)। चार्जिंग करते समय अचानक इलेक्ट्रिक स्कूटी में आग लग गई। जिसके चलते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और जिम में आग लग गई। जिम मालिक और उनके बड़े भाई जिम की दूसरी मंजिल में सो रहे थे। इलेक्ट्रिक स्कूटी की बैटरी फटने की तेज आवाज आने लगी तो दोनों भाई सीढ़ी से नीचे उतरने का प्रयास करने लगे। तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और दोनों भाई दूसरी मंजिल में चढ़ गए। उन्होंने पुलिस और लोगों को फोन किया। जिसके चलते पुलिस पहुंची और लोगों ने मिलकर आज को बुझाया। तब तक इलेक्ट्रिक स्कूटी एक मोटर साइकिल व जिम का सामान सहित लगभग तीन लाख की संपत्ति जल गई।

जानकारी के अनुसार नगर के ललौली रोड मंडी समिति वाली गली में शुक्रवार की भोर पहर लगभग चार बजे इलेक्ट्रिक स्कूटी चार्जिंग करते समय शिवम फिटनेस जिम में आग लग गई। आग लगने से इलेक्ट्रिक स्कूटी की बैटरी फट गई। जिसके चलते तेज आवाज आने लगी। जिस समय जिम में आग लगी उसे समय जिम के मालिक शिवम गुप्ता व उनके बड़े भाई गोविंद गुप्ता जिम के दूसरी मंजिल में सो रहे थे। तेज आवाज सुनकर दोनों भाई सीढ़ी से उतरकर नीचे जिम में आने की कोशिश की लेकिन तेज आगे के कारण दोनों भाई फिर ऊपर की मंजिल में लौट गए। दोनों भाइयों ने पुलिस समेत अन्य लोगों को मोबाइल से सूचित किया। मोहल्ले के लोगों ने कई समरसेबल चलाकर आग बुझाने का काम किया। तब तक इलेक्ट्रिक स्कूटी एक अन्य मोटरसाइकिल व जिम का सामान सहित लगभग तीन लाख रूपए की संपत्ति जल गई, जिम मालिक शिवम गुप्ता ने बताया कि इलेक्ट्रिक स्कूटी की बैटरी फटने के कारण मेंन गेट का दरवाजा अपने आप खुल गया। जिम मलिक शिवम गुप्ता बिंदकी कस्बे के मिलरस एवं गल्ला व्यापार समिति के अध्यक्ष हैं। उनका एक घर बिंदकी कस्बे के ललौली रोड में कैलाश शिव मंदिर के समीप मेन रोड है जबकि उनका जिम ललौली रोड मंडी समिति वाली गली में है।

विहिप व बजरंग दल ने पाकिस्तान का फूंका पुतला

फतेहपुर। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की हत्या किये जाने पर बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद ने जमकर आक्रोश जताते हुए घटना के लिए जिम्मेदार पाकिस्तान का पुतला फूंक कर अपना विरोध जताया। शुक्रवार को चौक चौराहे पर बजरंग दल के प्रांतीय महामंत्री वीरेंद्र पांडेय की अगुवाई में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों की हत्या किए जाने पर आक्रोश जताते हुए पाकिस्तान के खिलाफ जमकर नारेबाजी व प्रदर्शन किया तत्पश्चात पाकिस्तान का पुतला फूंक कर घटना के लिए ज़िम्मेदार पाकिस्तान व आतंकियों के खिलाफ भारत सरकार से कार्रवाई की मांग किया। इस मौके पर जिला सह संयोजक धर्मेंद्र सिंह जनसेवक आदि रहे।

ग्राम पंचायतों में बाल सभा के ज़रिए भविष्य की लीडरशिप को दी नई दिशा

फतेहपुर। पंचायती राज दिवस सप्ताह के अवसर पर पिरामल फाउंडेशन के नेतृत्व में सुजानपुर सहित ज़िले की बीस ग्राम पंचायतों सेमौर, सुजानपुर, शामियाना, खटौली, चुरियानी, साहीपुर, पलिया बुजुर्ग, मोहम्मदपुर नेवादा, उन्नौर एवं तरापुर में बाल सभा पर केंद्रित विशेष कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रमों के ज़रिए यह संदेश दिया कि ग्राम पंचायतों की मज़बूती तभी संभव है जब उसकी योजना और निर्णय प्रक्रिया में बच्चों की भी प्रभावी भागीदारी हो। कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल बच्चों को पंचायत की निर्णय प्रक्रियाओं से जोड़ना था, बल्कि उन्हें नेतृत्व, अभिव्यक्ति और अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना भी था। इन आयोजनों में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, पंचायत प्रतिनिधियों और समुदाय के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बैठक में बाल सभा के स्वरूप, बच्चों की भागीदारी, उनके विचारों और अधिकारों को लेकर गहन संवाद हुआ। यह पहल न केवल बच्चों की आवाज़ को मंच देने की दिशा में एक सशक्त कदम है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि पिरामल फाउंडेशन ग्राम पंचायतों को बाल मैत्री पंचायत में रूपांतरित करने के लिए प्रतिबद्ध है।बाल सभा के दौरान बच्चों को अपनी बात रखने का मंच मिला, जहां उन्होंने अपने गांव की समस्याएं, ज़रूरतें और समाधान साझा किए। पंचायत प्रतिनिधियों ने बच्चों के विचारों को गंभीरता से सुना और बाल अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा जैसे विषयों पर संवाद किया। इस आयोजन ने यह सिद्ध किया कि यदि बच्चों को सुना जाए और उन्हें निर्णय प्रक्रियाओं से जोड़ा जाए, तो वे भी गांव के विकास में अहम भूमिका निभा सकते हैं। पिरामल द्वारा संचालित इस नवाचारी पहल ने ग्राम पंचायतों को बाल अधिकारों के प्रति संवेदनशील और उत्तरदायी बनाने की दिशा में एक ठोस प्रयास प्रस्तुत किया। अंत में सभी पंचायतों ने यह संकल्प लिया कि वे अपने गांवों को बच्चों के लिए सुरक्षित, सशक्त और समावेशी मंच बनाएंगे, जहाँ बच्चों की आवाज़ को सम्मान मिलेगा और उनकी भागीदारी को पंचायत स्तर पर प्राथमिकता दी जाएगी। ब्लॉक बहुआ अन्तर्गत ग्राम पंचायत सुजानपुर में महिला ग्राम प्रधान हेमलता पटेल की उपस्थिति में भी गांव के प्राइमरी स्कूल में बाल सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पिरामल फाउंडेशन प्रोग्राम मैनेजर रोहिणी रॉय, अकरम, अनुप्रिया व अभिभावक व स्कूल स्टाफ भी मौजूद रहे।

भागवत कथा समापन पर श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

खागा (फतेहपुर)। कस्बा स्थित मां शीतला धाम शक्ति पीठ मंदिर परिसर में शुक्रवार को श्री शतचंडी यज्ञ एवं श्रीमद भागवत कथा समापन पर भंडारे का आयोजन हुआ। इसी प्रकार खागा रेलवे क्रासिंग पंचमुखी हनुमान मंदिर के पीछे चल रही कथा के समापन पर श्रद्धालुओं को भंडारे में प्रसाद वितरण किया गया।विजयीपुर कस्बा स्थित मां शीतला धाम शक्ति पीठ मंदिर परिसर में आयोजित भंडारे में सर्वप्रथम छोटी-छोटी कन्याओं को बुलाकर उन्हें भोजन कराया गया। उसके बाद क्षेत्र के गांवों से आए श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण हुआ। सदर पूर्व विधायक विक्रम सिंह ने भंडारे में पहुंच कर प्रसाद लिया। देर शाम तक भंडारे में प्रसाद वितरण हुआ। उमेश सिंह तोमर, दिनेश सिंह, सोप्पन सिंह, अभय, रोहित सिंह, रुद्रदत्त सिंह, राममूरत, नरेश, राहुल राजू सिंह आदि भक्त भंडारे की व्यवस्था में लगे रहे। खागा रेलवे क्रासिंग पंचमुखी हनुमान मंदिर के पीछे सेवानिवृत्त शिक्षक बालकृष्ण त्रिपाठी के दरवाजे चल रही श्रीमद भागवत कथा समापन पर भंडारा आयोजित हुआ। सुबह विद्वान आचार्य ने यज्ञाहुति कराई। जिसमें मुख्य यजमान समेत परिवार के लोगों ने विश्व कल्याण की कामना करते हुए यज्ञाहुति दी। भंडारे में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। डा. ब्रजेंद्र त्रिपाठी, सुरेन्द्र त्रिपाठी, बउवा त्रिपाठी, अनुपम दीक्षित, दिनेश दीक्षित, रजनी त्रिपाठी, श्रवण कुमार, जुगुल दुबे, रितेश दुबे, भोले शुक्ला, अखिलेश अग्रहरि, कल्लू शुक्ला, राजू शुक्ला सहित भक्त उपस्थित रहे।

जयरामनगर चौराहे पर संचालित हो रहे अवैध ई-रिक्शा व आटो

- जिला उद्योग व्यापार मंडल ने डीएम व एसपी से कार्रवाई की उठाई मांग

फतेहपुर। शहर के जयरामनगर चौराहे पर प्राइवेट बस स्टैण्ड स्थानान्तरित होने के बाद अवैध ई-रिक्शा व आटो के संचालन से बस मालिकों को हो रही क्षति की समस्या को लेकर जिला उद्योग व्यापार मंडल व प्राइवेट बस एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। जिला उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष रवि प्रकाश दुबे की अगुवई में पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां डीएम को दिए गए ज्ञापन में बताया कि जयरामनगर स्थित प्राइवेट बस स्टाप को पूर्व में शासनादेश के तहत स्थान परिवर्तन करा दिया गया था, परन्तु टैम्पो, विक्रम, ई-रिक्शा आदि आज भी जयरामनगर चौराहे के समीप रोड पर खड़े होकर अवैध रूप से संचालित हैं। जिनके पास किसी भी प्रकार के वैध पेपर नहीं हैं। प्राइवेट बसों का संचालित स्थान परिवर्तन के कारण यात्री बसों तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। जयरामनगर चौराहे के समीप ई-रिक्शा संचालको व चालकों द्वारा यात्रियों को गुमराह किया जा रहा है कि आगे बस नहीं है। जिसके कारण यात्री ई-रिक्शा में बैठने में मजबूर हो रहे हैं जिससे बसों को प्रतिदिन घाटा लग रहा है। डीजल व कर आदि देने पर मोटर स्वामियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में यह भी बताया कि छोटे वाहन स्वामी लोकल पर अमादा हो जाते हैं।

मांग किया कि ई-रिक्शा व आटो विक्रम को जयरामनगर चौराहे से संचालन बंद कराया जाए वरना बस एसोसिएशन अपने सभी बसों के परमिट को एआरटीओ को प्रेषित कर देंगे। प्रकरण का जिलाधिकारी ने संज्ञान में लेते हुए उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर बस एसोसिएशन से नगर महामंत्री मुन्ना सिंह गौर, रजोल शुक्ला, जिला संगठन मंत्री राज कुमार मिश्रा, दिनेश प्रसाद, संतोष मिश्र, रोहित वर्मा, राम प्रकाश निषाद, मनोज तिवारी, रामवीर सिंह, महेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

रविवार को व्यापार बंद रखने का व्यापारियों से किया अनुरोध

खागा (फतेहपुर)। शुक्रवार को खागा नगर में पाकिस्तान का पुतला फूंका गया। साथ ही रविवार को होने वाली संपूर्ण बंदी का भी व्यापारियों से अनुरोध किया गया। काश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, व्यापार मंडल, भाजपा युवा मोर्चा द्वारा जुलूस निकाला गया। जुलूस का समापन चौक चौराहे पर होने के पश्चात पाकिस्तान का पुतला भी फूंका गया। कार्यक्रम के दौरान पाकिस्तान मुर्दाबाद, खून का बदला खून, जयश्री राम के नारों से गूंज गया। इस दौरान प्रमुख रूप से चेयरमैन गीता सिंह, विश्व हिंदू परिषद के प्रांत समरसता प्रमुख शिवस्वरूप विश्वकर्मा, व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष शिवचंद्र शुक्ल, विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष डॉ. अजय गुप्त, नगर अध्यक्ष केके मिश्र, बजरंग दल के जिला सह संयोजक रोहित दीक्षित, भाजपा ऐरायां मंडल के निवर्तमान अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, वरिष्ठ नेता राकेश सिंह, विश्व हिंदू परिषद के जिला धर्म प्रचारक मनोज त्रिपाठी, मठ मंदिर प्रमुख संदीप तिवारी, महिला शक्ति की सुधा मिश्र, भाजपा युवा मोर्चा जुगेश सिंह, उपाध्यक्ष राहुल मोदनवाल, बबलू सिंह भी मौजूद रहे।

खबर एक नज़र

पालिका के संविदा कर्मियों का एरियर व पीएफ भुगतान की मांग

फतेहपुर। नगर पालिका परिषद फतेहपुर के संविदा कर्मचारियों का एरियर व पीएफ भुगतान के अलावा लोन की संस्तुति प्रदान करने की मांग को लेकर अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ ने अधिशाषी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। अ.भा. मजदूर संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष धीरज कुमार, जिलाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश सिमौर्या, महामंत्री राजेश कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष विजय कुमार बख्शी ने ईओ को ज्ञापन सौंपकर बताया कि नगर पालिका परिषद फतेहपुर के संविदा कर्मचारी पिछले 47 वर्षों से कार्यरत हैं। इन कर्मचारियों का पीएफ का पैसा 2019 तक कट रहा था। नगर पालिका परिषद के संविदा कर्मचारियों का वेतन का पैसा मांगने पर कर्मचारियों को पैसों की कोई जानकारी दी जा रही है। एरियर भी भुगतान नहीं किया जा रहहा है क्योंकि अब कर्मचारियों के बेटे और बेटियां अब बड़ी हो गई है। इस दशा में कर्मचारी बड़ी विषम परिस्थिति में खड़ा है। बेटियों की शादी का दबाव और सामाजिक दबाव वह अपने आपको असहाय महसूस कर रहा है। उनके शादी विवाह के लिए पैसे की नितांत की आवश्यकता है। संविदा कर्मचारी होने की दशा में बैंक से लोन मांगने पर बैंक वाले भी हाथ खड़ा कर रहे हैं। मांग किया कि संविदा कर्मचारियों को एरियर व पीएफ का पैसा भुगतान करने व बैंकों द्वारा लोन दिए जाने की स्थाई कर्मचारियों की भांति संविदा कर्मचारियों को भी दिया जाए जिससे कर्मचारियों की बेटियों की शादी व अन्य जरूरतें पूरी हो सकें। आर्थिक परिस्थितियों से छुटकारा मिल सके।

अंबेडकर जन्म दिवस पखवाड़ा

- बाबा साहब.... विषयक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

फतेहपुर। डॉ. भीमराव आंबेडकर महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आज अंबेडकर जन्म दिवस पखवाड़े मनाये जाने की कड़ी में बाबा साहब एक महान व्यक्तित्व विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया, जिनमें रिफत जहां बीएससी द्वितीय वर्ष ने प्रथम, स्मिता सोनी बी0ए0प्रथम वर्ष ने द्वितीय और जुबैदा बी0ए0 द्वितीय वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ0 श्याम जी सोनकर, गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ0 ज्योति कुमारी और जंतु विज्ञान विभाग के असि0 प्रो0 डॉ0 राजकुमार ने निर्णायक की भूमिका निभाई। समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष बसंत कुमार मौर्य ने आंबेडकर के जीवन से जुड़े विभिन्न आयामों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए जातिवाद के खिलाफ उनके संघर्षों को रेखांकित किया। साथ ही उन्होंने कहा कि विद्या हमें बंधनों से मुक्त करती है, कोई भी व्यक्ति धर्म, जाति और पंथ के आधार पर उच्च या निम्न नहीं होता, बल्कि वह अपने कर्मों से बड़ा या छोटा होता है।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं प्राचार्य गुलशन सक्सेना ने छात्राओं को आंबेडकर जी के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम का संचालन समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष बसंत कुमार मौर्य ने किया। उर्दू विभागाध्यक्ष डॉ. ज़िया तसनीम ने सुरुचिपूर्ण शब्दों में सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर प्रो. सरिता गुप्ता, प्रो. शकुंतला, प्रो. लक्ष्मीना भारती, प्रो. प्रशांत द्विवेदी, शरद चंद्र राय, डॉ. चारु मिश्रा, रमेश सिंह, डॉ. मधुलिका श्रीवास्तव, डॉ. ज्योति गुप्ता, डॉ. चंद्रभूषण, डॉ. अनुष्का छौंकर आदि मौजूद रहे।

जिले की पुलिस हरकत में, खोजे जा रहे पाकिस्तानी

फतेहपुर। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद केंद्र व प्रदेश सरकार के निर्देश पर जिले की पुलिस अब हरकत में आ गई है। खूफिया तंत्र को सक्रिय कर दिया गया है। ऐसे लोगों की तलाश की जा रही है जो पाकिस्तान से कुछ समय पहले यहां आए थे और उसके बाद अभी तक गए नहीं है हालांकि जिले के प्रशासन का कहना है कि जिले में अभी तक ऐसे किसी भी पाकिस्तानी नागरिक के होने की पुष्टि नहीं हुई है लेकिन फिर भी ऐतिहातन के तौर पर इस काम पर सभी थानेदारों को लगाया गया है और साथ ही गांव के प्रधानों से भी इसकी मदद ली जा रही है। इसके अलावा जिला प्रशासन ने उन परिवारों को भी सूचीबद्ध करने की योजना बनाई है। जिन परिवारों के पाकिस्तानी कनेक्शन है। ऐसी स्थिति में यहां जिला मुख्यालय समेत खखरेरू बिंदकी क्षेत्र में कई परिवारों के पाकिस्तानी कनेक्शन होने की सम्भवना देखी जा रही है। फिलहाल पुलिस एक्शन मोड़ पर है। सभी थानेदारो को सख्त हिदायत दी गयी है।

श्री रामजानकी मंदिर में हुआ भंडारा

बिंदकी (फतेहपुर)। श्रीराम जानकी मंदिर में मां पीतांबरा देवी के तृतीय प्राण प्रतिष्ठा दिवस पर भंडारे का आयोजन किया गया। लोग प्रसाद पाकर धन्य हुए। मंदिर के महंत श्रीश्री 1008 स्वामी उदय दास ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम की घटना पर दुख प्रकट किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग किया कि आतंकवाद का सफाया किया जाए ताकि आने वाली भविष्य में निर्दोष लोगों की जान न जा सके। शुक्रवार की दोपहर करीब 12 बजे से बिंदकी कस्बे के नजाही बाजार स्थित श्री राम जानकी मंदिर में मां पीतांबरा देवी के तृतीय प्राण प्रतिष्ठा दिवस के मौके पर भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में लोगों ने प्रसाद पाया और धन्य हुए। मंदिर के महंत श्रीश्री 1008 स्वामी उदय दास ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों के हमले से 28 लोगों की मौत व 20 से अधिक हुए घायलों के मामले में भारी दुख जाहिर किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आतंकवाद को जड़ से समाप्त करने की मांग किया। कहाकि जब तक आतंकवाद पूरी तरह से समाप्त नहीं होगा हमारे देश के निर्दोष लोग मारे जाते रहेंगे। इस मौके पर नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष राधा साहू, चेयरमैन पति राम कुमार साहू, संगीता तिवारी, धर्मेंद्र उत्तम, सुशील गुप्ता, कर्मेंद्र सिंह, सुरेश सिंह चौहान, उदयभान सिंह, आदित्य सिंह, पुष्कर गुप्ता, गार्गी देवी, इंदिरा सक्सेना, प्रिया गुप्ता, अशोक कुमारी सिंह, अनुभा सिंह, राममोहन गुप्ता, उपेंद्र यादव भी मौजूद रहे।

जिपं सदस्य लोहारी के सहयोग से सीएचसी में लगा कैंप

फतेहपुर। हुसैनगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में शुक्रवार को दो दिवसीय वयोश्री व दिव्यांगजन कैंप का आयोजन हुआ, जिसमें दो सैकड़ा से ज्यादा व्यक्तियों का रजिस्ट्रेशन कराया गया। कैंप में जिला पंचायत सदस्य अजय सिंह उर्फ रिंकू लोहारी ने सहयोग किया। कैंप में विभिन्न क्षेत्रों व गांवों से आए हुए वरिष्ठजनों व दिव्यांगजनों का रजिस्ट्रेशन कराया गया। जिन्हें अतिशीघ्र व्हील चेयर, छड़ी, कान की मशीन, बैटरी रिक्शा आदि एलिम्को के सहयोग से दिया जाएगा। कैंप में डा. रानी सिंह, डा. श्रीकांत की टीम व जिला पंचायत सदस्य रिंकू लोहारी ने पूरा सहयोग किया। श्री लोहारी ने बताया कि इस कैंप के माध्यम से प्रत्येक गरीब व्यक्ति को उनका अधिकार दिलाया जाएगा।

जिहादी आतंकवाद व्यवस्थित युद्ध का हिस्सा है

- हृदयनारायण दीक्षित

दुनिया अनेक युद्धों की गिरफ्त में है। कहीं युद्ध जारी है और कहीं वैश्विक तनाव के कारण युद्ध की संभावनाएं हैं। भारत में कश्मीर के पहलगाम में हृदय विदारक जिहादी हमला हुआ है। इसे युद्ध कहना ज्यादा उचित होगा। यह स्वतंत्र घटना नहीं है। इसके पहले भी अनेक ऐसे ही हमले हुए हैं। क्या मुंबई के '26/11' के नाम से चर्चित नवंबर 2008 के हमले को केवल आतंकवादी घटना कहा जा सकता है? यह दरअसल अपने ढंग के जिहादी युद्ध का ही रौद्र रूप है। इस्लामिक विचारधारा के अंतरराष्ट्रीय विद्वान प्रोफेसर डेनियल पाइप (इन दि पाथ ऑफ गॉड,पृष्ठ 46) ने कहा था जिहाद एक अंतरराष्ट्रीय धारणा है। यह संसार के इंसानों को दो भागों में बांटती है। एक दारुल हरब, जहां इस्लाम का राज नहीं है। दूसरा दारुल इस्लाम जहां इस्लामी राज्य है। जिहाद इन लोगों के मध्य निरंतर युद्ध की स्थिति है। इस्लामी चिंतन के विद्वान मौलाना मौदूदी कहते हैं, 'दीन की स्थापना के मकसद से हुकूमत पर कब्जा करने के लिए युद्ध की इजाजत है।' (इस्लामिक लॉ एंड कांस्टीट्यूशन, पृष्ठ 177, खुर्शीद अहमद)

दरअसल इस्लामी चिंतन में युद्ध एक अनिवार्य धारणा है। कुरान (2/216) में कहा गया है कि, 'तुम पर युद्ध अनिवार्य किया गया है।' यह भी हिदायत है, 'जो लोग अल्लाह के मार्ग में मारे जाएं, उन्हें मुर्दा न कहो बल्कि वह जिंदा हैं। कुरान (8.74) में कहा गया है,' जो अल्लाह के मार्ग में लड़ेगा, वह मारा जाय या विजयी हो, हम शीघ्र ही उसको बड़ा बदला देंगे। जिहादी युद्ध के लिए अपने जांबाज समर्थक तैयार करने के लिए ऐसी विचारधारा उपयोगी है। लगातार युद्ध की इस्लामी धारणा आतंकवादी समर्थक विचारकों के शोध का नतीजा नहीं है। इस्लामी विद्वानों के तमाम लेख और विचार दुनिया के चिंतनशील लोगों के लिए बेचैनी है। दुनिया को इस्लाम में शामिल करना उनका लक्ष्य है। जिहादी आतंकवाद व्यवस्थित युद्ध का हिस्सा है।

भारतीय दर्शन में सत्य की विजय का आश्वासन है। 'सत्यमेव जयते' की घोषणा मुण्डकोपनिषद में है। मगर जीवन में सत्य की विजय प्रायः नहीं दिखाई पड़ती। संसार में शक्ति की विजय ही दिखाई पड़ती है। इसे भारतीय विचार में 'मत्स्य न्याय' कहा गया है और यूरोप में 'सर्वाइवल ऑफ फिटेस्ट'। छोटी मछली बड़ी मछली खा जाती है। बड़ी मछली को मछुआरे पकड़ लेते हैं। वन में शेर बलवान है। वह वनराज है। छोटे जीवों को बड़े जीव खा जाते हैं। कठोपनिषद में कहा गया है कि आत्मतत्व का ज्ञान बलहीन को नहीं मिलता-नायेनात्मा बलहीन लाभ्यो। संसार कर्म क्षेत्र है। युद्ध क्षेत्र है। धर्म क्षेत्र है। शक्ति की विजय भौतिक अध्ययन के निष्कर्ष हैं। सारी दुनिया के इतिहास में युद्धों के किस्से हैं। पिता शाहजहां को औरंगजेब द्वारा पीने का पानी न उपलब्ध कराने की घटना महत्वपूर्ण है। परिवार में भाई द्वारा भाइयों की हत्या के उदाहरण भी तमाम हैं। क्या युद्ध मानव जाति का स्वभाव है?

भारतीय चिंतन में शक्ति का महत्व है। श्रीराम विश्व मानवता के मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। स्वाभाविक महानायक हैं। गीता में श्रीकृष्ण श्रेष्ठ विभूतियों का उल्लेख करते हैं। कहते हैं, 'ऋतुओं में बसंत मैं हूं। नदियों में गंगा मैं हूं। वृक्षों में पीपल का वृक्ष मैं हूं। शस्त्रधारियों में शस्त्रधारी श्रीराम मैं ही हूं।' श्रीराम के अनेक रूप हैं। लेकिन शस्त्रधारी श्रीराम की बात ही दूसरी है। भारतीय देव प्रतीकों में शस्त्रधारियों की संख्या कम नहीं है। परमवीर हनुमान वज्रधारी हैं। परशुराम फरसा धारण करते हैं। ऋग्वेद में रुद्र बिजलियां गिराते हैं। दुर्गा देवी अनेक शस्त्र धारण करती हैं। श्रीकृष्ण सुदर्शन चक्र धारण करते हैं। वैदिक देवता इंद्र शस्त्र धारण करते हैं। भौतिकवादी दृष्टि से गीता का पूरा दर्शन युद्ध भूमि के तनाव की प्रेरणा है। अर्नाल्ड टायनबी ने 'दि स्टडी ऑफ हिस्ट्री' में सभ्यताओं के जन्म की परिस्थितियों का विवेचन किया है। उन परिस्थितियों का भी विवेचन है, जिनमें सभ्यताओं का पतन होता है। डॉ. राधाकृष्णन ने एक भाषण माला (1924) में कहा था कि, 'सभ्यता मनुष्यों द्वारा आसपास की परिस्थितियों के साथ कठिन सम्बंधों में तालमेल बिठाने का परिणाम होती है।' टायनबी ने इस प्रक्रिया को 'चुनौती और प्रतिभावन' के ढंग की प्रक्रिया माना है। बदलती हुई परिस्थितियां समाजों के लिए चुनौती के रूप में सामने आती हैं और उनका सामना करने से भी सभ्यताओं का जन्म और विकास होता है।' अपने आप को परिस्थितियों के अनुकूल ढालने के अनवरत प्रयत्न का नाम जीवन है। जब हम अपने आपको सफलतापूर्वक उनके अनुकूल ढाल लेते हैं, तब हम प्रगति कर रहे होते हैं और जब बर्बरता चुनौती देती है तो युद्ध अनिवार्य हो जाता है। इसी भाषण माला में डॉ0 राधाकृष्णन ने कहा है कि, 'युद्ध अच्छे उद्देश्यों को पूरा करने के साधन है।' यहां कुछ उद्धरण दिए जाते हैं जिनसे यह बात स्पष्ट हो जाएगी। नीत्शे का कथन है, 'जो राष्ट्र दुर्बल और दयनीय होते जा रहे हैं, उनके लिए, युद्ध को औषधि के रूप में सुझाया जा सकता है।' उसने कहा, 'पुरुषों को युद्ध का प्रशिक्षण दिया जाए। बाकी सब बातें बेहूदा हैं।' यदि उद्देश्य अच्छा हो, तो उसके कारण युद्ध तक को भला समझा जा सकता है। अच्छे युद्ध के कारण किसी भी उद्देश्य को भला समझा जा सकता है। गीता में, 'परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम्-युद्ध का उद्देश्य है।' रस्किन का कथन है, 'महान राष्ट्रों ने अपने विचारों की सत्यता और सफलता को युद्धों में ही पहचाना है। युद्धों द्वारा वे राष्ट्र पनपे और शांति द्वारा नष्ट हो गए।' युद्ध में उनका जन्म हुआ और शांति में वह मर गए। मोल्टेक ने कहा, 'युद्ध परमात्मा के संसार का आंतरिक अंग है, जो मनुष्य के सर्वोत्तम गुणों का विकास करता है। स्थाई शांति केवल एक स्वप्न है और वह भी कोई सुंदर स्वप्न नहीं।' बर्नहार्डी ने घोषणा की युद्ध एक प्राणी शास्त्रीय आवश्यकता है। यह मानव जाति के जीवन में एक अनिवार्य नियामक वस्तु है। युद्ध के अभाव में घटिया और चरित्रहीन जातियां स्वस्थ और सशक्त जातियों पर हावी हो जातीं और परिणामस्वरुप पतन ही होता। युद्ध नैतिकता का एक अनिवार्य उपकरण है। यदि स्थितियों के कारण आवश्यकता हो, तो युद्ध करवाना न केवल उचित है, अपितु राजनीतिज्ञों का नैतिक और राजनीतिक कर्तव्य भी है। ओसवाल्ड स्पैंगलर लिखता है, 'युद्ध उच्चतर मानवीय अस्तित्व का शाश्वत रूप है। राष्ट्रों का अस्तित्व ही केवल युद्ध करने के लिए है।' आर्थर कीथ ने 1931 में ऐबर्डीन विश्वविद्यालय में भाषण देते हुए कहा था, 'प्रकृति अपने मानवीय उद्यान को छंटाई द्वारा स्वस्थ बनाए रखती है। युद्ध उसकी कतरनी है। हम उसकी सेवाओं के बिना काम नहीं चला सकते।' सभी राष्ट्रों में ऐसे व्यक्ति हुए हैं, जिन्होंने युद्ध को शक्ति प्रदान करने वाले के रूप में स्तुति की है। कहा जाता है कि युद्ध से साहस, स्वाभिमान, निष्ठा और वीरता जैसे उच्च गुणों का विकास होता है। लेकिन भारत युद्ध प्रिय देश नहीं है। यह गाँधी, बुद्ध, विवेकानन्द व हेडगेवार का देश है।

हम पर युद्ध थोपा गया है। अब युद्ध का कोई विकल्प नहीं। राष्ट्र मर्माहत है। भारत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जवाबी कार्रवाई शुरू कर रहा है। गृह मंत्री अमित शाह प्रतिपल सजग व सक्रिय हैं। राजनाथ सिंह सेना की बैठकें कर रहे हैं। विपक्ष ने पूरे सहयोग का आश्वासन दिया है। गीता के प्रवचन के अंत में संजय ने कहा, 'यत्र योगेश्वरः कृष्णो यत्र पार्थो धनुर्धरः। तत्र श्रीर्विजयो भूतिर्ध्रुवा नीतिर्मतिर्मम। (गीता 18.78)-जहाँ श्रीकृष्ण और धनुर्धर अर्जुन हैं, उसी पक्ष की विजय सुनिश्चित है।''

प्रेमचंद की कहानियां



ईदगाह

ग्रामीणों का यह छो दल अपनी विपन्नता से बेखबर सन्तोष और धैर्य में मगन चला जा रहा था। ब के लिए नगर की सभी चीजें अनोखी थीं। जिस चीज की ओर ताकते, ताकते है रह जाते। और पीछे से बार-बार हॉर्न की आवाज होने पर भी न चेतते। तो मोटर के नीचे जाते-जाते बचा।

सहसा ईदगाह नजर आया। ऊपर इमली के घने वृक्षों की छाया। नीचे पह फर्श है, जिस पर जाजिम बिछा हुआ है। और रोजेदारों की पंक्तियां एक के ए एक न जाने कहां तक चली गयी हैं, पक्के जगत के नीचे तक, जहां जाजिम नहीं है। नये आने वाले आकर पीछे की कतार में खड़े हो जाते हैं। आगे का नहीं है। यहां कोई धन और पद नहीं देखता। इस्लाम की निगाह में सब बरस हैं। इन ग्रामीणों ने भी वजू किया और पिछली पंक्ति में खड़े हो गये। कितना मुरा संचालन है, कितनी सुन्दर व्यवस्था ! लाखों सिर एक साथ सिजदे में झुक ह हैं, फिर सब-के-सब एक साथ खड़े हो जाते हैं, एक साथ झुकते हैं और एक साथ घुटनों के बल बैठ जाते हैं। कई बार यही क्रिया होती है, जैसे बिजली में लाखों बत्तियां एक साथ प्रदीप्त हों और एक साथ बुझ जायें, और यही क्रम चला रहे। कितना अपूर्व दृश्य था, जिसकी सामूहिक क्रियाएं, विस्तार और अनन्त हृदय को श्रद्धा, गर्व और आत्मानन्द से भर देती थीं, मानो भ्रातृत्व का एक मूर इन समस्त आत्माओं को एक लड़ी में पिरोये हुए है।

नमाज खत्म हो गयी है। लोग आपस में गले मिल रहे हैं। तब मिठाई और खिलौने की दुकानों पर धावा होता है। ग्रामीणों का यह दल इस विषय में बालों से कम उत्साही नहीं है। यह देखो, हिंडोला है। एक पैसा देकर चढ़ जाओ। कर्म आसमान पर जाते हुए मालूम होंगे, कभी जमीन पर गिरते हुए। यह चीं। लकड़ी के हाथी, घोड़े, ऊंट छड़ों से लटके हुए हैं। एक पैसा देकर बैठ जाओ और पच्चीस चक्करों का मजा लो। महमूद और मोहसिन और नूरे और सम्मी इन घोड़ों और ऊंटों पर बैठते हैं। हामिद दूर खड़ा है। तीन ही पैसे तो उसके पान हैं। अपने कोष का तिहाई जरा-सा चक्कर खाने के लिए नहीं दे सकता।

सब चर्खियों से उतरते हैं। क्रमशः...

'मज़हबी उन्माद का घिनौना चेहरा है आतंकवाद'

- डॉ. सुधाकर आशावादी

किसी भी भूभाग पर रहने वाले लोगों का जीवन उस भूभाग पर उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों के आधार पर ही निर्भर रहता है। इसलिए पृथ्वी का जो भूभाग व्यक्ति के लिए अन्न, जल व आवास की व्यवस्था करता है। उस भाग के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करना व्यक्ति का प्रथम दायित्व होना चाहिए। विश्व भर में ऐसा ही है जहां राष्ट्र सर्वोपरि की भावना से प्रत्येक नागरिक राष्ट्र के प्रति समर्पित रहता है । कई देशों का विधान ही ऐसा है, जहां व्यक्ति अपनी व्यक्तिगत आस्थाओं के अनुपालन में राष्ट्र धारा के प्रतिकूल आचरण करने का दुस्साहस नही कर सकता। विडंबना है कि भारत जैसे लोकतांत्रिक राष्ट्र में मज़हब के नाम पर लोगों को मनमानी की छूट प्राप्त है, जिस कारण कुछ लोग मज़हबी उन्माद में जीयो और जीने दो के सिद्धांत की अवहेलना करने में पीछे नहीं रहते, जिसके परिणाम स्वरूप देश में धार्मिक उन्माद आतंकवाद जैसी अमानवीय हिंसा को निमंत्रण देता है।

कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के उपरांत सैलानियों की सुरक्षा और गुप्तचर एजेंसियों की विफलता पर सवाल तो उठेंगे ही, मगर इस आतंकी हमले में समूचे देश में विगत अनेक बरसों से राष्ट्र से पहले मजहब को मानने का प्रचलन भी कम दोषी नहीं है। कौन नहीं जानता कि किसी भी पंथ निरपेक्ष राष्ट्र में सभी को अपने अपने धार्मिक मूल्यों के आधार पर पूजा पद्धति अपनाने और सांस्कृतिक व परम्परागत उत्सव मनाने का अधिकार है, किन्तु यह अधिकार राष्ट्रीय एकता और अखंडता पर प्रहार करने तथा राष्ट्य अनुशासन को अस्वीकार करने की स्वतंत्रता प्रदान नहीं करता। किसी भी समृद्ध लोकतंत्र में आम आदमी के लिए दो विधान नहीं हो सकते। भारत का दुर्भाग्य है कि कतिपय राजनीतिक स्वार्थ के चलते कुछ राजनीतिक दलों ने सत्ता बहुमत के आधार पर संविधान में मनमाने संशोधन करके खास धर्म के अनुयायियों को विशेषाधिकार प्रदान किए। अल्पसंयकों में भी भेदभाव किया। अल्पसंख्यकों की गणना हेतु समुचित मानक निर्धारित नहीं किए, जिसका दुष्परिणाम यह हुआ कि अल्पसंख्यक होने का अधिकाधिक लाभ केवल एक ही मजहब के अनुयायियों ने अधिक उठाया। सरकारी योजनाओं के नाम पर फर्जी संस्थान स्थापित करके करोड़ों रुपये के अनुदान प्राप्त किए। बिना किसी आधार के सरकारी और व्यक्तिगत सम्पत्तियों को वक्फ की संपत्ति घोषित करके समाज में विघटनकारी स्थिति उत्पन्न की। देश की संसद में भी अपने अनुरूप संविधान में संशोधन कराया तथा माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्णयों को भी अपने मजहबी मामलों में दखल घोषित करके नकारा। इतिहास साक्षी है कि विश्व के किसी भी लोकतांत्रिक देश में ऐसी दबाव की एक पक्षीय नीतियों को कोई मान्यता नहीं दी जाती। विश्व में राष्ट्र सर्वोपरि की भावना से ही व्यवस्था सुचारू रहती हैं। जिन मजहबी रिवायतों को इस्लामिक राष्ट्र भी अपने देश में लागू नहीं करते, उन मजहबी रिवायतों के नाम पर भारत में धरने प्रदर्शन करके राष्ट्र को नकारने में भी संकोच नहीं किया जाता। यह चिंताजनक स्थिति है, जिससे निपटने के लिए एक देश एक कानून और समस्त लोकतान्त्रिक मूल्यों को धार्मिक आस्थाओं से ऊपर उठकर स्वीकारने पर बल दिया जाना आवश्यक है। भारत जैसे देश में मजहब के नाम पर कट्टरपन और आतंक को किसी भी स्थिति में सहन नहीं किया जा सकता। सो आवश्यक है कि संविधान से अल्पसंख्यक और बहुसंख्यक जैसे शब्दों की जगह केवल नागरिक शब्द को मान्यता दी जाए। कोई भी मजहब राष्ट्र से बड़ा नहीं हो सकता, सो समान नागरिक संहिता, कठोर जनसंख्या नीति, नागरिक पंजीकरण की व्यवस्था प्राथमिकता के आधार पर हो। राष्ट्र के समग्र विकास और आत्मनिर्भर भारत बनाने हेतु मुफ्त में प्रदान की जाने वाली सुविधाएं तत्काल प्रभाव से बंद हों।

यदि समय रहते मजहबी उन्माद को नहीं रोका गया, तो वह दिन दूर नहीं, कि जब कट्टरपंथी सिर्फ कश्मीर में ही नहीं, बल्कि देश के अन्य हिस्सों में भी धर्म पूछकर अपने खतरनाक मंसूबों को अंजाम देने से का दुस्साहस न करें। सो समय से ही यदि आतंकियों पर कठोर कार्यवाही अपेक्षित है।

।। चाणक्य नीति ।।

✢✢✢

धनहीनो न हिनश्च धनिकः सः सुनिश्चयः।
विद्यारत्नेन हीनो यः सः हीनः सर्ववस्तुषु ॥

धनहीन होने पर किसी को निर्धन नहीं कहा जा सकता, वह तो निश्चित रूप से धनिक है। जो व्यक्ति विद्यारत्न से हीन है, वह संसार की सभी वस्तुओं से हीन है, अर्थात् सबसे बड़ा निर्धन है; क्योंकि सच्चा धन तो विद्या है।

✢✢✢

दृष्टिपूतं न्यसेत् पादं वस्त्रपूतं पिबेज्जलम्।
शास्त्रपूतं वदेद् वाक्यं मनःपूतं समाचरेत् ॥

मार्ग में चलने से पहले उसे अपनी आंख से भली प्रकार देख लेना चाहिए, जल को वस्त्र से छानकर पीना चाहिए, शास्त्र द्वारा संशोधित वाणी ही बोलनी चाहिए तथा पवित्र मन से ही दूसरों के साथ व्यवहार करना चाहिए।

✢✢✢

सुखार्थी चेत् त्यजेद् विद्यां चेत् त्यजेत् सुखम्।
सुखार्थिनः कुतो विद्या विद्यार्थिनः कुतो सुखम्॥

जो व्यक्ति सुख की इच्छा रखता है, उसे विद्या-प्राप्ति की आशा को सहयोगी छोड़ देना चाहिए और यदि वह विद्या प्राप्त करना चाहता है, तो उसे सुख का परित्याग करने के लिए तैयारी करनी चाहिए; क्योंकि सुखार्थी को विद्या और शिष्यों को सुख कभी प्राप्त नहीं हो पाता।

।। अमृत कलश।।

धर्म का पाखंड क्यों?

एक ब्राह्मण धर्म-कर्म में निमग्न रहता था। उसने जीवनभर पूजा-पाठ किए बिना कभी भी अन्न ग्रहण नहीं किया था। जब वृद्धावस्था आई तो वह बीमार पड़ गया और अपना अंत समय निकट जानकर विचार करने लगा, काश! प्राण निकलने से पूर्व मुझे गंगाजल की एक बूंद मिल जाती तो मेरे पापों का नाश हो जाता और मुझे मुक्ति मिल जाती।

तभी कबीरदास घूमते-घामते उस ब्राह्मण के घर पहुंचे और उसकी कुशल-क्षेम पूछकर कुछ सेवा करने की अभिलाषा व्यक्त की। उस ब्राह्मण ने कहा, बेटा, मैं सेवा करवाने का इच्छुक तो नहीं हूं लेकिन तुम्हारी सेवा भावना है तो मुझे एक लोटा गंगाजल लाकर दे दो। मैं मरने से पूर्व गंगाजल का सेवन कर पापों से मुक्ति चाहता हूं। कबीरदास गंगा किनारे गए और अपने ही लोटे में गंगाजल ले आए। ब्राह्मण ने जब देखा कि कबीरदास अपने लोटे में ही गंगाजल लाए हैं तो वह बोला, तुम्हें अपने लोटे में गंगाजल लाने के लिए किसने कहा था। जुलाहे के लोटे से गंगाजल ग्रहण कर मैं पापों से कैसे मुक्त हो सकूंगा। इससे तो मेरा धर्म भी भ्रष्ट हो जाएगा। कबीरदास बोले, हे ब्राह्मण देवता! जब गंगाजल में इतनी ही शक्ति नहीं है कि वह जुलाहे के लोटे को पवित्र कर सके, तब आपको उस जल से कैसे मुक्ति मिल पाएगी? कबीरदास का प्रश्न सुनकर वह ब्राह्मण निरुत्तर हो गया और निर्निमेष उनकी ओर ही देखने लगा।

काँव-काँव

✢✢✢

भारत छोड़ो आंदोलन में बहुगुणा रहे आगे-योगी
हिंदू महासभा के नेता अंग्रेजों के साथ थे!

ब्रिटेन अमेरिका के इशारे पर पाले आतंकी-पाक
मतलब मासूमियत की भी एक हद होती है!

राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर सरकार के साथ-राहुल
हमारी यही बात दुश्मनों को अच्छी नहीं लगती!

पाकिस्तानियों को तलाश कर वापस भेजें-शाह
घाटी में घुसे सैकड़ों आतंकियों का पता नहीं!

मौजूदा संघर्ष धर्म और अधर्म के बीच-भागवत
पूरी भागवत कथा इसी कथानक पर टिकी है!

यूपी बोर्ड परीक्षा में लड़कियों ने किया कमाल
लड़कों के पास पढ़ाई से ज्यादा जरूरी काम!

भारत-पाक तनाव से संसेक्स धड़ाम
करे कोई, भरे कोई!

रेलवे और कश्मीरी पंडित निशाने पर
कश्मीर की यही दो नाजुक नब्ज हैं!

✢✢✢

...तो पर्दे के पीछे से 'खेला' कर रहा है चीन

- निशिकांत ठाकुर

भारत को अंग्रेजों से आजादी दिलाने की भूमिका वर्षों पहले शुरू कर दी गई थी। फिर यह बात जब तय हो गई कि अब बंटवारा होकर ही रहेगा, तो प्रश्न यह उठने लगा कि इसका आधार क्या होगा? तब एक चुनाव हुआ जिसमें बढ़-चढ़कर हिंदू और मुसलमानों ने भाग लिया। निश्चय हुआ कि इस चुनाव में जिस तरफ जिसका बहुमत साबित होगा, उसी के अनुसार दो देश होंगे। एक तो हिंदुस्तान ही रहेगा, नए देश का नाम पाकिस्तान होगा। चूंकि संयुक्त पंजाब के आधे भाग के साथ पूर्वी बंगाल में भी मुस्लिम लीग को बहुमत मिला था, लेकिन इसके बावजूद कहा गया कि जिन्हें जिन्हें पाकिस्तान जाना हो, वे उधर जा सकते हैं और जिन्हें भारत की धरती प्यारी है, वह भारत में रह सकते हैं। इस अदला-बदली में काफी खून-खराबा हुआ और पाकिस्तान तथा पूर्वी पाकिस्तान का निर्माण हुआ। भारत दो खंडों में बंट गया। भारत हिंदू बहुल, तो पाकिस्तान और पूर्वी पाकिस्तान मुस्लिम बहुल देश बन गए। जिनके लिए भारत की जमीन प्यारी थी, वह हिंदुस्तान को अपने पूर्वजों की धरती मानकर किसी बहकावे में न आकर भारत में ही रहकर अपनी उदारता का परिचय दिया। इसी प्रकार जो हिंदू मुस्लिम पाकिस्तान की मिट्टी को अपनी जमीन मानते थे, वे पाकिस्तान-पूर्वी पाकिस्तान के हो गए। भारत के बंटवारे का लगभग यही इतिहास है, लेकिन इसे आज इसे कई नजरिये से देखा जाता है। उस पर बाद में कभी बात होगी।

अंग्रेजों ने अपनी नीति इस तरह बनाई थी कि हिंदू और मुस्लिम कभी साथ न मिल सकें। वे रेल की पटरियों की तरह चलें तो साथ-साथ, लेकिन कहीं मिल न पाएं। इसलिए दोनों समूहों के बीच दंगे-फसाद होते रहे और अंग्रेज इसका लाभ उठाते रहे। पाकिस्तान और पूर्वी पाकिस्तान का भारत से अलग होने के कई कारणों में एक यह भी कारण रहा, जिसका बेजा लाभ अंग्रेज उठाते रहे और भारत-पाकिस्तान बनाकर अपने देश लौटकर चले गए। जो मुस्लिम पाकिस्तान चले गए, वे आज भी वहां उपेक्षित हैं और मुज़ाहिर कहलाते हैं। फिर समय-समय पर होने वाले दंगे में अपने पछतावे पर आंसू बहाते रहते हैं और अल्पसंख्यक होने के कारण अपनी इज्जत भी गंवाते रहते हैं। वर्ष 1971 में भारत के विशेष सहयोग से पूर्वी पाकिस्तान कटकर बांग्ला देश बना, लेकिन कुछ समय तक तो बांग्ला देश भारत का ऋणी रहकर भारत के लिए समर्पित रहा, लेकिन वह केवल दिखावा था। आज वहां हिन्दू उपेक्षित हैं। भारत से ही अपनी खुन्नस उतारकर बांग्ला देश समय-समय पर आंखें दिखाता रहता है। वैसे भारत में यदि कुछ होता है, तो वह उसका निजी मामला है और यदि बांग्ला देश में दंगे या कोई अत्याचार अल्पसंख्यकों पर होता है, तो यह उसका भी निजी आंतरिक मामला है। लेकिन, जब किसी समुदाय विशेष पर अत्याचार होता है, तो फिर वह किसी देश का निजी मामला नहीं हो सकता है। लेकिन, आज बांग्ला देश ही नहीं, जहां भी हिन्दू अल्पसंख्यक हैं, वहां जब जानबूझकर अल्पसंख्यक के नाम पर उन्हें सताया जाने लगता है, वह अंतर्राष्ट्रीय मामला हो जाता है। भारत के मामले में चाहे पाकिस्तान ही क्यों ना हो, वहां के हिंदू भी अत्याचार के शिकार होने लगे हैं। आज तो स्थिति यह है कि भारत की आंतरिक घटनाओं पर भी बांग्ला देश सलाह देने लगा है। बताते चलें कि भारत द्वारा जब सीमा पर तार लगाने की बात आई थी, तब भी ढाका में बांग्ला देश के अधिकारियों ने भारतीय अधिकारी को आँखें तरेर करके चेतावनी दी थी। उसके बाद तो ऐसा लगातार होने लगा, जब बांग्ला देश भारत के आंतरिक मामलों में भी हस्तक्षेप करने लगा और भारतीय अधिकारियों को ज्ञान देने लगा। दूसरी तरफ पाकिस्तान का तो भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करना मानो जन्मसिद्ध अधिकार है। इसी क्रम में देखें तो पिछले दिनों जब भारतीय संसद ने वक्फ संशोधन कानून संसद में पेश किया, तो उस पर भी उसने टिप्पणी की थी। फिर बांग्ला देश क्यों पीछे रहता! वह भी भारत के पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हुए दंगों को लेकर हस्तक्षेप करना शुरू कर दिया है और आपत्तिजनक बयान दिया है, जिसे भारत ने खारिज कर दिया है। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणवीर जायसवाल ने ढाका में कहा भारत बांग्ला देश की टिप्पणी को खारिज करता है। जायसवाल ने कहा कि बांग्ला देश अपने यहां हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों की सुरक्षा पर ध्यान दे, न कि भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करे।

बांग्ला देश का जन्म ही 1971 में भारतीय सैनिकों द्वारा पाकिस्तान के लगभग एक लाख सैनिकों को आत्मसमर्पण के लिए मजबूर करने के साथ हुआ था, क्योंकि वहां पाकिस्तानी शासकों और सैनिकों द्वारा हिंसक कार्य किया जा रहा था। लेकिन, बांग्ला देश के तत्कालीन नेता मुजीबुर्र रहमान की याचना पर जनरल मानिक शाह को इस अभियान के लिए प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने कार्यभार सौंपा, और जनरल मानिक शाह ने वह कर दिखाया जो विश्व पटल पर इतिहास बन गया। जनरल मानिक शाह के निर्देशन में पाकिस्तान के लगभग एक लाख सैनिकों को उनके ही देश में घेरकर समर्पण करने के लिए मजबूर किया, जिसके कारण विश्व के नक्शे पर बांग्ला देश स्थापित हो सका। लेकिन, हद तो तब हो गई जब बांग्ला देश के सैनिकों ने सरकार का तख्ता पलटने के लिए एक साजिश के तहत मुजीबुर्र रहमान सहित उनके पूरे परिवार को गोलियों से भून दिया। स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद तीन साल तक मुजीबुर रहमान बांग्ला देश के प्रधानमंत्री के रूप में सरकार का नेतृत्व किया था।

अब आज की स्थिति को फिर से देखते हैं। पाकिस्तान का भारत के प्रति हिंसक रूप तो शुरू से ही रहा है, लेकिन 1971 में पूर्वी पाकिस्तान बांग्ला देश के निर्माण को लेकर वह भारत को आरोपित करता रहा और भारत को इसका साजिशकर्ता बताता रहा। अब भारत बांग्ला देश के साथ सदैव सदाशयता दिखाता रहा तथा हर मामले में उसकी मदद करता रहा, लेकिन यह इस देश का दुर्भाग्य रहा है कि जिस जिसने लोकतंत्र की बहाली के लिए पाकिस्तान की मदद की, उन सभी से इसने दुश्मनी मोल ली और अब तो भारत से भी पंगा लेने से बाज नहीं आ रहा है। भारत की मीडिया में जो बात अब तक सामने आई है, उसमें यह कहा गया है कि बांग्ला देश उस समय से भारत के खिलाफ उग्र धारण कर चुका है, जब से भारत ने उसके तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना को अपने यहां शरण दिया है। भारत का प्रयास तो सदैव यही रहा है कि वह अपने पड़ोसियों के साथ मित्रता का व्यवहार करे, जिसका पालन वह करता भी है, लेकिन किसी विदेशी और विशेष रूप से चीन की आक्रामक नीति के कारण वह कमजोर होता जा रहा है। ऐसा किन कारणों से हो रहा है, निश्चित रूप से इसकी जांच होनी चाहिए और इसका पता लगाया जाना चाहिए कि भारत के प्रति इस प्रकार आक्रामक नीति अपनाकर चीन हमें क्यों घेर रहा है? श्रीलंका, बांग्ला देश, नेपाल... जिसके भी साथ हमारा पुराना और मैत्रीपूर्ण संबंध रहा है, वे आज हमसे दूर क्यों होते जा रहे हैं और हमें ही लाल आंखें क्यों दिखा रहे हैं! निश्चित रूप से पाकिस्तान और चीन के पीछे खड़े होकर वह भारत के प्रति अनर्गल प्रलाप कर रहा है और हमारे आंतरिक मामलों में बार बार हस्तक्षेप कर रहा है। जब तक किसी को दूसरे की शक्ति का आभास नहीं होता, कोई अपने से बड़े ताकतवर से नहीं टकरा सकता। बांग्ला देश, श्रीलंका, पाकिस्तान और नेपाल आखिर किसके बल पर भारत जैसे मजबूत और शक्तिशाली देश से टकराने की हिम्मत कर रहा है? यह बड़ा ही गंभीर अंतर्राष्ट्रीय मामला है।

ऐसे बनाएं आंगन खूबसूरत और आकर्षक

घर का आंगन घर का वो हिस्सा होता है, जो न केवल घर की सुंदरता को बढ़ाता है, बल्कि वह घरवालों को ताजगी और शांति का अहसास भी कराता है। अगर आप चाहते हैं कि आपका आंगन खूबसूरत और आकर्षक दिखे, तो कुछ खास चीजों को अपनाकर आप इसे सजाने का काम कर सकते हैं। आइए जानते हैं, घर के आंगन को खूबसूरत लुक देने के लिए कौन-कौन सी चीजों का इस्तेमाल किया जा सकता है।

फूलों की बगिया

फूलों की रंग-बिरंगी बगिया आपके आंगन को सजीव और आकर्षक बना सकती है। आप गमले में फूलों के पौधे लगा सकते हैं या फिर एक छोटे से गार्डन का निर्माण कर सकते हैं। कुछ अच्छे फूल जो आंगन में लगाए जा सकते हैं जैसे गुलाब, चमेली, सूरजमुखी, बोगनविलिया, सूर्यमुखी। इन फूलों से न केवल आंगन में रंग-बिरंगे फूल खिलेंगे, बल्कि खुशबू भी महकेगी।



आर्टिफिशियल लाइटिंग

आंगन की रात की सुंदरता को बढ़ाने के लिए सही प्रकार की लाइटिंग का इस्तेमाल करें। आप स्टाइलिश लैम्प्स, Fairy Lights, या फिर लैंप पोस्ट का इस्तेमाल कर सकते हैं। इनसे आंगन में एक सुकून भरी और रोमांटिक वातावरण बनेगा।

हैंगिंग प्लांट्स

आंगन में जगह बचाने के लिए हैंगिंग प्लांट्स का इस्तेमाल करें। इन्हें दीवारों या छत से लटका सकते हैं। इनसे आंगन में एक जीवंत वातावरण बनेगा और आंगन और भी हरा-भरा दिखेगा।

टाइल्स और पत्थर

आंगन की जमीन को सुंदर बनाने के लिए आप रंगीन टाइल्स या पत्थरों का इस्तेमाल कर सकते हैं। विभिन्न प्रकार के पैटर्न से आंगन की जमीन को सजा सकते हैं, जिससे वह और भी आकर्षक नजर आएगा।

कुर्सियां और बेंच

आंगन में आराम से बैठने के लिए कुछ सुंदर कुर्सियां या बेंच रखें। आप लकड़ी की या धातु की बेंच का चुनाव कर सकते हैं, जो आंगन की सुंदरता को बढ़ाएंगी। इन पर तकिए और कुशन भी रखें, जिससे बैठने का अनुभव और भी आरामदायक बने।

घरेलू सामान से क्रिएटिव सजावट

आप घर के पुराने सामान का उपयोग करके भी आंगन को सजाने के आइडिया ट्राई कर सकते हैं। जैसे पुराने बूटों में पौधे लगाना, लकड़ी की पेटियों से छोटी सी कुर्सी बनाना, या फिर पुराने टिन के बर्तन को गमले में बदलना।

आंगन में घास और लॉन

अगर आपके पास जगह है, तो आंगन में हरी-भरी घास या लॉन बनवाना एक बेहतरीन आइडिया है। हरी घास आपके आंगन को ताजगी और एक शांतिपूर्ण लुक देती है। आप इसमें कुछ छोटे पौधे या पेड़ भी लगा सकते हैं।

घर के आंगन को खूबसूरत बनाने के लिए जरूरी नहीं कि बड़ी-बड़ी सजावट ही करें। कुछ छोटी-छोटी चीजें जैसे रंग-बिरंगे फूल, सजावटी सामान, और आरामदायक बैठने की जगह आपके आंगन को आकर्षक और खूबसूरत बना सकती हैं।

गूगल क्रोम से भी कई गुना तेज काम करता है ये ब्राउजर

कभी आपने वो मजाक सुना है? ब्राउजर का काम बस इतना है कि उसमें जाकर क्रोम डाउनलोड किया जाए। इंटरनेट एक्सप्लोरर के कम यूज के चलते उस समय इसका काफी मजाक बनाया जाता था। खासकर उन दिनों में जब इंटरनेट एक्सप्लोरर मजबूरी का नाम था। लेकिन वक्त बदल गया है और अब इंटरनेट एक्सप्लोरर की जगह Microsoft Edge ने ले ली है। हालांकि, अब यह उस मजाक का हिस्सा नहीं, बल्कि टेक्नोलॉजी की दुनिया में एक मजबूत दावेदार बन चुका है।

क्रोम से भी आगे निकलता एज

माइक्रोसॉफ्ट का एज ब्राउजर को साल 2015 में लॉन्च किया गया था और तब से लेकर आजतक इसमें कई सुधार किए गए है। अब इसकी परफॉर्मेंस काबिल-ए-तारीफ है। कई मामलों में ये गूगल के पॉपुलर क्रोम ब्राउजर से भी आगे निकल गया है। टेस्टिंग प्लेटफॉर्म्स जैसे BrowserBench बताते हैं कि एज की स्पीड क्रोम के मुकाबले कहीं ज्यादा है। कंपनी के अनुसार, यह क्रोम से करीब 112% तेज है।

कम रैम करता है कंज्यूम

पर बात यहीं खत्म नहीं होती। जो लोग ब्राउजर में एक साथ कई टैब्स खोल कर काम करते हैं, उनके लिए एज एक गेम-चेंजर साबित हो सकता है। 60 टैब्स खोलने पर जहां क्रोम लगभग 3.7 GB रैम खींचता है, वहीं, एज महज 2.9 GB में ही बेहतर परफॉर्मेंस देता है। ऐसे में कम रैम वाले लैपटॉप यूज़र्स के लिए एज एक बेहतरीन ऑप्शन बन जाता है।

माइक्रोसॉफ्ट से इंटीग्रेशन बनाता है इसे खास

एज की खासियत सिर्फ उसकी स्पीड या मेमोरी मैनेजमेंट नहीं है, बल्कि उसका माइक्रोसॉफ्ट एप्स के साथ सहज जुड़ाव भी इसे बाकी ब्राउजरों से अलग बनाता है। आउटलुक, आफिस 365 और वन ड्राइव जैसे टूल्स का बेहतर अनुभव एज में ही मिलता है, जो खासतौर पर वर्कफ्रॉमहोम और ऑफिस यूज़र्स के लिए फायदेमंद है।

क्रोमियम पर है बेस्ड

क्योंकि एज भी क्रोमियम बेस्ड है, आप क्रोम की लगभग सभी एक्सटेंशंस इसमें भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमें वर्टिकल टैब्स, साइडबार शॉर्टकट्स, डेडिकेटेड रीडिंग मोड और इनबिल्ट पीडीएफ एडिटर जैसे एक्स्ट्रा टूल्स भी दिए गए हैं जो कोम में मौजूद नहीं हैं।

एज क्यों नहीं हो पाया लोकप्रिय?

इतनी सारी खूबियों के बावजूद एज की मार्केट हिस्सेदारी आज भी 5त्न से नीचे है, जबकि क्रोम 60% से ज्यादा यूज़र्स के दिलों में राज करता है। इसके पीछे सिर्फ टेक्नोलॉजी नहीं, बल्कि माइंडसेट का रोल है। इंटरनेट एक्सप्लोरर की जो स्लो होने की छवि बनी थी, उसने लोगों के मन में माइक्रोसॉफ्ट ब्राउजर्स के प्रति एक नेगेटिव इमेज बैठा दी। यही वजह है कि जब 2015 में एज लॉन्च हुआ, तो लोगों ने उसे पुराने IE का नया वर्जन मान लिया, भले ही वो पूरी तरह से नया प्लेटफॉर्म था।

प्यार तो है लेकिन कमिटमेंट नहीं चाहता साथी, क्या है डेटिंग के आधुनिक नाम

आधुनिक दौर में रिश्तों की परिभाषा बदलने लगी है। युवा पीढ़ी के बीच डेटिंग अब पहले जैसी नहीं रही। इस दौर में प्यार, कमिटमेंट और रिश्ते के बीच एक नई भाषा और कई नए ट्रेंड सामने आए हैं, जो डेटिंग के आधुनिक टर्म के तौर पर प्रसिद्ध हो रहे हैं। अगर आप या आपके करीबी डेटिंग की दुनिया में हैं, तो इन टर्म्स को जानना बेहद जरूरी है ताकि रिश्तों को बेहतर समझा और संभाला जा सके।

सिचुएशनशिप

ये वो रिश्ता होता है जिसमें दो लोग एक-दूसरे के साथ होते हैं, लेकिन उनके रिश्ते की कोई ठोस परिभाषा नहीं होती। प्यार है, साथ है, लेकिन कोई कमिटमेंट नहीं। यह दोस्ती और रिलेशनशिप के बीच का एक कन्फ्यूजन वाला स्टेज होता है। जैसे, 'हम साथ रहते हैं, बातें करते हैं, लेकिन हमने कभी रिलेशनशिप की बात नहीं की।'

कैजुअल डेटिंग

इसमें लोग एक-दूसरे के साथ समय बिताते हैं, डेट पर जाते हैं, लेकिन बिना किसी गंभीर भविष्य की उम्मीद के। ये सिर्फ वर्तमान का आनंद लेने वाला रिश्ता होता है।

बेनचिंग

जब कोई व्यक्ति किसी को पूरी तरह रिजेक्ट नहीं करता, लेकिन एक साइड लाइन पर रखकर, जरूरत पड़ने पर ध्यान देता है तो उसे 'बेंचिंग' कहते हैं। जैसे, खेल में खिलाड़ी को बेंच पर बैठाया जाता है।

फ्लीटिंग

जब कोई सिर्फ टाइम पास के लिए किसी के साथ रिलेशनशिप में आता है, तो इस स्थिति को फ्लीटिंग कहा जाता है।

गॉस्टिंग

जब कोई इंसान अचानक बिना कुछ बताए गायब हो जाए। उससे फोन, मैसेज सब पर बात बंद हो जाए,तो ये गॉस्टिंग कहलाता है। यह काफी आम हो गया है और बहुत से लोग इस व्यवहार से भावनात्मक रूप से आहत होते हैं।

ज़ॉम्बिइंग

अगर कोई व्यक्ति, जिसने आपको पहले घोस्ट कर दिया था, अचानक महीनों या सालों बाद वापस आकर मैसेज या कॉल करने लगे, तो इसे ज़ॉम्बिइंग कहा जाता है।

पॉकेटिंग

जब कोई व्यक्ति अपने पार्टनर को अपने परिवार या दोस्तों से छुपाकर रखता है और कभी अपने सोशल सर्कल में इंट्रोड्यूस नहीं करता, तो इसे पॉकेटिंग कहते हैं। यह रिलेशनशिप में कमिटमेंट की कमी दिखाता है।

कर्फ्यूइंग

जब आपका पार्टनर आपको एक तय समय के बाद रिप्लाई करना बंद कर देता है और हर दिन एक ही पैटर्न फॉलो करता है, तो इसे कर्फ्यूइंग कहते हैं।

ऑर्बिटिंग

ब्रेकअप के बाद अगर एक्स-पार्टनर सोशल मीडिया पर आपसे जुड़ा रहता है, तो इसे ऑर्बिटिंग कहते हैं। ऐसे में व्यक्ति अपने एक्स के जीवन की अपडेट सोशल मीडिया से लेता रहता है, लेकिन कभी बातचीत नहीं करता।

फोमो डेटिंग

इसमें लोग सिर्फ इसलिए डेटिंग करते हैं क्योंकि उन्हें डर होता है कि वो कुछ मिस कर रहे हैं। यह असली भावनाओं से ज्यादा ट्रेंड और दबाव से प्रेरित होता है।

रेसिपी

घर पर बनाएं ढाबा स्टाइल पंजाबी 'लस्सी'



गर्मियों में ठंडक का सबसे मज़ेदार और स्वादिष्ट उपाय है एक बड़ी सी गिलास में ठंडी-ठंडी पंजाबी लस्सी! खासतौर पर जब बात हो ढाबा स्टाइल लस्सी की, तो उसका स्वाद और भी खास होता है। इस लेख में हम जानेंगे कि कैसे आप घर पर ही बिल्कुल ढाबा जैसी गाढ़ी, मलाईदार और स्वादिष्ट लस्सी मिनटों में बना सकते हैं।

सामग्री

- ताज़ा दही-2 कप
- ठंडा पानी या दूध-1 कप (स्वाद अनुसार)
- चीनी-3-4 बड़े चम्मच (स्वाद के अनुसार)
- बर्फ के टुकड़े-5-6
- हरी इलायची पाउडर- 1/2 छोटा चम्मच
- गुलाब जल- 1 छोटा चम्मच (ऑप्शनल)
- केसर कुछ रेशे (ऑप्शनल)
- सजावट के लिए मलाई-1-2 बड़े चम्मच
- कटे हुए ड्राई फ्रूटस- (बादाम, पिस्ता - ऑप्शनल)

ढाबा स्टाइल लस्सी बनाने की विधि

1. सबसे पहले ताज़ा और ठंडा दही लें। उसे एक बड़े बर्तन या मिक्सर में डालें और अच्छे से फेंट लें, ताकि वह एकदम क्रीमी हो जाए।
2. फेंटे हुए दही में चीनी और इलायची पाउडर डालें। आप चाहें तो थोड़ा सा गुलाब जल और केसर भी डाल सकते हैं जिससे लस्सी में खास ढाबा जैसा फ्लेवर आए।
3. अब इसमें बर्फ के टुकड़े और ठंडा पानी या दूध डालें। ध्यान रखें कि पानी या दूध की मात्रा आप अपनी पसंद के अनुसार रखें – लस्सी अगर गाढ़ी चाहिए तो कम डालें, और पतली चाहिए तो थोड़ा ज़्यादा।
4. अब इन सब चीज़ों को मिक्सर में 1-2 मिनट चला लें या मथनी से अच्छे से मथ लें। जब लस्सी झागदार और क्रीमी हो जाए, तब समझ लीजिए तैयार है।
5. अब तैयार लस्सी को एक बड़े ग्लास में डालें। ऊपर से 1 चम्मच मलाई डालें कुछ कटे हुए बादाम और पिस्ता से सजाएं। बस! तैयार है आपकी ठंडी-ठंडी, झागदार, मलाईदार ढाबा स्टाइल पंजाबी लस्सी।

अब आपको ढाबे तक जाने की जरूरत नहीं, इस आसान रेसिपी को अपनाकर आप घर पर ही बना सकते हैं एकदम देसी स्टाइल पंजाबी लस्सी।

इन देशों में बिना वीजा यात्रा कर सकते हैं भारतीय

इन विदेशी गंतव्यों में से कहीं भारतीय 14 दिन तक बिना वीजा के रह सकते हैं तो कुछ देशों में 90 या 120 दिनों तक भी ठहर सकते हैं

भारतीय नागरिकों के लिए बिना वीजा यात्रा की अनुमति देने वाले देश

भारतीय पासपोर्ट धारकों के लिए कई देश बिना वीज़ा के यात्रा की सुविधा प्रदान करते हैं।

1. **भूटान**- भूटान भारतीय नागरिकों को वीजा मुक्त यात्रा की सुविधा देता है लेकिन प्रवेश के लिए आपको प्रवेश परमिट की आवश्यकता होती है, जिसे आप आगमन पर आसानी से प्राप्त कर सकते हैं।
2. **नेपाल**- भारतीय यात्रियों को नेपाल में प्रवेश के लिए वीजा की आवश्यकता नहीं है। वह अपने पहचान पत्र को दिखाकर नेपाल यात्रा कर सकते हैं। उनके घूमने की कोई समयसीमा या अवधि भी नहीं है। वह जब तक चाहें नेपाल में रह सकते हैं।
3. **मॉरीशस**- मॉरीशस में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भारतीय नागरिकों को वीजा की जरूरत नहीं। पर्यटक 90 दिनों तक बिना वीजा के यात्रा कर सकते हैं। हालांकि व्यवसाय या दीर्घकालीन प्रवास के लिए वीजा की जरूरत होती है।
4. **मालदीव**- मालदीव भारतीय नागरिकों को 60 दिनों तक वीजा मुफ्त यात्रा की सुविधा देता है। यहां यात्रियों को पहले से वीजा लेने की आवश्यकता नहीं होती है, बल्कि आगमन के बाद इसे प्राप्त कर सकते हैं।
5. **सेशेल्स**- सेशेल्स भारतीय नागरिकों के लिए वीजा मुक्त है। यहां यात्रा से पहले वीजा लेने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि आगमन पर एक विजिटर परमिट मिलेगा जो आपको तीन महीने यानी 90 दिनों तक रहने की अनुमति देगा।
6. **फिजी** - चार महीने यानी 120 दिनों तक आप फिजी में बिना वीजा के यात्रा कर सकते हैं। हालांकि इससे अधिक समय तक फिजी में रहना हो तो उचित वीजा प्राप्त करना होगा।
7. **डोमिनिका** - भारतीय नागरिक डोमिनिका में बिना वीजा के 6 महीने तक रह सकते हैं। ये सुविधा पर्यटन, यात्रा या व्यवसाय के लिए जा रहे भारतीय नागरिकों को मिलती है।
8. **ग्रेनेडा**- भारतीय पासपोर्ट धारकों को ग्रेनेडा में प्रवेश करने के लिए वीजा की आवश्यकता नहीं होती है। 90 दिनों तक आप बिना वीज़ा के ग्रेनेडा में रह सकते हैं।
9. **बारबाडोस**- भारतीय नागरिक बिना वीज़ा के बारबाडोस की यात्रा कर सकते हैं। वे 90 दिनों तक बिना वीज़ा के बारबाडोस में रह सकते हैं।
10. **थाईलैंड**- थाईलैंड अब भारतीय नागरिकों के लिए बिना वीजा के यात्रा की सुविधा प्रदान करता है। यह सुविधा पर्यटकों को 60 दिनों तक बिना वीजा के थाईलैंड में रहने की अनुमति देती है और जरूरत पड़ने पर इमिग्रेशन ऑफिस में 30 दिनों तक का विस्तार भी संभव है

क्या खाने से आती है अंडे-चिकन जैसी ताकत

अगर आप शाकाहारी हैं और नॉनवेज नहीं खाते, तो क्या आपके लिए ताकत और ऊर्जा की कमी हो सकती है? यह सवाल कई लोगों के मन में होता है, लेकिन आज हम आपको बताएंगे एक घरेलू उपाय के बारे में जो आपके शरीर को भरपूर ताकत और ऊर्जा देगा। यह चमत्कारी चीज़ आपकी रोज़ की डाइट का हिस्सा बनकर आपके मसल्स को भी मजबूत करेगी और पाचन को दुरुस्त रखेगी। जानिए वह खास चीज़ क्या है!

शरीर को ताकत देने वाला है जीरा

जीरा सिर्फ खाने का स्वाद ही नहीं बढ़ाता, बल्कि इसमें मौजूद विटामिन बी12, आयरन, फाइबर, मैग्नीशियम और एंटीऑक्सीडेंट्स जैसे तत्व शरीर को मजबूत बनाते हैं। विशेषकर वो लोग जो नॉनवेज नहीं खाते, उनके लिए जीरा एक शाकाहारी सुपरफूड बन सकता है। इससे मिलने वाला विटामिन बी12 शरीर की थकान, कमजोरी और ध्यान की कमी जैसी समस्याओं को दूर करता है।

चिंता दूर भगाने के लिए रोजाना करें इन योगासनों का अभ्यास

जब व्यक्ति किसी चुनौती या दबाव का सामना करता है तो उसके मस्तिष्क में जो प्रतिक्रिया होती है, वह तनाव होता है। तनाव शरीर और मन की एक प्राकृतिक प्रतिक्रिया है जो हमें खतरे या दबाव से निपटने में मदद करती है। हालांकि जब लंबे समय तक यह प्रतिक्रिया आपके मन मस्तिष्क में रहती है तो यह अवस्था स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकती है। तनाव के कुछ सामान्य लक्षण हैं, जिस में सिरदर्द, पेट दर्द, थकान, नींद की समस्या आम बात है। वहीं चिंता, डर, गुस्सा और अवसाद इसका भावनात्मक लक्षण है। तनावग्रस्त व्यक्ति में चिड़चिड़ापन, एकाग्रता की कमी होती है और उसमें काम करने की इच्छा नहीं होती। तनाव से छुटकारा पाने के लिए योग और ध्यान असरदार प्राकृतिक उपाय हैं।

त्रिकोणासन

त्रिकोणासन के अभ्यास से शरीर संतुलित रहता है। ये आसन तनाव को कम करने में मदद करता है। इसके अभ्यास के दौरान शरीर के विभिन्न हिस्सों में खिंचाव आता है, जिससे तनाव और चिंता कम करने में मदद मिलती है। यह ध्यान केंद्रित करने में मदद करता है। त्रिकोणासन के अभ्यास के लिए सीधे खड़े होकर दाहिने पैर को 90 डिग्री बाहर की ओर और बाएं पैर को थोड़ा अंदर की ओर मोड़ें। अपने हाथों को कंधे के स्तर तक फैलाएं और श्वास लेते हुए दाहिनी ओर झुकें। दाहिने हाथ से दाहिने पैर को छूने की कोशिश करें और बाएं हाथ को ऊपर की ओर उठाएं।

भ्रामरी प्राणायाम

भ्रामरी प्राणायाम के दौरान निकलने वाली हम्म की आवाज मस्तिष्क को गहराई से शांत करती है, जिससे चिंता, गुस्सा और बेचैनी से आराम मिलता है।

इस प्राणायाम के अभ्यास के लिए आराम से बैठकर आंखें बंद कर लें। अब तर्जनी उंगलियों को दोनों कानों पर रखें। मुंह बंद रखते हुए नाक से सांस लें और छोड़ें। इस दौरान ऊँ का उच्चारण भी कर सकते हैं। इस प्रक्रिया को 5-7 बार दोहराएं।

बालासन

इस आसन का अभ्यास शरीर को आराम देता है और तनाव को कम करता है।

इसके अभ्यास के लिए वज्रासन की स्थिति में बैठकर माथे को जमीन पर लगा लें। दोनों हाथों को जमीन पर रखकर जांघों से छाती पर दबाव डालें। इस अवस्था में कुछ देर रुकें। इस आसन से दिमाग और मन शांत रहता है। नींद अच्छी आती है और तनाव कम हो सकता है।

-ज्योतिषाचार्य-पंडित आशीष शुक्ल

दैनिक पंचांग लखनऊ

रविवार, 27 अप्रैल, 2025

श्री शुभ सम्वत् 2082 शके 1947 श्री सूर्य उत्तर अयने पृथ्वी उत्तर गोलगते वसंत ऋतौ वैशाख मासोमते कृष्ण पक्षे अमावस्या तिथौ रवि वासरे 25/02/ अश्विनी नक्षत्रे 24/39/ प्रीति योग 24/19/ चर्तुष्पद करणे 14/56/ मेष राशिगत चन्द्रमा घं.मि.पर।

दैनिक पंचांग लखनऊ- स्नानदान श्रद्धदि की अमावस्या। सूर्य भरणी नक्षत्र में घं.19मि.10पर। बुध रेवती नक्षत्र घं.15मि.31 पर। अगस्त्यास्य घं.20मि13पर।

मेष : आर्थिक सुदृढ़ता आएगी। लाभ प्राप्ति के मार्ग बनेंगे। माता-पिता का सहयोग मिलेगा। सोच समझ कर निर्णय लेने पर लाभ होगा।

वृष : परिवार में क्लेश और तनाव से बचने की चेष्टा करेंगे तो अच्छा रहेगा। कुछ संयम और संतुलन रखना उचित होगा अन्यथा तनाव पैदा हो सकता है।

मिथुन : स्थाई एवं अस्थाई उद्यम लाभ देते रहेंगे। परिश्रम पूर्ण चेष्टाओं का शुभ लाभ निकलेगा और हार्दिक प्रसन्नता भी बढ़ेगी। संघर्ष के उपरांत विजय भी होगी।

कर्क : विपरीत स्थितियों व्यथित कर सकती हैं। घरेलू सुखों में कमी की स्थिति बनेगी । बढ़ते व्यय के कारण बचत कोष रिक्त होगा। किसी से टकराव अच्छा नहीं।

सिंह : शुभ कार्यों में व्यवधान उत्पन्न होगा। साधनों की कमी अनुभव। कार्य व्यवहार की अनियमितता बनाए रखना कठिन होगा। महत्वपूर्ण कार्य कोशिश के बाद बनेंगे।

कन्या : यात्रा करेंगे। मनोरंजन का अवसर मिलेगा। राजकीय क्षेत्र में जनसंपर्क बढ़ेगा। प्रतिष्ठा वृद्धि के साथ धन लाभ भी होगा। उत्तरदायित्व कुछ खर्चीले होंगें।

तुला : धनागमन होगा। पूर्व निर्धारित योजनाएँ फलीभूत होंगी ।रोजी रोजगार में सम्मान होगा। मान सम्मान बढ़ेगा। सत्परामर्श से लाभ होगा।

वृश्चिक : तनाव पैदा हो सकता है। सहयोगी की उपेक्षा ठीक नहीं होगी। व्यापार व्यवसाय यात्रा और लेखन के मामलों में साहस ठीक नहीं।

धनु : परिस्थितियों की जटिलता से कामकाज प्रभावित हो सकता है। समस्याओं के समाधान के लिए कठिन परिश्रम करना पड़ेगा। अधूरे कार्य पूर्ण होंगे।

मकर : अस्वस्थता रहेगी। कार्य की सफलता में रुकावट आएगी। परिवार में अव्यवस्था और विवाद की चिंता बढ़ेगी। लोभ व लालच में नैतिकता ना छोड़े।

कुंभ : अच्छे सहयोगी की तलाश रहेगी। पारिवारिक संबंधों में मतभेद होंगे मानसिक तनाव रहेगा। पूंजी निवेश से धन प्राप्ति होगी। बढ़ते व्यय की पूर्ति होगी।

मीन : घरेलू निर्णय के विषय में किसी सूचना से विचलित होंगे। विरोधी कमजोर होंगे किसी की करने का परिणाम तुम्हें भोगना पड़ेगा।

पण्डितपुर में चल रहे श्रीमद् भागवत महापुराण मैं कंस वध एवं उद्धव गोपी संवाद की कथा,

कुठौंद(जालौन)। विकासखंड कुठौंद की ग्राम पंचायत पंडितपुर में 2 जनवरी दिन गुरुवार से गणेश पूजन के साथ श्रीमद् श्रीमद् भागवत महापुराण की कथा शुरू हुई चल रहे कार्यक्रम में सरस मधुर कथा वाचक आचार्य पंडित श्री पुनीत जी मिश्रा राधे राधे दिवियापुर के मुखारविंद से पावन कथा भगवान का मथुरा गमन,कंस वध, उद्धव गोपी संवाद एवं भगवान का रुक्मणी के साथ विवाह की कथा आए हुए भक्तों ने सुनी ।

खबर एक नज़र

एसबीडीएम कालेज के प्रखर ने 90 प्रतिशत अंक पाकर रोशन किया माता पिता का नाम

जालौन : प्रखर को मिठाई खिलाती दादी ।

जालौन। पत्रकार के बेटे ने एसबीडीएम इंटर कॉलेज से हाईस्कूल में अंग्रेजी माध्यम से 90 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय और माता पिता का नाम रोशन किया। परिवार के लोगों ने मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया ।

नगर के पत्रकार अनुराग श्रीवास्तव के बेटे प्रखर श्रीवास्तव ने माध्यमिक शिक्षा प्ररिषद प्रयागराज के घोषित हाईस्कूल के परीक्षा परिणाम में एसबीडीएम इंटर कॉलेज से अंग्रेजी माध्यम में 90 फीसदी अंक प्राप्त किए हैं। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय और घर में खुशी का माहौल है। प्रखर ने बताया कि अंग्रेजी से अध्ययन करना कठिन नहीं है। बस विषय को समझने की आवश्यकता है। एक बार आप समझ गए तो फिर कोई डर नहीं है। उन्होंने अध्ययन के लिए समय को बांटा और मोबाइल से दूरी बनाई। इसके साथ ही आनलाइन भी शिक्षा ग्रहण की जो परीक्षा की तैयारी में मददगार साबित हुई। यही कारण है कि वह 90 फीसदी अंक ला सके। प्रखर की इस उपलब्धि से जहां पिता अनुराग श्रीवास्तव व मां नीलम श्रीवास्तव के साथ दादी आशा, बुआ प्रवीना, विवेचना, कल्पना, आराधना, रंजना, सरिता शशिलता, फूफा विकास समेत परिवार व स्कूल के लोग खुश नजर आए तथा मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया।

मथुरा देवी कालेज के मेधावी छात्राओं को बधाई दी पूर्वमंत्री श्रीराम पाल ने

जालौन। मथुरा देवी बालिका इंटर कॉलेज में छात्रों ने यूपी बोर्ड की परीक्षा

उरई : मेधावी छात्राओं को मिठाई खिलाता विद्यालय परिवार ।

में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मेधावियों को पूर्व मंत्री व राज्यसभा सांसद श्रीराम पाल ने बाधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

मथुरा देवी बालिका इंटर कालेज के परीक्षा परिणाम में राजेन्द्र पाल ने 93.57 प्रतिशत अंक पाकर विद्यालय में पहला स्थान प्राप्त किया। सुमित कुमार व दीपशिखा 90 प्रतिशत अंक लेकर संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहे। आदित्य सिंह 87.7 प्रतिशत अंक के साथ तीसरे व पियुष वर्मा 84 फीसदी अंक के साथ चौथे स्थान पर रहे। प्रबंधक पूर्व मंत्री व राजयसभा सांसद श्रीराम पाल, संचालक संतोष कुमार तिवारी व प्रधानाचार्या शिल्पी गुबरेले ने सभी मेधावियों को मिठाई खिलाई व उन्हें शुभकामनाएं देकर उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

जनपद के विकास परियोजनाओं को गति दें अधिकारी-सदर विधायक

ललितपुर। जनपद की विकास परियोजनाओं की समीक्षा और उन्हें गति

देने हेतु जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने जनपद के जनप्रतिनिधियों एवं कार्यदायी विभागों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक कर तेजी से निर्माण कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये। बैठक में सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, राज्यमंत्री प्रतिनिधि नरेश पंथ, सांसद प्रतिनिधि दिनेश गोस्वामी, एमएलसी प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी, एमएलसी प्रतिनिधि अतुल निरंजन द्वारा नए कार्यों हेतु सुझाव दिए गए और उन्हें नई कार्ययोजना में शामिल करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने जनप्रतिनिधियों को आश्वस्त करते हुए कार्यदाई संस्थाओं व विभागों को निर्देश दिये कि नए कार्यों को कार्ययोजना में शामिल करते हुए प्रस्ताव बनाकर शासन भिजवाएं, ताकि जल्द से जल्द वे कार्य स्वीकृत हो सकें। बैठक में मुख्य रुप से वाईपास, रिंग रोड, धर्मार्थ कार्य, इंटरस्टेट चौड़ीकरण, सुदृढ़ीकरण कार्य व 2011 की जनगणना के आधार पर 150 से अधिक आबादी को जोड़ने के लिए नवनिर्माण कार्य, ब्लैक स्पोट सुधार कार्य, लघु, दीर्घ सेतु, रेवले उपर्गामी सेतु, मार्गों की सामान्य मरम्मत आदि योजनाओं के तहत विस्तृत चर्चा की गई और सुझाव मांगे गए, इसके उपरान्त लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग व अन्य विभागों ने नई कार्ययोजना का प्रस्तुतीकरण किया व राज्यमार्गों के चौड़ीकरण में बताया गया कि गिरार मार्ग का कार्य पूर्ण हो चुका है, इसके अलावा राजकीय मेडीकल कॉलेज से करगन दैलवारा तक एवं बिजरौठा मार्ग को प्रस्ताव में शामिल कर लिया गया है। जनप्रतिनिधियों ने अवगत कराया कि जमौरामाफी तरगुंवा मार्ग जो कई वर्षों से नहीं बनाया गया, उसे कार्ययोजना में शामिल करने का सुझाव दिया गया व जरावली मार्ग पर गांव से एक किमी कच्चे मार्ग को पक्का कराने हेतु प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए गए। यातायात व्यवस्था की समीक्षा में बताया गया कि शहर में स्थिति सामान्य है, अधिकाश दुर्घटनाएं तालबेहट क्षेत्र में हो रही हैं, जिन्हें कम करने का प्रयास किया जा रहा है, जिस पर निर्देश दिए गए कि शहर में डायवर्सन का कड़ाई से अनुपालन कराया जाए और बड़े वाहनों के निकलने का समय निर्धारित किया जाए। बैठक में लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण अभियंत्रण, पर्यटन, यातायात, सामाजिक वानिकी सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

सर्वोदय विद्यालय में प्रवेश हेतु अंतिम तिथि 14 मई

तालबेहट। जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय तरगुवां के प्रभारी प्रधानाचार्य दीपक कुमार चौबे ने अवगत कराया है कि जनपद में समाज कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय तरगुवां में शिक्षण सत् '25-26 में कक्षा-11 में प्रवेश हेतु आवेदन पत्र आंमत्रित किये जाते है व कक्षा-11 कला वर्ग, विज्ञान वर्ग गणित एवं जीव विज्ञान में प्रवेश हेतु 52 सीटें सामान्य-8, आ.पि.वर्ग-13, अनु.जा/अनु.जनजाति-31 रिक्त है। आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, हाईस्कूल अंक पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रतियां संलग्न करना अनिवार्य है। आवेदन प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 10 मई एवं आवेदन जमा करने की अन्तिम तिथि 14 मई है। चयनित अभ्यर्थियों की सूची 15 मई को प्रकाशित की जायेगी व आवेदन पत्र संस्था से किसी भी कार्य दिवस में निःशुल्क प्राप्त कर सकते है।

बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार होमगार्ड व बेटे की मौत

कदौरा : सीएचसी परिसर में मौजूद होमगार्ड के परिजन ।

- बाइक से पिता को ड्यूटी ले जाते समय हुआ हादसा
- थाना क्षेत्र के कठपुरवा मोड़ पर हुआ दर्दनाक घटना

कदौरा (जालौन)। होमगार्ड पिता को ड्यूटी के लिए बाइक से छोड़ने जा रहे पुत्र की बाईक पर बोलेरो ने टक्कर मार दी। जिससे मौके पर ही पिता पुत्र की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने टक्कर मारने वाली बेलेरो को कब्जे मे लेकर मामला दर्ज कर लिया है। पिता पुत्र की मौत से मृतक के घर में कोहराम मच गया है।

शुक्रवार रात को आटा थाना क्षेत्र के ग्राम बारा निवासी कदौरा थाने में तैनात होमगार्ड बीरेन्द्र कुमार पुत्र राम किशुन उम्र 55 वर्ष अपने पुत्र अविनाश उर्फ अवि उम्र 22 के साथ कदौरा थाने में ड्यूटी करने आ रहे थे। जैसे ही उनकी गाड़ी कठपुरवा मोड़ पर स्थित शराब ठेका से 100 मीटर पहले पहुची तो कदौरा की तरफ से आ रही टीयूवी कार ने बाइक में सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों पिता पुत्र उछल कर सड़क पर गिर गए जिससे दोनों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वही टक्कर मारने के बाद वाली कार अनियंत्रित होकर खाई में जाकर पलट गई। उसमें सवार लोग मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी तब हुई जब थाने से घर पर फोन किया गया की होमगार्ड ड्यूटी पर नही पहुचे है। होमगार्ड के बड़े पुत्र विजय राम ने बताया कि जब थाने से फोन आया कि पापा थाने नही पहुचे है तो उसके मन मे अनहोनी की आशंका हुई तो वह अपने एक साथी के साथ घर से पिता को ढूंढने के लिए निकला और जब वह घटना स्थल पर पहुचा तो पिता और उसका भाई दोनों मृत अवस्था में पड़े हुए थे। फिर उसने थाने फोन कर घटना की जानकारी दी।सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक प्रभात कुमार सिंह आनन फानन में घटना स्थल पर पहुंचे। प्राथमिक जांच पड़ताल करते हुए शवो को सीएचसी कदौरा पहुचाया गया, जहां पर चिकित्सक ने देखते ही दोनों पिता पुत्र को मृत घोषित कर दिया। मृतक होमगार्ड के दो बेटे और एक पुत्री सरिता है। पुत्री की शादी हो चुकी है। पत्नी गीता का रो रो कर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक प्रभात कुमार सिंह ने कहा की मृतक के बड़े पुत्र की तहरीर पर मामला दर्ज कर शवों को पोष्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

पहलगाम घटना के विरोध में व्यापारियों ने बाजार बंद कर सौंपा ज्ञापन

कोंच : पहलगाम घटना के विरोध एसडीएम को ज्ञापन सौपते व्यापारी ।

कोंच (जालौन)। आतंक बादियों द्वारा धर्म पूंछकर गोली मार दी क्योंकि मरने बाले कलमा पढ़ना नहीं जानते थे इस घटना से पूरे देश मे उबाल है और भारत के नागरिक अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं इस घटना के विरोध में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल नगर इकाई ने दिन शनिवार को अपने प्रतिष्ठानों को बंद कर एक जुटता दिखाते हुए नगर में भ्रमण कर राष्ट्र पति को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह को सौंपा जिसमें व्यापारियों ने बड़ी ही विनम्रता पूर्वक देश के सभी नागरिकों को पूर्ण सुरक्षा प्रदान की जाने की बात कहते हुए 22 अप्रैल 2025 पहलगाम में मजहब की पहचान कर 28 निर्दोष लोगों की निर्मम हत्या करने वाले आतंकवादियों के लिए यथा शीघ्र कठोर दंड दिए जाने की मांग की है उन्होंने यह भी लिखा कि आपके द्वारा की गई कार्यवाही से देश के नागरिकों में सुरक्षा की भावना प्रवल होगी यह व्यापारियों का दल रामगंज बाजार से होते हुए सर्राफा बाजार रामलीला भवन से लवली चौराहा स्टेट बैंक मुख्य मार्ग होते हुए उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंचा जहां पर घटना का विरोध करते हुए ज्ञापन सौंपा इस दौरान अखिल भारतीय व्यापार मंडल नगर इकाई अध्यक्ष पत्रकार संदीप अग्रवाल लोकतंत्र सेनानी चौ. वृजेन्द्र मयंक राजेन्द्र कुमार निगम प्रह्लाद सोनी महेंद्र अग्रवाल दीपक अग्रवाल मुकेश मोहित अनुज राकेश रोहित मुरारी राम मुरारी रविन्द्र कुमार देवेंद्र प्रभंजन अग्रवाल आनंद अग्रवाल विजय मुकेश वारिस राईन महेंद्र यादव सैफुल्ला प्रिंस राजीब राम विहारी सतीश मनोज जय शंकर अनिल राठौर मनीष सागर बिनय अमित सोनी शिवराम कन्हैया बिकास सहित तमाम व्यापारी मौजूद रहे।

गौवंशीय पशुओं का वध करने में शामिल आरोपियों के खिलाफ रासुका की बड़ी कार्यवाही

कालपी(जालौन)। बीते महीने स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गुलौली के जंगलों में गौवंशीय पशुओं का वध करके लोक व्यवस्था को छिन्न भिन्न करने वाले आरोपियों के खिलाफ प्रशासन के द्वारा कार्यवाही करते हुए कोतवाली प्रभारी निरीक्षक में दो आरोपियों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून रास्ता के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कराया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक 30 मार्च 2025 को कालपी कोतवाली के ग्राम गुलौली के जंगलों में गौवंश पशुओं के वध करने के मामले में पुलिस ने छापा मारकर भारी मात्रा में गौ मांस एवं सामान को बरामद किया था। इस घटना में मौके पर पकड़े गए आरोपी सिकंदर पुत्र अतर सिंह निवासी ग्राम गुलौली तथा 8 अन्य लोगों के विरुद्ध निवारण अधिनियम पशु क्रूरता निवारण अधिनियम तथा आर्म्स एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कराया गया था। इस प्रकरण में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक परमहंस तिवारी के टीम के द्वारा कई अन्य अभिव्यक्तियों को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया था। पुलिस अधीक्षक डा. दुर्गेश कुमार के निर्देशन के अनुरूप कोतवाली प्रभारी निरीक्षक परमहंस तिवारी ने उपरोक्त सिकंदर पुत्र अतर खान तथा सैयाज पुत्र नियाज़ अली निवासी ग्राम गुलौली थाना कालपी के विरुद्ध धारा 32 राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम 1980 के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस की इस बड़ी कार्यवाही से आरोपियों को लंबे समय तक जेल में गुजारना पड़ेगा।

थाना समाधान दिवस में समस्याएं सुनी वरिष्ठ उपनिरीक्षक ने

रामपुरा : समस्याएं सुनते उपनिरीक्षक सत्यपाल सिंह यादव ।

रामपुरा (जालौन)। आज रामपुरा थाना परिसर में वरिष्ठ उप निरीक्षक की अध्यक्षता सत्यपाल सिंह यादव की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमे दो शिकायते प्राप्त हुई, जिसमे से दोनों शिकायते राजस्व से सम्बंधित रही। एक शिकायत का निस्तारण मौके पर कर दिया। वरिष्ठ उप निरीक्षक सत्यपाल सिंह ने जानकारी देते बताया कि जो शिकायत शेष बची हैं। उसका निस्तारण हेतु टीम गठित कर दी। जिसका निस्तारण गुड़ दोष के आधार पर मौके पर जाकर कर दिया जाएगा। थाना समाधान दिवस वरिष्ठ उप निरीक्षक सत्यपाल सिंह यादव तहसील से आरआई अशोक कुमार, उपनिरीक्षक सुनील कुमार, उपनिरीक्षक शिव श्याम पाण्डेय, लेखपाल संदीप सिंह, लेखपाल योगेंद्र सिंह, लेखपाल शशांक सोनी, लेखपाल अजय पाल, लेखपाल, श्रीप्रकाश राठौर, पीएलवी सीमा झा आदि लोग मौजूद रहे।

थाना समाधान दिवस में आयी एक शिकायत मौके पर निस्तारण शून्य

कोंच(जालौन)। दिन शनिवार को कोतवाली परिसर में प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार पांडेय की अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें एक फरियादी ने अपनी-अपनी समस्या से सम्बंधित प्रार्थना पत्र अधिकारियों के समक्ष रखकर उसके निस्तारण की मांग की जिस पर अधिकारियों द्वारा मौक़े पर प्रार्थना पत्र का निस्तारण न हो सका और आये हुए प्रार्थना पत्र को सम्बंधित अधिकरी को सौंपते हुए उन्हें जल्द से जल्द निस्तारण का आदेश दिया इस दौरान प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि शासन की मंशा के अनुसार शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर गुणवत्ता एवं पारदर्शिता के साथ किया जाए जिससे किसी भी पक्ष को हानि न हो उन्होंने यह भी।कहा कि जो भी शिकायत आयी है। इसका निस्तारण जल्द और पारदर्शिता के साथ किया जाए और जहां भी समस्या के निस्तारण में पुलिस बल की जरूरत है। समय से पुलिस बल उपलब्ध कराया जायेगा ताकि समस्या का हल निकल सके इस अवसर पर कोतवाल क्राइम लल्लूराम रावत राजस्व निरीक्षक राजेन्द्र कुमार वर्मा प्रेम किशोर दिलीप कुमार पटेल चन्द्र प्रकाश साहू नरेंद्र बाबू गुप्ता वृजराज सिंह रमेश चन्द्र महेश चंद्र दिनेश कुमार राम धीरज वाल कृष्ण पीयूष वर्मा अशोक कुमार हेमलता जोशी अंकिता श्रीबास्तव आरती निरंजन संजना आदि मौजूद रहीं।

अवैध खनन एवं परिवहन करने वालों पर निगरानी रखकर की जा रही कार्यवाही-डीएम

- फर्जी परिवहन प्रपत्र तैयार करने वाले गिरोह पर मुकदमा दर्ज

ललितपुर। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने जानकारी देते हुये बताया कि शिकायती प्रार्थना पत्र के क्रम में लोक निर्माण विभाग में ऑनलाइन सत्यापित किये जा रहे खनिजों के परिवहन प्रपत्रों की जांच हेतु समिति का गठन किया गया व गठित जांच समिति के सदस्यों द्वारा कार्यालय लोक निर्माण विभाग में ऑनलाइन सत्यापित किये जा रहे खनिजों के परिवहन प्रपत्रों की जांच की गयी व जांच के दौरान ललितपुर से देवगढ़ रोड के निर्माण कार्य करा रहे ठेकेदार विक्रम सिंह पुत्र प्रीतम सिंह द्वारा प्रस्तुत खनिज परिवहन प्रपत्र कूट रचित फर्जी पाये गये व ठेकेदार विक्रम सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त परिवहन प्रपत्र सौरभ तिवारी से क्रय की गयी थी व ठेकेदार विक्रम सिंह एवं सौरभ तिवारी संलिप्त व्यक्तियों द्वारा राजस्व की भारी हानि पहुंचायी जा रही थी व फर्जी परिवहन प्रपत्र तैयार करने वाले गिरोह पर भा.न.सं. की धारा 318, 336(3), सार्वजनिक सम्पत्ति नुकसान निवारण अधिनियम 1984 की सुसंगत धाराओं उत्तर प्रदेश उप खनिज परिहार नियमावली 2021 के नियम-3, 58 व 72 एवं अन्य सुसंगत धाराओं में सदर कोतवाली में मुकदमा दर्ज करा दिया गया है व अवैध खनन एवं परिवहन करने वाले लोगों पर लगातार सतत निगरानी एवं कार्यवाही की जा रही है, अगर भविष्य में कोई भी इस प्रकार का कृत्य करेगा तो उसके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जायेगी। खान अधिकारी ने बताया कि खनिज परिवहन प्रपत्र को उच्च सिक्योरिटी फीचर्स के साथ विभाग ने लागू किया है, जिसका डुप्लीकेट बनाया जाना सम्भव नहीं है, अगर इसमें कोई भी छेड़छाड़ करता है तो वह तुरन्त पकड़ में आ जाता है।

तहसीलदार के समक्ष समाधान दिवस में 6 मामले प्रस्तुत, दो का निस्तारण

कालपी(जालौन)। कोतवाली कालपी में प्रभारी निरीक्षक परमहंस तिवारी की मौजूदगी तथा तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी अध्यक्षता में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर फरियादियों के द्वारा 6 मामले प्रस्तुत किए गए। जिसमें दो मामलों को मौके पर निसारित कर दिया गया। जबकि अन्य मसलों को निपटाने के लिए राजस्व तथा पुलिस विभाग की टीमें मौके पर भेजी गई है।

उरई : समस्याओं को सुनते अधिकारी ।

शनिवार को कोतवाली परिसर में आयोजित थाना समाधान दिवस में पुलिस तथा राजस्व कर्मचारियों की मौजूदगी में आयोजित समाधान दिवस में राजस्व सम्बन्धित मामलो को लेकर शिकायते प्रस्तुत की गई है। मोहल्ला आलमपुर निवासिनी महिला छिद्दन ने विपक्षियों के खिलाफ घर का फर्जी बैनामा करने की शिकायत की। सगीर अहमद अंसारी निवासी मोहल्ला दमदमा ने घर के में गेट में विपक्षी के द्वारा आनें जाने में बाधा उत्पन्न करने का आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। ग्राम प्रधान सरसेला ने ग्राम समाज की जमीन को नुकसान पहुंचाने के दर्ज मुकदमे में आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई। पत्नी अब्दुल अजीज ने शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया है कि प्रार्थिया का पति विकलांग एवं नेत्रहीन है तथा ससुराल पक्ष देवर आदि लोग ढाई लाख रुपए अतिरिक्त दहेज की मांग करके प्रताड़ित कर रहे हैं ।ग्राम मैनपुर निवासिनी रेखा देवी ने शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया करके दिनांक 20 अप्रैल 2022 को प्रार्थिनी की शादी बड़ी मनकी थाना कुरारा जिला हमीरपुर में संपन्न हुई थी। लेकिन पति एवं नन्द तथा ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज के रूप में डेढ़ लाख रुपए की मांग कर रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक परमहंस तिवारी ने बताया कि समाधान दिवस में प्रस्तुत चार शिकायतों में से दो का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया है अन्य मामलों को निपटने के लिए राजस्व तथा पुलिस विभाग की टीम को मौके पर भेजा गया है।इस मौके पर नगर पालिका परिषद कालपी के राजस्व निरीक्षक राम भुवन सिंह, उपनिरीक्षक वृज नंदन सिंह, कानूनगो राजेन्द्र प्रजापति, प्रमोद दुवे,विभा, राघवेन्द्र निरंजन, प्रशांत गौतम,पल्लवी श्रीवास्तव ,हरगोविंद,मोनू, रवि कुमार संजय ,के अलावा राजस्व विभाग तथा पुलिस विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

शोषित समाज के भ्रष्ट जनप्रतिनिधि व अधिकारी मुकाम तक नही पहुंचने देंगे बाबा साहब के मिशन को: बाबू रामाधीन

उरई(जालौन)। अंबेडकरवादीचिंतक बाबू रामाधीन ने कहा कि शोषित और पीड़ित समाज से आए जनप्रतिनिधि और अधिकारी गण यदि भ्रष्ट साबित हुए तो फिर भारत बाबा साहब अंबेडकर का मिशन उन शोषितों पीड़ितों के पास नहीं पहुंच पाएगा। जिनका वे जीवन बदलकर उनको सम्मानजनक जीवन देने और जिन्हें वे समाज की मुख्य धारा में लाना चाहते थे। वह आज जन संघर्ष मोर्चा के बैनर तले स्थानीय रघुवीर धाम सभागार में आयोजित भारत रत्न भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती समारोह में मुख्य वक्ता के रुप में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कुछ लोग डा. अंबेडकर पर देशविरोधी होने का अनर्गल आरोप लगाते हैं। जबकि भारत पाक बंटवारे के दौरान पाकिस्तान के खुलना क्षेत्र से पार्लियामेंट मेंबर चुने गए थे। लेकिन उन्होंने कहा कि वह भारत की बेटी में पैदा है और इसलिए वह पाकिस्तान नहीं जाएंगे भारत में ही जिएंगे और मरेंगे और वह पाकिस्तान नहीं गए यह उनकी राष्ट्रभक्ति का पुख्ता सबूत है। वरिष्ठ पत्रकार के अभिषेक ने कहा भारत के धर्म शास्त्रों से जातिवादी व्याख्या को निकाल देना चाहिए उन्होंने कहा आप समय आ गया है कि देश जात में राष्ट्र के रूप में दुनिया में पहचान बनाएं

पूर्व इस आई आर एस अधिकारी और भाजपा के वरिष्ठ नेता शंभू दयाल ने कहा भारत रत्न बाबा साहब के बने संविधान पर चलकर ही देश एकजुट और मजबूत होगा। अगर दलितों पिछड़ों को यदि आरक्षण देकर उन्हें ऊपर उठाने का काम नहीं किया गया होता उत्तर प्रदेश इतना संगठित और इतना मजबूत बना हुआ होता उसके वेतन की संभावना बनी रहती। उन्होंने कहा कि डाल्टन पर पिछड़ों को दिया गया आरक्षण को कृपा नहीं मानना चाहिए यह बाबा साहब के संविधान का दिया हुआ अधिकार है। वरिष्ठ समाजसेवी रामकृष्ण शुक्ला ने कहा बाबा साहब डा. अंबेडकर का संविधान भारत के 140 करोड लोगों को उनके हक देता है उनका

उरई : बाबा साबह के चित्र पर माल्यार्पण करते बुद्धिजीवी ।

आपस में जोड़ता है हमेशा और मजबूत करना होगा और उनके बताए रास्ते पर चलना। वरिष्ठ पत्रकार अनिल शर्मा ने कहा के हमें इतिहास को भी देखना होगा यदि विदेशी आक्रमणोंके समय यदि दलितों और अति पिछडी जातियो को भी तो समय के राजाओं ने अपनी सेवा में लिया होता तितली उड़ी पराजय नहीं होती। उन्होंने कहा दूसरे चरित्र से काम नहीं चलता है दलित अधिकारी के हर जाकर अपने स्वार्थ के चलते उसके कमरे में अकेले में पैर छूने वाले उच्च वर्ग के लोग अपने घर में उन्हें यदि यह कर्क से देखेंगे तो इससे देश मजबूत नहीं होगा हम सब का भूलेख है हमें मिलकर साथ चलना होगा। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय महामंत्री राजवीर सिंह जादौन ने कहा हमें जात-पात छोड़कर अपने हाथों के लिए आंदोलन करने की आदत डालना चाहिए जब तक हम आंदोलन के लिए तैयार नहीं होंगे हमें कुछ नहीं मिलेगा। वरिष्ठ नेता सुरेश निरंजनभैया जीने कहा कि बाबा साहब के दिखाएं रास्ते पर ही देश का भाईचारा और अपनापन मजबूत होगा इससे देश भी मजबूत होगा। सत्ता के अध्यक्ष देवेंद्र शुक्ला ने चंद लाइनों में महत्वपूर्ण बात यूं कहीं। विचारों की एक चिंगारी बड़े से बड़े साम्राज्य को को मिट्टी में मिलने में काफी है। किसी आयोजन के मुख्य करता धरता अशोक गुप्ता महाबली ने कहा किसी की झूठी अफवाहों में ना आए झूठी अफवाह पहलवान वालों को मुंहतोड़ जवाब दें। पूर्व ब्लाक प्रमुख राखी राजपूत में नेकहा डा. आंबेडकर के विचार समाज को पूरी तरह से बदलने और मजबूत करने में सक्षम है। इस अवसर पर संचालन कर रहे शिक्षक नेता वीरेंद्र सिंह पूर्व विधायक कप्तान सिंह राजपूत कांग्रेसी नेता प्रमोद वर्मा, इप्पटा के प्रदेश महामंत्री राजपप्पन पूर्व विधायक संतराम कुशवाहा, बामसेफ नेता लखन अहिरवार कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष चौधरी श्याम सुंदर,कांग्रेसी नेता अयुब, अंसारी राजू नारायण मिश्रा कुठौद के पूर्व ब्लाक प्रमुख अशोक दुवेदी ने भी विचार व्यक्त किए कार्यक्रम का संचालन प्रांतीय शिक्षक नेता दिनेश सिंहने किया। कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे पूर्व जिला पंचायत राज अधिकारी कृपाराम बाल्मिक ने कहा कि कोई कहता है कि यहां तक है कोई कहता है कि वहां तक है नजरे जिसकी जहां तक है बाबा साहब का जलवा वहां तक है। इसके बाद सभी दिन खड़े होकर दो मिनट का मौन रखकर पहलगांम में आतंकियों द्वारा मारे गए निर्दोष 28 लोगों को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

शिकायतों के निस्तारण में न बरतें हीलाहवाली

बांदा : फरियादियों की समस्याएं सुनते अधिकारी ।

बांदा। शिकायतों के निस्तारण में बिल्कुल हीलाहवाली ने करें। समय से शिकायतों का निस्तारण करने के साथ-साथ फरियादियों को संतुष्ट करें। उपरोक्त निर्देश आयुक्त तथा डीआईजी ने अपने अधीनस्थों को दिए। कमिश्नर तथा डीआईजी ने जहां बबेरू कोतवाली में समाधान दिवस पर समस्याएं सुनी। वहीं डीएम, एसपी ने पैलानी थाने में धावा बोला। कई मामलों का अधिकारियों ने अपनी मौजूदगी में निस्तारण भी कराया।

जनशिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन योगी आदित्यनाथ द्वारा दिये आदेशों के क्रम में शनिवार को जनपद के समस्त थानों में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा समस्त थानों में जनता की शिकायतें सुन उनका निस्तारण किया गया। थाना समाधान दिवस पर मण्डलायुक्त चित्रकूटधाम मण्डल अजीत कुमार व पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र राजेश एस. द्वारा थाना बबेरु में जनता की शिकायतों को सुन उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

■ समाधान दिवस में आयुक्त, डीआईजी ने दी नसीहत

■ डीएम, एसपी ने पैलानी थाने में सुनी समाधान दिवस पर समस्याएं

आयुक्त अजीत कुमार तथा डीआईजी राजेश एस. ने अपने अधीनस्थों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण में बिल्कुल हीलाहवाली न बरतें। उनकी समस्याओं का निस्तारण करने के साथ बकायदा उन्हें संतुष्ट भी करें। इस मौके पर एसडीएम नमन मेहता, सीओ सौरभ सिंह भी मौजूद रहे। जिलाधिकारी जे0 रीभा व पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा थाना पैलानी में जनता की शिकायतों को सुन उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित टीमों को निर्देशित किया गया। इस दौरान एसडीएम शशिभूषण मिश्रा, सीओ राजवीर सिंह गौर आदि मौजूद रहे। थाना कोतवाली देहात पर अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार व अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज द्वारा जनता की शिकायतों को सुना गया। एसडीएम नरैनी सत्यप्रकाश, सीओ नरैनी अंबुजा त्रिवेदी ने गिरवां थाने में बैठकर फरियादियों की समस्याएं सुनी। उनके समक्ष कुल चार मामले आए। जिस पर कई शिकायतों का उन्होंने मौके पर निस्तारण कराया। इसी क्रम में जनपद के समस्त थानों पर जनसुनवाई की गयी तथा जनता की शिकायतों/समस्याओं को सुन उनका निस्तारण किया गया। थाना समाधान दिवस पर जनपद में कुल 68 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 19 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया जबकि शेष शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु टीम का गठन किया गया।

टीम संकल्प द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर मेधावी बच्चों का कराया गया प्रवेश

स्वतंत्र भारत संवाददाता नरैनी बांदा। संकल्प कुछ अच्छा करने का हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी टीम संकल्प द्वारा 10 से अधिक बच्चों का आर्थिक सहयोग द्वारा प्रवेश राजकीय बालिका इंटर कालेज करतल मे कराया गया ।टीम संकल्प के सदस्य श्री अभय श्रीवास्तव ने बताया कि उनकी टीम द्वारा कक्षा 8 पास परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र काजल अहिरवारएशिखा सेनएसोनल सिंहएसाधना साहूए आस्था पांडेयएराजनामदेवएचुन्नू अहिरवार का प्रवेश क्लास 9 में राजकीय बालिका इंटर कालेज करतल में कराया गया । विद्यालय की प्रधानाचार्य शु श्री सोली मैंम द्वारा टीम संकल्प के इस कार्यो को सराहा साथ ही बच्चों के प्रवेश हेतु स्वयं सहयोग देते हुए टीम संकल्प के साथ जुड़ने का संकल्प लिया ।

विद्यालय में अध्ययनरत शनि साहूए पिंकी साहू एवं श्याम सेन जिसकी टीम संकल्प आर्थिक एवं मानसिक सहयोग करता आ रहा है जिसमे शनि साहू द्वारा दसवीं की परीक्षा में 84 प्रतिशत एवं श्याम सेन द्वारा 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किया टीम संकल्प के सदस्यों के साथ समस्त स्टाफ ने मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। इस कार्य के सहयोग हेतु विद्यालय स्टाफश्रीमती सिया पतिएश्री राहुल गुप्ता के साथ टीम संकल्प के सदस्य अमरदीपएअवधेश सिंह एराकेश पटेल एसंदीप गौतम एकृष्ण कुमार एश्रीमती रीना गौतमए मीनाक्षी यादवएअभय श्रीवास्तव एसमस्त विद्यार्थी ईव उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

जनपद में जल संचयन की शुरू हुई मुहिम

बांदा : जीर्णोद्धार करते विधायक तथा डीएम ।

■ सदर विद्यायक की मौजूदगी में डीएम ने जीर्णोद्धार कर किया शुभारंभ

■ नदी नालों के अलावा तालाबों में तेजी से शुरू हुआ जल संचयन का कार्य

बांदा। विधायक सदर प्रकाश द्विवेदी एवं जिलाधिकारी जे0 रीभा की उपस्थिति में ग्राम जखनी में मनरेगा के अन्तर्गत जल संचायन हेतु नदी-नालों में जीर्णोद्धार का कार्य का शुभारम्भ किया गया।

जिसमें विकास खण्ड बडोखर खुर्द के ग्राम पंचायत लुकतरा में लुकतरा नाला, विकास खण्ड तिन्दवारी ग्राम पंचायत सैमरी के सैमरी नाला, विकास खण्ड महुआ ग्राम जखनी के जखनी बडी नरही नाला, विकास खण्ड जसपुरा ग्राम पंचायत गडरिया चन्द्रावल नदी, विकास खण्ड नरैनी ग्राम पंचायत रानीपुर (सकतपुर) मदरार नाला तथा विकास खण्ड बबेरू में ग्राम पंचायत अलिहा में नीति आयोग द्वारा चिन्हित तालाबों का निर्माण कार्य मनरेगा के द्वारा कराये गये कार्य का शुभारम्भ विधायक प्रकाश द्विवेदी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विधायक ने कहा कि खेत का पानी खेत में, घर का पानी घर में, गॉव का पानी गॉव में एकत्र होना चाहिए, इसके लिए सरकार द्वारा मेडबन्दी, नदियों को जोडने एवं अन्य महत्वपूर्ण कार्यों को कराया जा रहा है। बबेरू में 47 तालाबों का निर्माण कार्य मनरेगा के द्वारा किया जा रहा है, जिसमें नीति आयोग द्वारा 03 लाख रूपये की धनराशि दी जायेगी। उन्होंने इस अवसर पर लोगों को वर्षा जल संचयन के प्रति जागरूक किये जाने के साथ अधिक से अधिक से वर्षा जल संचयन करने की अपील करी। उन्होंने इस अवसर पर नदी नाला निर्माण कार्य हेतु स्वयं भी फावडा चलाकर कार्य प्रारम्भ कराया। इस अवसर पर वर्षा जल संचयन एवं जल संरक्षण किये जाने के लिए किये गये कार्यों के बारे में जानकारी देते हुए लोगों को कम पानी वाली फसलों का उत्पादन करने एवं अधिक से अधिक वर्षा जल संचयन पर जोर दिया गया। जिलाधिकारी जे0 रीभा ने बताया कि सरकार द्वारा वर्षा जल के संचयन हेतु नदी नाला विकास कार्यों को कराया जा रहा है, जिससे कि खेत का पानी खेत में, घर का पानी घर में, गॉव का पानी गॉव में एकत्र होने के साथ अधिक से अधिक वर्षा जल का संचयन किया जा सके। उन्होंने कहा कि इन कार्यों को किये जाने से मनरेगा के श्रमिकों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे तथा वर्षा जल संचयन में भी लाभ होगा। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख महुआ उर्मिला कबीर, ग्राम प्रधान जखनी, मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, खण्ड विकास अधिकारी महुआ, डीसी मनरेगा अजय कुमार पाण्डेय एवं ग्रामीण लोग उपस्थित रहे।

खबर एक नज़र

डीएम ने जिला खाद्य विपणन अधिकारी को जारी किया कारण बताओ नोटिस

चित्रकूट ब्यूरो: जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने शनिवार को बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति (पीसीएफ) इटखरी में बने राजकीय गेहूं क्रय केंद्र का औचक निरीक्षण किया। यहां डीएम ने किसानों के लिए की गई मूल सुविधाओं का जायजा लेते हुए भगतान की स्थिति जानी। भुगतान शेष पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए डीएम ने जिला खाद्य विपणन अधिकारी व पीसीएफको कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि 15 किसानों का 492.50 कुंतल गेहूं क्रय किया गया था। जिलाधिकारी ने किसानों से भुगतान की स्थिति के बारे में भी जानकारी ली, जिस पर जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2025-26 में किसानों के भुगतान का चार करोड़ 87 लाख में रुपये में 46 लाख रुपये अवशेष रह गया हैं। इस पर जिलाधिकारी ने खाद्य विपणन अधिकारी को निर्देशित किया कि 48 घंटे के अन्दर किसानों का भुगतान हो जाना चाहिए। साथ ही नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी व पीसीएफको कारण बताओं नोटिस जारी करने को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि क्रय केंद्रों पर सभी उपकरणों सहित पीने का पानी, छांव व बैठने की व्यवस्था भी सुनिश्चित कराएं। उन्होंने क्रय केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि किसानों से बात करें, जिससे किसान अधिक से अधिक गेहूं क्रय केंद्रो पर ही बेंचे। किसानों से कहा कि सरकार द्वारा गेहूं का समर्थन मूल्य 2425 रुपए प्रति कुंतल निर्धारित है, जिसका लाभ उठाते हुए क्रय केन्द्रों पर ही गेहूं बेचें। जिलाधिकारी ने सहकारी समिति इटखरी के किसानों के रजिस्टर का अवलोकन किया। जिसमें 12 गांवों के किसान रजिस्टर्ड पाए गए। जिलाधिकारी ने क्रय केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि किसानों से प्रतिदिन बात करें। इस अवसर पर जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी अविनाश चंद्र झा, तहसीलदार कर्वी चंद्रकांत तिवारी, क्रय केंद्र प्रभारी जगन्नाथ मौजूद रहे।

यूपी बोर्ड परीक्षा में बैजनाथ भारद्वाज सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज के छात्रों का दबदबा कायम

चित्रकूट ब्यूरो: उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा विगत दिन जारी किए गए इण्टरमीडिएट एवं हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा के परिणामों में बैजनाथ भारद्वाज सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलिज बेडीपुलिया के पांच छात्रों ने जिले की टॉप सूची में अपना नाम दर्ज कराया है। जिनकों विद्यालय प्रबंधन द्वारा सम्मानित किया गया।

विद्यालय के प्रबंधक श्यामसुंदर मिश्रा ने बताया कि बीते शुक्रवार को जारी किए गए बोर्ड परीक्षा परिणामों में विद्यालय के पांच विद्यार्थियों ने जनपद चित्रकूट की मेरिट लिस्ट में अपना नाम दर्ज कराया है। जिसमें हाईस्कूल के विद्यार्थी सुमित यादव 560 अंक के साथ जिले में चौथा, रविन्द्र कुमार सिंह ने 559 अंकों के साथ पांचवां, तेजस्वी यादव ने 556 अंकों के साथ सांतवां व राहुल चक्रवर्ती एवं शांतनु पाण्डेय 553-553 अंकों के साथ 10वां स्थान प्राप्त किया किया है। इसी प्रकार इण्टरमीडिएट के विद्यार्थी अक्षत श्रीवास्तव ने 500 में से 420, पूर्णिमा यादव, अभिषेक व खुशी देवी ने 414-414, अंकिता त्रिपाठी ने 410, शुभम यादव ने 406 अंक प्राप्त कर विद्यालय में क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पंचम स्थान प्राप्त किया है।

इस मौके पर विद्यालय के अध्यक्ष कमलाकांत उपाध्याय, कोषाध्यक्ष जगदीश गुप्ता, प्रधानाचार्य राघवेन्द्र पाण्डेय, आचार्य शिवनायक, प्रमोद कुमार पाण्डेय, हर्ष, सुशील कुमार श्रीवास्तव, शिव प्रकाश पाण्डेय, दादूराम, रामनारायण, रावेन्द्र, प्रशांत, सुशील श्रीवास्तव, धीरेन्द्र, विश्वास पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

स्व रघुवीर प्रसाद कन्या इण्टर कॉलेज पहाड़ी का परिणाम रहा शत-प्रतिशत

पहाड़ी, चित्रकूट: स्व रघुबीर प्रसाद कन्या इण्टर कॉलिज पहाड़ी का हाईस्कूल परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। 10वीं में छात्रा रामा देवी ने 85, मधु देवी ने 83.16, काजल ने 83, शिवानी व रोशनी ने 81.66-81.66 व ज्योति देवी ने 81 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसी प्रकार इण्टरमीडिएट में पिंकी ने 76.4, मंजू ने 75, रिजाला बानो और शिवानी ने 74.60-74.60, शालिनी त्रिपाठी ने 74.20 व वर्षा देवी ने 73.20 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला की हुई मृत्यु

स्वतंत्र भारत संवाददाता अतर्रा बांदा। आज दिन शनिवार को एक 35 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होना बताया गया। मिली जानकारी के अनुसार थाना अध्यक्ष आनंद कुमार ने बताया कि नीलम पत्नी रामनरेश उम्र लगभग 35 वर्ष निवासी कैलाश नगर कस्बा अतर्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई तथा पंचायत नामा की कार्यवाही करते हुए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है कि आखिर घटना कैसे घटी।

कूड़ा डालने के विवाद में चटकी लाठियां नौ घायल

सुमेरपुर-हमीरपुर। बीती रात क्षेत्र के ग्राम चंद्रपुरवा बुजुर्ग में कूड़ा डालने के विवाद में जमकर लाठियां चटकीं। इसमें दोनों पक्षों के नौ लोग घायल हुए। पुलिस ने छह लोगों का शांतिभंग में चालान किया है। गुरुवार को देर रात कूड़ा डालने को लेकर चंद्रपुरवा बुजुर्ग में दयाराम एवं राकेश कुमार के मध्य विवाद हो गया। कुछ ही देर में गालीगलौज के साथ लाठी डंडे चटकने लगे। मारपीट में दोनों पक्षों के नौ लोग लहुलुहान हो गए। एक पक्ष के दयाराम, मुन्ना, बलराम, दयारानी, रश्मि तथा दूसरे पक्ष से राकेश, राजेश, संदीप, अर्चना घायल हुए हैं। दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ मारपीट की तहरीर पुलिस को दी है। पुलिस ने दोनों पक्षों के छह लोगों का शांति भंग में चालान किया है।

सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज का बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित

हमीरपुर। नगर के स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज हमीरपुर में माध्यमिक शिक्षा परिषद उप्र. प्रयागराज द्वारा घोषित हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट परीक्षा 2025 का परिणाम शत प्रतिशत रहा। गत वर्ष की भांति इस बार भी हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षा में छात्र छात्राओ ने परचम लहराया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रामप्रकाश गुप्ता ने बताया कि कुल पंजीकृत छात्र हाईस्कूल में 277 तथा इण्टर मे 209 थे। जिसमे हाईस्कूल में सम्मिलित छात्र/छात्रो की संख्या 274 उत्तीर्ण हुए छात्रो की संख्या 274 कुल परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। जिसमे ससम्मान 176 छात्र, प्रथम श्रेणी 252 छात्र, द्वितीय श्रेणी 20 छात्र तथा तृतीय श्रेणी 2 छात्र रहे। इस प्रकार जिले में पांचवे स्थान पर विकास 93.17, युवराज सिंह 92.83 अंक प्राप्त कर जिले मे सातवां स्थान प्राप्त किया। कार्तिकेय गुप्ता ने 92.33 प्रतिशत प्राप्तकर जिले में दसवां स्थान प्राप्त किया और इण्टरमीडिएट में सम्मिलित छात्र/छात्रो की संख्या 203 उत्तीर्ण हुए छात्रो की संख्या 203 रही तथा परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा जिसमे ससम्मान 36 छात्र, प्रथम श्रेणी 127 छात्र, द्वितीय श्रेणी 64 तथा तृतीय श्रेणी 12 रहे। जिसमे श्रेयांश ने 90.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में चैथा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबन्धक रामकरन सिंह व विद्यालय के प्रधानाचार्य रामप्रकाश गुप्ता ने सभी छात्र/छात्राओ के अच्छे परिणाम आने पर उनके उज्वल भविष्य की कामना की एवं विद्यालय परिवार की ओर से बधाइयां प्रेषित की। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। परीक्षा प्रभारी आचार्य हेमन्त ने सभी उपस्थित लोगो का आभार व्यक्त किया। यह जानकारी विद्यालय के मीडिया प्रभारी आचार्य वेदप्रकाश शुक्ला ने दिया।

शांति देवी इण्टर कॉलेज के विद्यार्थियों ने बनाया दबदबा

पहाड़ी, चित्रकूट: जिला मुख्यालय एवं नगर क्षेत्र के विद्यालयों के बच्चों को इस बार ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों ने कड़ी चुनौती दी है। खासतौर से यूपी बोर्ड परीक्षा में शीर्ष स्थानों पर ग्रामीण परिवेश के बच्चें ही काबिज हुए है। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा विगत दिन जारी किए गए हाई स्कूल एवं इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षा के परिणामों में शांति देवी इण्टर कॉजिल के विद्यार्थियों का परिणाम शत प्रतिशत रहा। जिसमें इण्टरमीडिएट में निहारिका ने जिले में चौथा, प्राची त्रिपाठी ने जिले में सातवां स्थान प्राप्त कर नाम रोशन किया। विद्यालय के प्रबन्धक सुनील सिंह व संरक्षक चुनकूराम पटेल ने बताया कि शान्ती देवी इंटर कॉलिज पहाड़ी से हाईस्कूल में 59 एवं इण्टरमीडिएट में 50 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। यह सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए है। जिसमें हाईस्कूल में 59 में से 36 परीक्षार्थी ससम्मान तथा शेष 23 परीक्षार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। इसी प्रकार इण्टरमीडिएट में 50 में से 30 ससम्मान तथा शेष 20 छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। बताया कि हाईस्कूल में अमन ने 90.16 प्रतिशत, अश्मी सिंह ने 90.0 प्रतिशत, रश्मी ने 89.33 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार इंटरमीडिएट में निहारिका ने 89 प्रतिशत, प्राची त्रिपाठी ने 87.2 प्रतिशत एवं सुमित सिंह ने 85.3 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवबरन त्रिपाठी, मनोज त्रिपाठी सहित अन्य अध्यापक एवं अध्यापिकाओं ने उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की हैं।

एक करोड़ की लागत से मदरार नदी का होगा

स्वतंत्र भारत संवाददाता नरैनी बांदा। जल का संचयन नही किया तो जीवन में संकट आ जायेगा।कल देर हो जाएगी इसलिए यह कार्य आज से सबको मिलकर करना है।जल संचयन महा अभियान की गोष्ठी में विधायक ओम मणी वर्मा ने यह बात कही।मदरार नदी को सदा नीरा बनाने के लिए कालिंजर क्षेत्र के सकत पुर गांव में नदी के घाट पर ही हवन पूजन कर नदी की खुदाई का काम शुरू किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार ब्लाक क्षेत्र में रानीपुर गांव के मजरा सकत पुर गांव में जल संचयन अभियान के तहत मदरार नदी किनारे विधायक ने हवन पूजन कर नदी के खुदाई की शुरुआत की।यहा आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि पृथ्वी पर जीवन को सुरक्षित रखने के लिए जल का संचयन बहुत जरूरी है।बताया कि प्राचीन काल से ही हमारे पूर्वज जल संचयन ध्संरक्षण करते थे इसका सबसे बड़ा उदाहरण ऐतिहासिक एवं प्राचीन कालिंजर दुर्ग है जहां वर्षा के जल को संरक्षित करने के लिए दर्जनों सरोवर बनाए गए थे । विधायक ने बताया कि भू जलस्तर तेजी से गिर रहा है अगर इसे पुनर्जीवित नहीं किया गया तो धरती का जीवन संकट में आ जायेगा । बताया कि हमे दिनचर्या के प्रयोग में पानी की कम से कम खपत करने की आदत डालनी चाहिए।मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य ने कहा कि पानी को बनाया नही जा सकता इसलिए बचाना ही विकल्प है।सभी को मिलकर प्राकृतिक जल स्त्रोतों को बचाना होगा जो हमारी आने वाली पीढ़ियों की प्यास बुझायेगा।खण्ड विकास अधिकारी प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मदरार नदी बहादुर पुर गड्डिहा गांव के पहाड़ों से निकली है।गुढा कला के बरछा में बागै नदी में मिल जाती है।इसकी कुल लम्बाई लगभग 25 किलोमीटर है लेकिन महाअभियान के तहत उन्हें सकत पुर गांव से गुढा कला गांव तक 20 किलोमीटर मिट्टी की खुदाई और सफाई का काम करना है।इसमें अनुमानित लागत एक करोड़ रुपए है।बताया कि मानसून सत्र के पहले पांच गांवो के ग्राम प्रधान और चार सचिव विभाग के जेई के साथ मिलकर काम को पूरा करेंगे।इस मौके पर जिला विकास अधिकारी रमाशंकर सिंहए जेई एमआई जगपाल सिंहए अभिनव तिवारीए सहायक विकास अधिकारी सुशील दुवेदीएसचिव रमेश चंद्रएअशोक कुमारए सुरेश पटेलए महेश कुमारए शशि प्रकाश पांडेए धीरेंद्र प्रतापए तकनीकी सहायक अल्पनारायन गुप्ताए विजय दुवेदीए अशोकए राजकमलएरवी सिंहए ग्राम प्रधान रानीपुरए गोपराए कल्याणपुरए मुकेराए परसहर सहित मनरेगा श्रमिक और ग्रामीण मौजूद रहे। कुछ लोग तो दिखावा करते हैं दिखावे के लिए फोटो खिंचवाते हैं।

■ नाली बन चुकी मदरार नदी बनेगी सदा नीरा।एक करोड़ रुपए की लागत से किया जाएगा कायाकल्प

■ अधिकारियों ने फावड़े चला मिट्टी की खुदाई की

हल धर किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष ने जिले का भ्रमण कर किसानों से रूबरू होते हुए सुनी समस्याएं

महोबा जनपद में भारतीय हलधर किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह सौंलकी एवं प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण गोपाल भदौरिया सुधीर सिंह राघवए संजीव यादव सहित कन्नौज जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र कश्यप एबिजनोर जिलाध्यक्ष सतेंद्र सिंह सहित राष्ट्रीय एवं प्रदेश के सम्मानित पदाधिकारियों ने महोबा पहुंचकर ईकाई का हौसला बढ़ाया पनवाड़ी नकरा ग्राम के समीप दर्जनों गाड़ियों सहित आधा सैकड़ा से अधिक कार्यकर्ता एवं

आम जनता तथा किसानों ने मुख्य अतिथियों के विचार सुनने के लिए बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया भारतीय हलधर किसान यूनियन जिलाध्यक्ष जनक सिंह परिहार द्वारा मुख्य अतिथियों का फूल माला से स्वागत किया जिसमें रामकरण मिश्रा भडरा प्रधान प्रतिनिधिए बुंदेलखंड सचिव राजेंद्र सिंह परिहारएजिला प्रमुख महासचिव शंतराम त्रिपाठी ए जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष ब्रजेंद तिवारीए जिला कोषाध्यक्ष आलोक शर्माए जिला उपाध्यक्ष धर्मेश नायकएदारा सिंह जिला सचिवएजिला मीडिया प्रभारी प्रमोद तिवारी जीए महोबा तहसील अध्यक्ष राकेश यादवएयूवा तहसील अध्यक्ष शिशुपाल सिंह परिहारए प्रदीप भदौरियाए युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा एकता बलवंत सिंहए धनेंद्र दीक्षितएजुगल किशोर गर्गए उमेश त्रिपाठी सहित काफी संख्या में किसान बंधु के अलावा क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे और वहीं दूसरी तरफ हलधर किसान यूनियन के पदा अधिकारियों ने किसानों से रूबरू हुए और किसानों को सम्बोधित किया सतारी में किसान बंधुओं का जबर्दस्त उत्साह देखने को मिलाए उसके बाद कुलपहाड़ गोंदी चौराहे पर पूर्व जिला सचिव अनिल प्रताप सिंह ने स्वागत किया

सभा समापन के पूर्व सम्मानित मुख्य अतिथियों को किसान यूनियन के पदाधिकारी द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष का अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया भारतीय हलधर किसान यूनियन को मजबूत बनाने में सभी से सहयोग मांगा और विश्वास दिलाया कि अगर हमें आपने मजबूत कर दिया तो आपकी लगभग हर समस्या का समाधान कराना हमारी जिम्मेदारी और प्रार्थमिकता रहेगी इसके लिए आप लोगों को साथ तो देना ही पड़ेगाएआज परिस्थितियां यह हैं कि हमें अपना हक अधिकार बचानें की लिए भी लड़ना पड़ता हैएअगर आप लड़ना जानते हैं तो आप सफल किसान हैं वरना किसान हितैषी सरकार और जिम्मेदार अधिकारी नेता सिर्फ और सिर्फ किसानों को लूटने तथा उनका शौषण करने में मस्त हैं और सरकार सुस्त परंतु जब.तक हम खड़े नहीं होंगे क्षेत्र का विकास सम्भव ही नहीं ए पदा अधिकारियों ने भ्रमण कार्यक्रम में शामिल हुए किसानों का आभार व्यक्त किया

30 दिवसीय ब्यूटी पार्लर मैनेजमेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन

महोबा । इंडियन बैंक स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में शुक्रवार को 30 दिवसीय ब्यूटी पार्लर मैनेजमेंट कार्यक्रम समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि अग्रणी जिला प्रबंधक सरोज कुमार द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को संबोधन व व्यावसाय संबंधित जानकारीए मार्गदर्शनए हौसला उत्साहवर्धन कर सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया। संस्थान के निदेशक रामकुमार वर्मा ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु संस्थान प्रतिबद्ध हैं। ब्यूटी पार्लर का व्यवसाय केवल शहरों तक सीमित न होकर कस्बों एवं गॉवों में भी व्यापक है। शादी विवाह के अवसर पर पार्लर में मेकअप के अलावा ज्वैलरीए लॅहंगाए चुनरी आदि सजावट के सामान भी किराये पर उपलब्ध करायें जाते हैं स जिससे पर्याप्त मात्रा में आय प्राप्त होती है व बेरोजगार युवतियॉ आत्म.निर्भर होगीं। ब्यूटी पार्लर का कार्य करके अपनी आर्थिक स्थिति को सुदृढ कर सकती हैं। समापन समारोह में एसेसर राघवेन्द्र शुक्ला एवं ममता दीक्षित द्वारा प्रेरित उद्बोदन किया गया व प्रशिक्षण द्वारा अर्जित ज्ञान का मूल्यांकन भी किया। उपरोक्त प्रशिक्षण में संकाय सदस्य अरूण कुमार उपाध्याय एवं कु0 दीपा रैकवार द्वारा विभिन्न व्यावसायिक खेलों के माध्यम से व्यावसायिक जानकारी प्रदान की गयी एवं स्वरोजगार के लिए प्ररित किया। मास्टर ट्रेनर शबनम खान ने ब्यूटी पार्लर के संबंध में लिखित व मौखिक समस्त जानकारी प्रदान की। अरूण कुमार उपाध्याय ने कहा कि आरसेटी द्वारा आगामी माह में मोबाईल रिपेयरिंगए डेयरी फार्मिंग एवं बर्मी कम्पोस्टिंगए बकरी पालनए पापड अचार एवं मसाला पाउडरए कास्टूयम ज्वैलरी उद्यमीए महिला सिलाईए समान्य उद्यमिता विकास कार्यक्रम आदि चलाने की सम्भावना हैं। संस्थान में खाने पीने व ठहरने की निःशुल्क व्यवस्था है। अतः 18 से 45 वर्ष के युवक एवं युवतियां अधिक से अधिक आवेदन कर इसका लाभ उठायें। इस अवसर पर संस्थान के कार्यलय सहायक राहुल कुमार गुप्ताए कर्मचारी सुरेन्द्र भूषण सहित अनेक प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे ।

मालगाड़ी की चपेट में आने से युवक की मौत

इटावा। थानां पछायागांव के ग्राम करियाडांडा निवासी 25 वर्षीय युवक की उदी.आगरा रेलवे ट्रेक पर मालगाड़ी ट्रेन से कटकर मौत हो गयी। सूचना पर थानां पुलिस द्वारा शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज गया। उक्त ग्राम करियाडांडा निवासी रमेश यादव का 25 वर्षीय पुत्र प्रेमवीर यादव बुधवार प्रातः कांवड़ लेकर आया था। मंदिर पर कांवड़ चढ़ाने के बाद घर पर आराम कर रहा था।दोपहर बाद शाम करीब पांच बजे के आसपास खेतों की रखवाली करने की कहकर घर से निकला था।बताया गया कि प्रेमवीर उदी .आगरा रेलवे ट्रेक के समीप स्थित खेतों में फसल को नष्ट कर रहे गौवंशों को भगाने का प्रयास कर रहा था कि तभी उदी मोड़ की तरफसे आगरा की तरफजा रही मालगाड़ी की चपेट में आ गया। जिससे कटकर उसकी मौत हो गयी।

हाईस्कूल में छात्रों ने मारी बाजीए अच्छे अंक पाकर बढ़ाया मान

छिबरामऊ कन्नौज । नगर के विशुनगढ़ रोड स्थित एस0 पी0 एल0 आदर्श विद्यालय में यू0 पी0 बोर्ड परीक्षा के हाईस्कूल के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया।

विद्यालय के प्रबंधक रामपाल सिंह ने समस्त मेधावी छात्र छात्राओं को माल्यार्पण कर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी एवं लक्ष्य की ओर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर हौसला अफ्जाई की। यूपी बोर्ड परीक्षा 2025 के परिणाम घोषित होते ही क्षेत्र के छात्रों में खुशी की लहर दौड़ गई जहां कहीं छात्रों ने विद्यालय में टॉप किया स्थान न पाने वाले छात्रों को मायूस नहीं होना चाहिए बल्कि उन्हें और लगन के साथ अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए परिश्रम में लग जाना चाहिए उत्तीर्ण होने वाले छात्रों के लिए प्राथमिक शिक्षा समाप्त हुई है इसके आगे उन्हें रोजगार पर शिक्षा के लिए सतत प्रयास करना है। यह बात विशुनगढ़ रोड स्थित एस0 पी0 एल0 आदर्श विद्यालय छिबरामऊ में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान प्रधानाचार्य दीपक यादव ने कही उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद हाई स्कूल व इंटरमीडिएट 2025 के परिणाम घोषित होने के बाद जिन छात्रों ने विद्यालय में टॉप किया है उन्हें विद्यालय प्रबंध समिति ने सम्मानित किया सम्मान समारोह में मौजूद छात्रों के साथ उनके अभिभावकों को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रधानाचार्य ने विद्यालय में स्थान पाने वाले सभी छात्रों को बधाई दी और साथ ही कहा कि आपको यही नहीं रुकना है जो लक्ष्य अपने निर्धारित किए हैं उनके प्रति के लिए सतत प्रयास रत रहना है अपने परिश्रम करके जो स्थान प्राप्त किया उससे आपके जूनियर आपसे प्रेरणा लेंगे और इससे भी अच्छे अंक पाने का प्रयास करेंगे उन्होंने कहा कि आपकी प्राथमिक शिक्षा समाप्त हुई इसके बाद रोजगार पर शिक्षा आरंभ होगी यहां से आपको यह तय करना होगा कि आपको किस क्षेत्र में रोजगार प्राप्त करना है अक्सर देखा जाता है कि अभिभावक अपनी इच्छा अनुरूप बच्चों पर अतिरिक्त दबाव डालते हैं कि आपको किस क्षेत्र में पढ़ाई करनी यह नहीं होना चाहिए इन सभी मेधावी छात्रों व उनके अभिभावकों को प्रधानाचार्य ने संयुक्त रूप से फूल माला पहनकर मुंह मीठा कराया और उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

आतंकवादियों और इस काण्ड को अंजाम देने वाली पाकिस्तान सरकार का पुतला फूंका

छिबरामऊ कन्नौज । जम्मू.कश्मीर के पहलगाम में हुई कायरतापूर्ण आतंकी घटना में हिन्दूएमुस्लिमएईसाई समुदाय के नागरिकों की वीभत्स तरीके से की गई हत्या के विरोध कर छिबरामऊ में उन आतंकवादियों और इस काण्ड को अंजाम देने वाली पाकिस्तान सरकार का पुतला फूंकाए उसके बाद पूर्व जिलाध्यक्ष ऊषा दुबे के नेतृत्व में सभी कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ सौरिख तिरंगा चौराहे से शहीद स्मारक ब्लॉक छिबरामऊ तक कैंडिल मार्च निकालकर शहीद स्मारक पर मोमबत्ती लगाकर पहलगाम में मृत आत्माओं को और देश के लिये शहीद हुए सेना के अधिकारियों और जवानों को श्रद्धांजलि दीएइसके बाद जिलाध्यक्ष मो शाकिर हुसैन एडवोकेट ने भारत सरकार से मांग की कि इन आतंकियों की शीघ्र से शीघ्र गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ करने के बाद फाँसी पर चढ़ाया जाए और सरकार को कोई ठोस कदम उठाना चाहिए ताकि आगे इस तरह की कायरतापूर्ण कोई दूसरी घटना देश में न होने पाए इस घटना के विरोध में सारा विपक्ष सरकार के साथ है कि तुरंत सरकार कोई ठोस कदम उठाकर मरने वालों के प्रति न्याय स्थापित करेएपूर्व जिलाध्यक्ष विजय मिश्रा ने कहा देश में इस समय हालात बहुत खराब हैंए मोदी जी से देश नहीं सम्भल रहा हैएसुरक्षा में कैसे इतनी बड़ी चूक हुईएखुफिया विभाग कैसे पता नहीं

लगा पायाएकि ये आतंकवादी कई दिनों से रैकी कर रहे थे। पूर्व जिलाध्यक्ष ऊषा दुबे ने कहा अब समय आ गया है इस सरकार को गद्दी छोड़ देनी चाहिये क्योंकि इनसे देश नहीं संभल रहाएदेश में भाजपाइयों ने नफरत फैला दी हैए पूर्व जिलाध्यक्ष अकरम जमील ने कहा देश में 2029 और प्रदेश में 2027 को हम सबको कांग्रेस की सरकार लाने का संकल्प लेकर गांव.गांव जाकर सम्मानित जनता को समझाएंएइस कैंडिल मार्च में सेवादल प्रदेश सचिव. विनोद दुबे पप्पूएसरफ़राज़ हुसैनएतारिक बशीरएडॉण्प्रियंका दुबेएदेवकीनंदन दुबेएधर्मेंद्र सविताएविकास मिश्राएविनोद दुबेएराजीव अग्निहोत्रीएआमिर अंसारी एडवोकेटएसौरभ त्रिपाठी एडवोकेटएसीण्बीण्सिंहएबहार कुरैशीएसंजीव दुबे मुन्नाएआमिर खानएनारायण तिवारीएसैय्यद इस्माइलएकमलेश मिश्राएचन्दनएअक्षयएहकीम खानएआमिर सिद्दीकीएनायब अंसारीएशीलू शाक्य साहित्यक सैकड़ा कार्यकर्ता मौजूद रहे ।'

दीपक हत्याकांड रूसनसनीखेज खुलासा मामा के बेटे समेत तीन आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र भारत संवाददाता

फर्रुखाबाद। थाना राजेपुर क्षेत्र में दिल दहला देने वाली वारदात का खुलासा हुआ है। 19 अप्रैल को गायब हुए युवक दीपक कुमार का शव पांच दिन बाद गंगा किनारे बालू में दबा मिला। पुलिस ने इस सनसनीखेज हत्या का खुलासा करते हुए दीपक के मामा के बेटे श्यामवीर समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में हत्या की चौंकाने वाली साजिश सामने आई है।

गायब होने के बाद पिता ने दर्ज कराई थी गुमशुदगीकुआंडाण्डी थाना पाली हरदोई निवासी सुनील कुमार ने अपने पुत्र दीपक कुमार की गुमशुदगी की रिपोर्ट थाना राजेपुर में दर्ज कराई थी। वादी के अनुसार 19 अप्रैल को दीपक अपनी बुआ के घर सलेमपुर से तिरपाल लेकर लौटते समय भरखा चौराहे के पास लापता हो गया था। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिला।

24 अप्रैल को पुलिस को सूचना मिली कि एक शव गंगा नदी के किनारे बालू में दबा हुआ है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को निकाला। परिजनों ने शव कपड़े जूते और अन्य सामान के आधार पर उसकी पहचान दीपक कुमार के रूप में की।

हत्या के पीछे अवैध संबंध और बदले की भावना पूछताछ में आरोपियों ने जो कहानी बताईए वह चौंकाने वाली थी। श्यामवीर ने बताया कि दीपक के उसकी पत्नी से अवैध संबंध थे और वह उसकी बहन पर भी बुरी नजर रखता था। इसी से आहत होकर श्यामवीर ने अपने मित्र दीपू के साथ मिलकर दीपक की हत्या की साजिश रची।

18ध्19 अप्रैल की रात जब सभी लोग गेहूं से भरे ट्रैक्टरों को मंडी ले जा रहे थे तभी रास्ते में तेज आंधी व बारिश के कारण ट्रैक्टर भरखा चौराहा के पास रोक दिए गए। इस दौरान श्यामवीर ने दीपक को तिरपाल लाने के बहाने सवितापुर ले जाकर दीपू के साथ मिलकर सूनसान जंगल में हसिया से उसकी हत्या कर दी।शव को नदी में छिपाया बाद में गाड दियाहत्या के बाद शव को सीमेंट के खंभे से बांधकर गंगा नदी में फेंक दिया गया। बाद में शव नदी से निकालकर मनफूल नामक सहयोगी के साथ सुंदरपुर कटरी क्षेत्र में गंगा किनारे बालू में दबा दिया गयाए ताकि कोई सबूत न मिले। गिरफ्तार आरोपियों से बरामद हुआ आला कत्ल पुलिस ने श्यामवीर दीपू और मनफूल को गिरफ्तार कर लिया है। उनकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त हसिया बरामद कर लिया गया है।

एसपी ने थाने का निरीक्षण कर अभिलेख दुरुस्त करने के निर्देश दिए

फर्रुखाबाद । एसपी आरती सिंह ने शनिवार को थाना राजेपुर का औचक निरीक्षण कर थाने की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफसफाई की स्थिति अभिलेखों के रख.रखाव

मालखाने की व्यवस्था तथा क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क सिस्टम कार्यालय के संचालन का गहन अवलोकन किया।

उन्होंने थाने में मौजूद प्राथमिकी रजिस्टर मालखाना रजिस्टर आगंतुक रजिस्टर अपराध रजिस्टर सहित अन्य अभिलेखों की विस्तार से जांच की। उन्होंने कहा कि सभी अभिलेखों को अद्यतन एवं सुव्यवस्थित रखा जाए जिससे किसी भी समय आवश्यक जानकारी तुरंत प्राप्त की जा सके। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कुछ कमियों को चिह्नित करते हुए सुधारात्मक कदम उठाने के निर्देश भी दिए।

सीसीटीएनएस कार्यालय का निरीक्षण करते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों की निगरानी के लिए तकनीकी संसाधनों का सही उपयोग अत्यंत आवश्यक है। सभी लंबित प्रविष्टियों को शीघ्र पूर्ण किया जाए तथा डाटा प्रविष्टि में कोई त्रुटि न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए।पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने थाना परिसर की साफसफाई पर विशेष ध्यान देते हुए कहा कि थाने का वातावरण स्वच्छ और व्यवस्थित रहना चाहिए ताकि आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़े। उन्होंने मालखाने में जब्त सामग्री के सुरक्षित एवं उचित रख.रखाव के निर्देश दिए तथा शस्त्रागार का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा.निर्देश प्रदान किए।पुलिसकर्मियों से संवाद करते हुए श्रीमती सिंह ने कहा कि जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुना जाए और शिकायतों का त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

थाने को ऐसा वातावरण प्रदान किया जाए जहाँ हर नागरिक निर्भय होकर अपनी बात रख सके।

कानपुर कासगंज रेलवे लाइन की गुमटी संख्या 134 सी स्थाई रूप से बन्द की गई

स्वतंत्र भारत संवाददाता

फर्रुखाबाद। कमालगंज कस्वे के तहत आज गौसपुर क्रॉसिंग गुमटी संख्या 134 सी स्थाई रूप से बंद कर दी गई रेलवे के अधिकारियों ने पहुंचकर आज सुबह क्रॉसिंग को पूर्ण रूप से बंद करा दिया और जेसीबी मंगवा कर क्रॉसिंग के दोनों तरफ गहरा गड्ढा खुदवा दिया गया मौके पर सैकड़ो की संख्या में भीड़ जमा हो गई अधिकारियों ने जीआरपी पुलिस को सूचना देकर शांति व्यवस्था के लिए मौके पर बुलाया गया

रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि कुछ समय बाद लंबे रूट की गाड़ियों का संचालन किया जाएगा जिससे कानपुर से लेकर कासगंज तक कई क्रॉसिंग को पूर्ण रूप से बन्द किया जा रहा हैं उसी के क्रम में आज कमालगंज कस्बे के अंतर्गत गुमटी संख्या 134 सी पूर्ण रूप से बंद कर दी गई है

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस गुमटी के बंद होने से करीबी गांव गौसपुर नगला दाऊद शेखपुर के ग्रामीणों को अच्छी खासी दिक्कत का सामना करना पड़ेगा तथा गुमटी से कस्बे के अंदर आने वाले मार्ग पर के दुकानदारों का मानना है कि गुमटी बंद होने से आवागमन बंद हो गया जिससे यहां का व्यापार बिल्कुल शून्य हो गया

एआईएमआईएम पार्टी ने पहलगाम हमले की निंदा कर सीओ को ज्ञापन दिया

फर्रुखाबाद । एआईएमआईएम के भोजपुर विधानसभा प्रभारी हाफिज तालिब सिद्दीकी व बदरुद्दीन सिद्दीकी ने कार्यकर्ताओं के साथ क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद राकेश कुमार को जहानगंज थाने में ज्ञापन दिया जिसमें कार्यकर्ताओं ने पहलगाम हमले में मारे गए 26 नागरिकों की निर्मम हत्या का बदला लेने की सरकार से अपील की हमले का कड़ा विरोध किया इस हमले से जुड़े आतंकवादियों पर कड़ी से कड़ी एक निश्चित कार्यवाही की मांग की तालिब सिद्दीकी ने कहा कि सरकार को आतंकवाद का जड़ से सफाया करना चाहिए जिससे हमारे देश और उसकी जनता सुकून से रह सके आज एक हमले से सैलानियों का जाना पूर्ण रूप से बंद हो गया जिससे वहां के स्थानीय लोगों पर रोजगार का संकट मड़राने लगा हम सब पहलगाम हिंसा में मारे गए नागरिकों के पीड़ित परिजनों के साथ खड़े हैं और उनके लिए न्याय की मांग करते हैंइस दौरान थानाध्यक्ष जितेंद्र पटेल मौजूद रहे

कानपुर विकास प्राधिकरण — आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री गिरजा शंकर निषाद द्वारा पंजीकृत वसीयत की छायाप्रति, मृत्यु प्रमाण पत्र व शपथ आदि प्रस्तुत कर भवन संख्या 312 ब्लाक एल0आई0जी0 योजना जरौली क्षेत्रफल 55.13व0मी0 का वसीयत के आधार पर अपने पक्ष में नामान्तरण किये जाने का अनुरोध किया गया है। उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि प्राधिकरण द्वारा भवन संख्या 312 ब्लाक एल0आई0जी0 योजना जरौली क्षेत्रफल 55.13व0मी0 का आवंटन दिनांक 20.07.1990 को श्री सूरज मोहन सिंह पुत्र श्री पोखवाल सिंह के पक्ष में किया गया है। मूल आवंटी श्री सूरज मोहन सिंह पुत्र श्री पोखवाल सिंह द्वारा अपने जीवन काल में एक रजिस्टर्ड वसीयत दिनांक 24.01.2007 को निष्पादित की गयी, जिसके अनुसार उनकी मृत्यु उपरान्त उक्त भवन की एक मात्र मालिक/काबिज श्री गिरजा शंकर निषाद पुत्र स्व0 रामेश्वर निषाद होगें। प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण पत्र के अनुसार श्री सूरज मोहन सिंह पुत्र श्री पोखवाल सिंह की मृत्यु दिनांक 23.10.2007 को हो चुकी है। अतः श्री गिरजा शंकर निषाद पुत्र स्व0 रामेश्वर निषाद द्वारा उक्त पंजीकृत वसीयत के आधार पर नामान्तरण किये जाने का अनुरोध किया है। जिसके अनुसार श्री गिरजा शंकर निषाद पुत्र स्व0 रामेश्वर निषाद के पक्ष में वसीयत के आधार पर नामान्तरण किया जाना है। उक्त नामान्तरण के सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति प्रकाशन के तीस दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति सप्रमाण एकल विण्डो काउन्टर तथा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय विक्रय जोन-3 में प्रस्तुत कर दें, निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में उक्त भूखण्ड का नामान्तरण आवेदक के पक्ष में किये जाने की कार्यवाही अमल में लाई जायेगी तथा इसके पश्चात किसी भी आपत्ति पर विचार किया जाना सम्भव न होगा।

विशेष कार्याधिकारी (विक्रय जोन-3)

खबर एक नज़र

वार्षिक पुरुस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया

छिबरामऊ कन्नौज । बीण् पब्लिक स्कूल खोजीपुर में वार्षिक पुरुस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अथिति के रूप में मनोज कुमार सिंह पुलिस क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ को आमंत्रित किया गया।

पुरुस्कार वितरण में विद्यालय के प्रबंधक मोहम्मद जमील ने बताया कि पुरुस्कारों से छात्रध्छात्राओं का मनोबल बढ़ता है और वे पहले से अधिक मेहनत करते हैं। क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार सिंह ने अपने संदेश के द्वारा विद्यालय में पृथमए द्वितिय व तृतीय आने वाले छात्रध्छात्राओं को बधाई दी व उनके उज्जवल भविष्य की कामना करने का संदेश भिजवाया। इस अवसर पर बच्चों ने फनी एक्टए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ आदि कार्यक्रमों से उपस्थित लोगों का मनोरंजन किया व अंत में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को बेस्ट कार्यक्रम का अवॉर्ड दिया गया। अपनी कक्षा में पृथम पुरुस्कार प्राप्त करने वाले आयतए अभिराजए मोनिकाए नैतिक सिंहए आस्थाए आराध्याए उपासनाए देव व आरजू तथा द्वितिय स्थान प्राप्त करने वाले सेजलए गीतांशीए सृष्टिए नाजियाए अंशए अपूर्वाए शिक्षाए काजलए सौरवए उमरए हर्ष आदि। जीके कॉम्पिटीशन के सीनियर वर्ग में उमर अली ने पृथम स्थान प्राप्त किया तथा जूनियर वर्ग में उपासना ने पृथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय में मोनिका पुत्री कमलेश रसूलपुर ने 99ण्13ः प्राप्त कर पृथम स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर विघायल के प्राधानाचर्य श्री अवनीश मिश्राए स्टाफ में महेंद्र सिंहए हिमांशुए फैजानए तनाज व गौसिया व सभी छात्रध्छात्राओं के माता पिता उपस्थित रहे।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता भोगनीपुर प्रखण्ड, निचली गंगा नहर, इटावा

अति अल्पकालीन ई–नीलामी सूचना संख्या–01/अधि0अभि0/2025–26

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि भोगनीपुर प्रखण्ड, निचली गंगा नहर, इटावा के कार्यक्षेत्र के अन्तर्गत भोगनीपुर शाखा नहर के कि0मी0 60.000 से कि0मी0 171.400 तक क्षमता पुर्नस्थापना की परियोजना के अन्तर्गत कराये गये कार्यों के दौरान नहर के आन्तरिक सेक्शन से निकाली एवं अन्य नहरों के आन्तरिक सेक्शन से निकाली गई सिल्ट/मिट्टी की अतिरिक्त मात्रा की ई–नीलामी http://etender.up.nic.in के माध्यम से दिनांक 28.04.2025 से दिनांक 12.05.2025 अपरान्ह 02:00 बजे तक अपलोड करने हेतु आमन्त्रित की जाती है तथा टेक्निकल बिड दिनांक 12.05.2025 अपरान्ह 03:00 बजे अधोहस्ताक्षरी एवं निविदा समिति द्वारा ऑनलाइन खोली जायेगी। कार्यालय बन्द होने अथवा अवकाश होने की दशा में यह बिड अगले कार्य दिवस में उसी समय खोली जायेगी।

लॉट सं0	नहर का नाम व चैनेज	जनपद का नाम	सिल्ट/बालू की मात्रा (घनमीटर में)	बोली की न्यूनतम धनराशि लाख रू0 में	ई0एम0डी0 धनराशि (न्यूनतम बोली का 25 प्रतिशत धनराशि लाख रू0 में)	निविदा शुल्क जी0एस0टी0 सहित (रू0 में)	सिल्ट/बालू उठाने की अवधि
1	2	3	4	5	6	7	8
1	भोगनीपुर शाखा के कि0मी0 60.000 से कि0मी0 65.500 तक सिल्ट/मिट्टी की नीलामी		31145.00	26.28	6.57	300+500 +GST 18%	45 दिवस
2	भोगनीपुर शाखा के कि0मी0 65.600 से कि0मी0 67.800 तक सिल्ट/मिट्टी की नीलामी		21250.00	17.93	4.48	300+500 +GST 18%	45 दिवस
3	भोगनीपुर शाखा के कि0मी0 67.800 से कि0मी0 69.874 तक सिल्ट/मिट्टी की नीलामी		17000.00	14.34	3.59	300+500 +GST 18%	45 दिवस
4	भोगनीपुर शाखा के कि0मी0 70.000 से कि0मी0 73.600 तक सिल्ट/मिट्टी की नीलामी		30600.00	25.82	6.46	300+500 +GST 18%	45 दिवस
5	भोगनीपुर शाखा के कि0मी0 73.700 से कि0मी0 78.028 तक सिल्ट/मिट्टी की नीलामी		26975.00	22.76	5.69	300+500 +GST 18%	45 दिवस
6	भोगनीपुर शाखा के कि0मी0 78.028 से कि0मी0 81.300 तक सिल्ट/मिट्टी की नीलामी		20150.00	17.00	4.25	300+500 +GST 18%	45 दिवस
7	भोगनीपुर शाखा के कि0मी0 81.400 से कि0मी0 84.450 तक सिल्ट/मिट्टी की नीलामी		21500.00	18.14	4.54	300+500 +GST 18%	45 दिवस
8	भोगनीपुर शाखा के कि0मी0 84.500 से कि0मी0 90.000 तक सिल्ट/मिट्टी की नीलामी		23700.00	20.00	5.00	300+500 +GST 18%	45 दिवस
9	इटावा राजवाह के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 19.000 तक सिल्ट/मिट्टी की नीलामी		6140.00	3.47	0.87	150+500 +GST 18%	45 दिवस
10	भोगनीपुर शाखा के कि0मी0 90.000 (साइफन) से कि0मी0 97.000 (रेलवे लाइन क्रासिंग) तक सिल्ट/मिट्टी की नीलामी		18235.30	15.39	3.85	300+500 +GST 18%	45 दिवस
11	भोगनीपुर शाखा के कि0मी0 97.000 (रेलवे लाइन क्रासिंग) से कि0मी0 99.250 (राष्ट्रीय राजमार्ग क्रासिंग) तक सिल्ट/मिट्टी की नीलामी	इटावा	19312.40	16.29	4.07	300+500 +GST 18%	45 दिवस
12	भोगनीपुर शाखा के कि0मी0 99.250 (राष्ट्रीय राजमार्ग क्रासिंग) से कि0मी0 100.850 (कल्यानपुर ब्रिज) तक सिल्ट/मिट्टी की नीलामी		19312.40	20.82	5.21	300+500 +GST 18%	45 दिवस
13	भोगनीपुर शाखा के कि0मी0 100.850 (कल्यानपुर ब्रिज) से कि0मी0 105.950 (भूलपुर ब्रिज) तक सिल्ट/मिट्टी की नीलामी		21638.40	18.26	4.57	300+500 +GST 18%	45 दिवस
14	भोगनीपुर शाखा के कि0मी0 103.050 (भूलपर ब्रिज) से कि0मी0 105.950 (धर्मपुर ब्रिज) तक सिल्ट/मिट्टी की नीलामी		24781.10	20.91	5.23	300+500 +GST 18%	45 दिवस
15	विधीपुर राजवाह के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 8.000 तक सिल्ट/मिट्टी की नीलामी		4150.30	2.31	0.58	150+500 +GST 18%	45 दिवस
16	भोगनीपुर शाखा के कि0मी0 106.800 से कि0मी0 113.458 (लखना नया पुल) तक सिल्ट/मिटटी की नीलामी		41571.83	35.07	8.77	300+500 +GST 18%	45 दिवस
17	भोगनीपुर शाखा के कि0मी0 113.458 (लखना नया पुल) से कि0मी0 119.725 (गौतमपुर ब्रिज) तक सिल्ट/मिटटी की नीलामी		39130.47	33.01	8.25	300+500 +GST 18%	45 दिवस
18	भोगनीपुर शाखा के कि0मी0 119.725 (गौतमपुर ब्रिज) से कि0मी0 125.833 (दहियापुर) तक सिल्ट/मिटटी की नीलामी		38137.69	32.18	8.05	300+500 +GST 18%	45 दिवस
19	विलायाँ राजवाह के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 10.000 तक सिल्ट/मिटटी की नीलामी		7860.00	4.29	1.07	150+500 +GST 18%	45 दिवस
20	निवाड़ी राजवाह के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 15.000 तक सिल्ट/मिटटी की नीलामी		13610.00	7.55	1.89	300+500 +GST 18%	45 दिवस

यह नीलामी/बिड उ0प्र0 सरकार की बेबसाइट (http://etender.up.nic.in) सूचना विभाग की बेवसाइट (http://information.up.nic.in) तथा सिंचाई विभाग की बेवसाइट (http://idup.gov.in) उपलब्ध है। नीलामी से सम्बन्धित विस्तृत विवरण एवं नियम शर्तें उपरोक्त बेवसाइट पर देखी जा सकती है।

उ0प्र0 232859 दिनांक- 24.04.2025
Web.: www.upidadv.gov.in

अधिशासी अभियन्ता
भोगनीपुर प्रखण्ड नि0गं0न0, इटावा।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई खण्ड, इटावा ।

पत्रांक– 70 /ल0सि0/ लेखा/ निविदा सूचना /2025–26 दिनांक 22.04.2025

ई0 निविदा सूचना सं0–06/2025–26

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश, की ओर से लघु सिंचाई खण्ड, इटावा के अन्तर्गत जनपद फर्रूखाबाद में मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनान्तर्गत वर्षा जल संरक्षण/रीचार्ज महत्ता के दृष्टिगत रूफटॉफ रेनवाटर हार्वेस्टिंग का कार्य विभागीय विष्टषिटया के अनुसार ऑनलाईन पोर्टल http://etender.up.nic.in के माध्यम से निर्माण कार्यो हेतु पात्रता रखने वाले ऐसे फर्म/ठेकेदार जो सिंचाई विभाग ,उत्तर प्रदेश में पंजीकृत /सूचीबद्व हो या ऐसे ठेकेदार जो लघु सिंचाई विभाग ,उत्तर प्रदेश में दो वर्ष का कार्य करने का अनुभव रखते हों ,उनके विरूद्व कोई जॉंच लम्बित न हो, से प्रतिषत दर पर ई–निविदा प्रणाली के अर्न्तगत निविदा बजट की प्रत्याषा में आमंत्रित की जाती है। निविदा सूचना,निविदा प्रपत्र एंव निविदा नियम व षर्ते उत्तर प्रदेष सरकार की बेवसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 28.04.25 को प्रातः 10.00 बजे से दिनांक 07.05.25 को सांय 5.00 बजे तक उपलब्ध रहेंगें। इस अवधि में निविदा अभिलेख http://etender.up.nic.in बेवसाइट से डाउनलोड/अपलोड किया जा सकता है। प्री0 क्वालीफिकेषन टेक्निकल बिड दिनांक 08.05.25 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से अधीक्षण अभियन्ता, लघु सिंचाई वृत्त, लखनऊ के कार्यालय में अधीक्षण अभियन्ता, की अध्यक्षता में गठित निविदा समिति के द्वारा खोला जायेगा। प्री0 क्वालीफिकेषन टेक्नीकल बिड में उपयुक्त पाये गये निविदादाताओं के फाइनेन्सियल बिड दिनांक 08.05.25 को अपरान्ह 2:00 बजे से खोले जायेंगे। कार्यालय बन्द होने या अवकाष होने की दषा में यह बिड अगले कार्य दिवस में उसी समय खोली जायेगी। विषेष परिस्थितियों में निविदा खोलने की तिथि/समय आदि में यदि कोई परिवर्तन होता है, तो उसकी सूचना ऑनलाइन /नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा कर उपलब्ध करा दी जायेगी

क्र0 सं0	जनपद का नाम	कार्य का नाम व विवरण	विकास खण्ड का नाम	अनुमानित लागत (रू0 लाख में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि	धरोहर धनराषि (रू0 लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य/स्टेषनरी चार्ज
1	2	3	4	5	6	7	8
1.	फर्रूखाबाद	(क्लस्टर–1) 1. सविलियन विद्यालय झंसी । 2. उच्च प्रा0 विद्यालय माडल शंकरपुर । 3. प्राथमिक विद्यालय मुबारिकपुर । 4. उच्च प्राथमिक विद्यालय बझेरामलिक पट्टी ।	कमालगंज	8.574	3 माह	0.86	854.00
		(क्लस्टर–2) 1. कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय पतौंजा । 2. प्राथमिक विद्यालय राजेपुर टप्पामण्डल । 3. कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय बहोरिकपुर । 4. प्राथमिक विद्यालय रूनी चुरसई । 5. संविलियन विद्यालय माडल षंकरपुर 6. प्राथमिक विद्यालय चुनूपुर गढिया । 7. प्राथमिक विद्यालय रायपुर ।	कमालगंज	14.927	3 माह	1.50	854.00
1.	फर्रूखाबाद	(क्लस्टर–3) 1. प्राथमिक विद्यालय कतरौली पटटी । 2. उच्च प्राथमिक विद्यालय (संविलियन) कतरौली पटटी । 3. प्राथमिक विद्यालय निनौरा श्रंखलापुर । 4. उच्च प्राथमिक विद्यालय सिघौली । 5. उच्च प्राथमिक विद्यालय (संविलियन)आजाद नगर (भटपुरा) । 6. प्राथमिक विद्यलाय घाटमपुर ।	कमालगंज	14.103	3 माह	1.41	854.00
		(क्लस्टर–4) 1. प्राथमिक (संविलियन) विद्यालय नगला लाहोरी । 2. उच्च प्राथमिक विद्यालय ढर्रा शादीनगर । 3. पूर्व/उच्च माध्यमिक विद्यालय चंदनी । 4. शास्त्री इण्टर कालेज चन्हुईया । 5. उच्च प्राथमिक विद्यालय बडी पैथान । 6. उच्च प्राथमिक विद्यालय ,शिवरई मठ ।	नवाबगंज	13.210	3 माह	1.32	854.00
		(क्लस्टर–5) 1. प्राथमिक विद्यालय नगला अखई । 2. पूर्व माध्यमिक विद्यालय नगला भवानी । 3. पूर्व माध्यमिक विद्यालय (जूनियर हाई स्कूल) हरसिंगपुर । 4. प्राथमिक स्वास्थय केन्द्र संकिसा ।	मोहम्मदाबाद	6.550	3 माह	0.66	854.00

यह निविदा/बिड सूचना उत्तर प्रदेष सरकार की वेबसाइटhttp://upgov.nic.in सूचना विभाग की वेबसाइट http://information.up.nic.in लघु सिंचाई विभाग के वेबसाइट http://minorirrigation.up.nic. in एवं ई–टेण्डर पोर्टल http://etender.up.nic.inपर भी उपलब्ध है तथा निविदा/बिड की विस्तृत शर्तें निविदा/बिड प्रपत्र के साथ उपलब्ध होंगी जो निविदा की वेबसाइट पर अपलोड़ रहेंगी। Technical Evaluation by Tender Committee will be done offline financial bid will be opened only qualified bidders of technical bid. Financial bid will be opened at 2.00 PM hrs on dated 08-05-25

उ0प्र0 232844 दिनांक- 24.04.2025
Web.: www.upidadv.gov.in

(अनुराग गुप्ता)
अधिशासी अभियन्ता,
लघु सिंचाई खण्ड, इटावा।

मिर्जापुर अहरौरा में बड़ा हादसा : तेज रफ्तार एम्बुलेंस पर पलटी ट्रक, चार की मौत, दो घायल

मिर्ज़ापुर। सोनभद्र जिले के लोढ़ी अस्पताल से शनिवार की सुबह गर्भवती महिला को एंबुलेंस से वाराणसी ले जाते समय रास्ते में अहरौरा वाराणसी शक्ति नगर मार्ग पर ओवर ब्रिज के पास गिट्टी लदा ट्रक एम्बुलेंस पर पलट गया। हादसे में एंबुलेंस में सवार गर्भवती महिला समेत चार लोगों की मौत हो गई। दो लोग घायल हो गए है। सोनभद्र जिले के लोढ़ी अस्पताल से गर्भवती महिला को रेफर किया गया था। गर्भवती महिला के परिवार के तीन सदस्य एंबुलेंस में बैठे थे। एंबुलेंस चालक अपने एक साथी के साथ सभी को लेकर वाराणसी अस्पताल जा रहा था। सोनभद्र के क्रशर प्लांट

से गिट्टी लोड कर वाराणसी की ओर तेज रफ्तार से जा रहा ट्रक शनिवार की सुबह ओवर ब्रिज के पास अनियंत्रित होकर एंबुलेंस के ऊपर पलट गया। लोग ट्रक पर लदे गिट्टी के नीचे मलबे में दब गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस बचाव तथा राहत कार्य में जुट गई। जेसीबी तथा पोकलेन की मदद से मलबे के नीचे दबे लोगों को निकाला गया। हादसे में एंबुलेंस सवार गर्भवती महिला हीरावती देवी (25) निवासी कनहरा थाना ओबरा जनपद सोनभद्र, मालती देवी (40) निवासी जुगैल सोनभद्र, सूरज बली खरवार (27) निवासी कनहरा थाना ओबरा व रामू की मौत हो गई। कौशल कुमार खरवार उर्फ भाईलाल निवासी कनहरा थाना ओबरा सोनभद्र व भंडारी शर्मा निवासी संतनगर गुरमा थाना राबर्ट्सगंज घायल हैं। जिनका उपचार चल रहा है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।

हर घर नल जल योजना के पानी को बर्बाद ना करें : वीरेंद्र सिंह

हलिया (मिर्ज़ापुर)। स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायतों में

बर्बाद करता हुआ पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई किया जायेगा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महत्वकांक्षी योजना हर घर जल योजना के तहत टोटी के माध्यम से पेयजल आपूर्ति के पानी को ग्रामीणों द्वारा अनावश्यक रूप से बर्बाद ना करने कि अपील किया है। हर घर नल जल योजना कि टोंटी को हमेशा बंद रखे जिससे अनावश्यक रूप से पानी बर्बाद ना हो सके। हर घर नल जल योजना के तहत टोंटी के माध्यम से पेयजल को अनावश्यक रूप से बर्बाद करता हुआ पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई किया जायेगा। प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने हल्का प्रभारियों को निर्देश दिया है कि अपने अपने क्षेत्र में हर घर नल जल योजना के तहत लगाई गई टोंटी को खोलकर अनावश्यक रूप से पानी को बर्बाद करने वाले लोगो को चिन्हित करने का निर्देश दिया है। जिससे अनावश्यक रूप से बर्बाद हो रहे पानी को बचाया जा सके बना करने के बाद भी टोंटी से पानी को अनावश्यक रूप से बर्बाद करने वाले लोगो को चिन्हित कर कार्रवाई किया जायेगा। ऐसे में लोगो से अपील किया है कि अनावश्यक रूप से पानी को बर्बाद ना करे पानी को बचाये हर घर नल जल योजना कि कार्यदाई संस्था एनसीसी द्वारा थाने पर सूचना देकर हर घर नल जल योजना के पानी को टोंटी खोलकर अनावश्यक रूप से ग्रामीणों द्वारा बर्बाद किया जा रहा है। जिस पर प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने अपने क्षेत्र के हल्का प्रभारियों को पानी को अनावश्यक बर्बाद करने पर लोगो को जागरूक करने का निर्देश दिया है। अगर जागरूक करने के बाद भी पानी को अनावश्यक रूप से बर्बाद करने वाले लोगो को चिन्हित कर कार्रवाई किया जायेगा ग्रामीणों से अपील किया है। पानी को बचाये अनावश्यक रूप से बर्बाद ना करे।

सौरभ ने आईईडीएस परीक्षा में प्राप्त किया चौथा स्थान

चुनार(मिर्जापुर)। संघ लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित आईईडीएस 2024 की परीक्षा के घोषित परिणाम में सौरभ कुमार सिंह ने आल इंडिया रैंकिंग में चौथा और ओबीसी सूची में प्रथम स्थान स्थान प्राप्त किया है। उन्हें अस्सिटेंट डायरेक्टर के पद पर नियुक्ति मिली है। क्षेत्र के सोनउर (जमुहार) गाँव निवासी ओम प्रकाश सिंह एवं कुसुम सिंह के पुत्र सौरभ ने बीटेक

उत्तर प्रदेश टेक्सटाइल टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट कानपुर से उत्तीर्ण किया है। उन्होंने इस उपलब्धि पर कहा कि माता पिता और भाई सुधांश व जय शंकर सिंह का काफी सहयोग रहा।

महोगढ़ी गौशाला का बीडीओ ने किया निरीक्षण दिए निर्देश

हलिया (मिर्जापुर)। खंड विकास अधिकारी (बीडीओ)हलिया विजय शंकर त्रिपाठी ने शुक्रवार शाम छह बजे के करीब विकास खंड के ग्राम पंचायत महोगढ़ी में संचालित गौ आश्रय स्थल का निरीक्षण किया। खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) ने गौ आश्रय स्थल पर मौजूद निराश्रित गोवंशों को धूप और लू से बचाव हेतु विशेष रूप से ध्यान देने के लिए गौशाला कर्मियों को निर्देशित किया।खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) ने गौ आश्रय स्थल पर बनाये गए भूसा गोदाम में निराश्रित पशुओं को खिलाने के लिए रखे भूसा,पशु आहार, पानी की व्यवस्था का का निरीक्षण किया गौ आश्रय स्थल पर साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा। बीडीओ ने गोवंशों की सुरक्षा में लापरवाही नही बरतने का निर्देश

दिया।कहा कि निराश्रित पशुओं कि देखभाल में किसी भी प्रकार कि लापरवाही बर्दास्त नहीं किया जायेगा संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई किया जायेगा। इस मौके पर मौजूद सचिव आलोक राव को गौशाला की चारागाह भूमि पर नेपियर घास लगवाने के लिए निर्देश दिया।जिससे निराश्रित पशुओं को हरे चारे कि व्यवस्था किया जा सके बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी ने बताया कि महोगढ़ी गौ आश्रय स्थल का निरीक्षण किया गया है। गौ आश्रय स्थल पर व्यवस्था संतोषजनक पाई गई है। गोवंशों की सुरक्षा को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

वक्फ की संपत्तियों को छीना नहीं जाएगा,न ही पहले की किसी संपत्तियों से होगी छेड़छाड़ : राजेश त्रिपाठी

फूलपुर आजमगढ़। वक्फ सुधार कानून मुसलमानों के हित के लिए लाया गया है। यह बात भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता राजेश त्रिपाठी ने नगर पंचायत कार्यालय में प्रेसवार्ता में कहीं। वह वक्फ सुधार जनजागरण अभियान के तहत फूलपुर ब्लाक मुख्यालय पर पहुंचे।उन्होंने कहा कि विपक्ष मुसलमानों को गुमराह कर रहा है कि वक्फ की जमीन सरकार छीनना चाहती है,यह बिल्कुल गलत है।सरकार के वक्फ सुधार बिल से गरीब मुसलमान को सर्वाधिक लाभ पहुंचेगा,जबकि विपक्ष झूठ बोलकर मुसलमान को बरगला रहा है।उन्होंने कहा कि वक्फ बहुत पवित्र चीज है।इसमें अल्लाह के नाम दी गई जमीनें हैं।उन्होंने कहा इस कानून में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है कि कब्रिस्तान,मस्जिद मदरसे की जमीन सरकार ले लेगी।बल्कि इस कानून में साफ लिखा है कि जब से कानून लागू होगा उससे पहले की वक्फ की संपत्तियों को बदला नहीं जा सकता,फिर भी आम मुसलमान को गलत बताया जा रहा है।उन्होंने कहा कि वक्फ कानून की अच्छाइयां व सरकार का पक्ष घर घर जाकर खासकर मुसलमानों के बीच बताया जाएगा,उन्होंने कहा कि वक्फ की परंपरा 13 वीं शताब्दी से शुरू हुई।वर्ष 2006 में तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के समय में सच्चर कमेटी की रिपोर्ट में मुसलमान के आर्थिक हालात का वर्णन किया था।तब मनमोहन सिंह ने कहा था

आतंकी हमले में मारे गए सैलानियों को कैंडल मार्च निकालकर दी श्रद्धांजलि

हलिया (मिर्ज़ापुर)। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों को विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्त्ताओ व क्षेत्रीय लोगो ने कैंडल मार्च निकालकर श्रद्धांजलि दी। शुक्रवार कि देर शाम क्षेत्र के ड्रमण्डगंज बाजार में कैंडल मार्च में शामिल लोगो ने आतंक वाद मुर्दाबाद व पाकिस्तान के के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कैंडल मार्च के बाद आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले पाकिस्तान व आतंकवाद का पुतला बनाकर फूंका गया भाजपा नेता श्याम बहादुर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील है कि वह पाकिस्तान को इस आतंकी हमले का करारा जवाब दे विश्व हिंदी परिषद नेता पिंटू केसरी ने कहा कि आतंकवादियों ने बर्बरता से लोगों की हत्या कर घिनौना काम किया है। भाजपा मंडल अध्यक्ष मिथिलेश सिंह ने कहा कि सरकार को आतंकवादियों को करारा जवाब देते हुए कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। कैंडल मार्च में श्याम बहादुर सिंह ज्ञानेश्वर दुबे मिथिलेश सिंह सोनू सिंह पिंटू केसरी अंजनी सोनी लव कुश केसरी झालर पटेल संतोष सिंह आदि रहे।

थाना दिवस पर पड़े छह मामले नहीं हुआ निस्तारण

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय थाना परिसर में शनिवार को थाना समाधान दिवस का आयोजन तहसीलदार लालगंज दीक्षा पाण्डेय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ थाना समाधान दिवस पर कुल छह मामले राजस्व से संबंधित पड़े मौके पर किसी भी मामले का निस्तारण नहीं हो सका है। तहसीलदार ने मामलो के निस्तारण के लिए राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर रवाना किया है पूर्व के दो मामलों का निस्तारण कराया गया है। तहसीलदार ने कहा की थाना समाधान दिवस पर आने वाले मामलो को गंभीरता से लेते हुए उसका निस्तारण करना सुनिश्चित करे और मामले के निस्तारण की आख्या ससमय उपलब्ध कराये।

मामलो के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरतने वाले राजस्व कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई किया जायेगा। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह, राजस्व

निरीक्षक अशोक दूबे, शिव कुमार चौबे, उपनिरीक्षक श्याम लाल, महेंद्र प्रताप यादव लेखपाल मौजूद रहे।

हाफिज कुरान की उपाधि से सम्मानित कुल 85 बच्चों को दस्तार बांधी गई

मुबारकपुर आजमगढ़। जामिया अरबिया मदरसा मजहरूल ओलूम के परिसर में जलसे दस्तारबन्दी का आयोजन हुआ जिसमें मदरसा के फारगीन छात्र हाफिज कुरान की उपाधि से सम्मानित कुल 85बच्चों को दस्तार बांधी गई। मुबारकपुर थाना क्षेत्र के ग्राम इब्राहीमपुर में विगत बीती रात में जामिया अरबिया मदरसा मजहरूल ओलूम के परिसर में वार्षिक 25 वां जलाए दस्तकार बन्दी का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। हज़रत मौलाना कारी होजैफा अजीज ने तिलावते कुरआन पाक से कार्यक्रम का आगाज किया। हज़रत मौलाना महमूद अहमद बलिलयावी ने नात पाक का नजराना पेश किया । हज़रत मौलाना मुफ्ती राशीद साहब ने कुरान पाक की तालीम हासिल करने और तिलावत कुरान पाक की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मदरसा मजहरूल ओलूम स्थानीय व बैरूनी बच्चों को तालीम शिक्षा देता है। बड़े ही हर्ष का विषय है कि यहां से शिक्षा प्राप्त कर 85छात्रों को हाफिज कुरान की उपाधि से सम्मानित करते हुए उनके सर पर दस्तार बांधी गई है। अध्यक्षता हज़रत मौलाना तौफीक अहमद और संचालन हज़रत मौलाना अब्दुर्रहमान ने किया।इस अवसर पर मुख्य रूप से सम्मानित छात्र उमर सलीम, अब्दुर्रब, मुहम्मद सद्दाम , अब्दुर्रहमान सहित तमाम लोग का नाम शामिल हैं।

हर घर जल पानी की टंकी निर्माण के लिए आपसी सुलह से बोरिंग का कार्य शुरू

आजमगढ़। फूलपुर आजमगढ़ नगर में कब्रिस्तान कमेटी की शिकायत पर एसडीएम संत रंजन ने हर घर जल पानी की टंकी निर्माण के लिए आपसी सुलह समझौता से बोरिंग का कार्य शुरू किया गया।इसके पहले उन्होंने जमीन की वस्तुस्थित की जानकारी लिया। आपसी सुलह समझौता बात चीत के बाद हर घर जल योजना की बोरिंग के चुना से चिह्नित किया गया।एसडीएम द्वारा शांति पूर्वक की गई इस कार्यवाही से सभी ने सराहना किया।काफी दिनो से चल रहे विवाद को देखते हुए मौके पर काफी संख्या में पुलिस फोर्स और राजस्व कर्मचारी को बुलाया गया था। इस दौरान एसडीएम संत रंजन ने दोनों पक्षों के बातों को गंभीरता से सुन कर कब्रिस्तान सामने और ट्रांसफार्मर के बीच किए अवैध कब्जे को ईओ विक्रम कुमार को सख्त निर्देश दिया।कब्रिस्तान कमेटी के लोग कब्रिस्तान के सामने किए गए अतिक्रमण को हटाने मांग काफी दिनो से कर रहे थे।इस पर एसडीएम ने ईओ विक्रम कुमार को अतिक्रमण को दो दिन के अंदर हटाने का निर्देश दिया।

अदालती सूचना

न्यायालय श्रीमान् एफ. टी.सी. 52/ए.डी. जे. कानपुर नगर
प्रोबेट वाद सं० 933 सन् 2024
अरविन्द अग्रवाल उम्र लगभग 44 वर्ष पुत्र स्व० शिवनाथ अग्रवाल निवासी 10/487–बी, मकरावर्टगंज,खलासी लाइन कानपुर नगर ..वादी/पिटीशनर
बनाम –1. श्रीमती शुभारानी अग्रवाल उम्र लगभग 69 वर्ष पत्नी स्व० शिवनाथ अग्रवाल निवासी 10/487–बी, मकराबर्टगंज, खलासी लाइन कानपुर नगर 2. श्रीमती अंजली अग्रवाल उम्र लगभग 44 वर्ष पत्नी आशुतोष अग्रवाल निवासी 399 गणेश बाग कठघर रोड, इलाहाबाद .....प्रतिवादीगण/विपक्षीगण
आम जनता को नोटिस –अन्तर्गत धारा 276 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम
जैसा कि आवेदक अरविन्द अग्रवाल वयस्क पुत्र स्व० शिवनाथ अग्रवाल निवासी 10/487–बी मकराबर्टगंज कानपुर नगर के पिता शिवनाथ अग्रवाल पुत्र स्व० गुलाब चन्द्र अग्रवाल निवासी 10/487–बी मकबरार्टगंज कानपुर की मृत्यु दिनांक 12.06.2024 को हो गयी थी, के चल व अचल सम्पत्तियों के सम्बन्ध में वसीयत दिनांक 20.09.2023 के लिए प्रोबेट का आवेदन किया है। जिसके बावत आपको/आम जनता को सूचित किया जाता है कि आप प्रोबेट पत्र को निर्गत करने के संबंध में अपनी आपत्तियाँ यदि कोई हो, तो न्यायालय उपस्थित होकर दर्ज कराये तथा नियत दिनांक 29.04.2025 तक अपना दावा प्रस्तुत करें यदि आप नियत दिनांक को उपस्थित न होगे तो आवेदन आपकी अनुपस्थिति में सुना व निस्तारित किया जायेगा। यह कि आज दिनांक 10.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत जारी किया गया। आज्ञा से सदर मुंसरिम कानपुर नगर

सी.आर.-179/K-38

अदालती सूचना

न्यायालय श्रीमान् एफ. टी. सी. 52/ए.डी.जे. कानपुर नगर
प्रोबेट वाद सं० 934 सन् 2024
1. अरविन्द अग्रवाल उम्र लगभग 44 वर्ष पुत्र स्व० शिवनाथ अग्रवाल निवासी 10/487–बी, मकरावर्टगंज खलासी लाइन कानपुर नगर 2–बारूल अग्रवाल वयस्क पुत्र श्री पवन कुमार अग्रवाल निवासी 10/487–बी मकरावर्टगंज कानपुर नगर द्वारा मुख्तार श्री पवन कुमार अग्रवाल पुत्र स्व० गुलाब चन्द्र अग्रवाल निवासी 10/487–बी, खलासी लाइन मकरावर्टगंज कानपुर नगर ....वादी/पिटीशनर
बनाम–1. श्रीमती शकुन्तला अग्रवाल वयस्क पत्नी स्व० विश्वनाथ अग्रवाल निवासी 10/487–बी, मकरावर्टगंज खलासी लाइन कानपुर नगर 2. सपना गुप्ता वयस्क पत्नी श्री दीपातांशू गुप्ता निवासिनी इलाहाबाद बैंक रोड रेलवे गंज हरदोई ....प्रतिवादीगण/विपक्षीगण
आम जनता को नोटिस –अन्तर्गत धारा 276 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम
जैसा कि आवेदकगण, ने विश्वनाथ अग्रवाल पुत्र स्व० गुलाब चन्द्र की मृत्यु दिनांक 03.11.2023 को हो गयी थी, के चल व अचल सम्पत्तियों के सम्बन्ध में वसीयत दिनांक 18.08.2023 के लिए प्रोबेट का आवेदन किया है। जिसके बावत आपको आम जनता को सूचित किया जाता है कि आप प्रोबेट पत्र को निर्गत करने के संबंध में अपनी आपत्तियाँ यदि कोई हो, तो न्यायालय उपस्थित होकर दर्ज कराये तथा नियत दिनांक 29.04.2025 तक अपना दावा प्रस्तुत करें यदि आप नियत दिनांक को उपस्थित न होगे तो आवेदन आपकी अनुपस्थिति में सुना व निस्तारित किया जायेगा। यह कि आज दिनांक 10.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत जारी किया गया। आज्ञा से, सदर मुंसरिम कानपुर नगर

सी.आर.-179/K-38

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रखण्ड कानपुर।

पत्रांक– 46/ल0सिं0/लेखा/निविदा सूचना/2025–26 दिनांक–19.04.2025

अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या– 01/EE/2025-26

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तर प्रदेश की ओर से लघु सिंचाई खण्ड कानपुर अन्तर्गत जनपद कानपुर नगर/देहात में मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनान्तर्गत रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना कार्यो हेतु ऑनलाईन पोर्टल http://etender.up.nic.in के माध्यम से निम्नानुसार अनुभव रखने वाले ऐसे फर्म/ठेकेदार जो सिंचाई विभाग, उ0प्र0 में निर्धारित श्रेणी में पंजीकृत/सूचीबद्ध हों या ऐसे ठेकेदार जो लघु सिंचाई विभाग उ0प्र0 में दो वर्ष कार्य करने का अनुभव रखते हो, उनके विरूद्ध कोई जाँच लम्बित न हो, से प्रतिशत दर पर ई0 निविदा प्रणाली के अन्तर्गत निविदा आंमत्रित की जाती है। निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र एवं निविदा नियम व शर्तें उत्तर प्रदेश सरकार की वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 30.04.2025 को प्रातः 10.00 बजे से दिनांक 08.05.2025 के पूर्वान्ह 11.00 बजे तक उपलब्ध रहेंगे, इस अवधि में निविदा अभिलेख http:/etender.up.nic.in वेबसाइट से डाउनलोड़/अपलोड़ किया जा सकता है। प्री0 क्वालीफिकेशन टेक्नीकल बिड़ दिनांक 08.05.2025 को पूर्वान्ह 11.30 बजे से अधीक्षण अभियन्ता, लघु सिंचाई वृत्त लखनऊ के कार्यालय में अधीक्षण अभियन्ता की अध्यक्षता में गठित निविदा समिति के द्वारा डाउनलोड़ किया जायेगा। प्री0 क्वालीफिकेशन टेक्नीकल बिड़ में उपयुक्त पाये गये निविदादाताओं के फाइनेन्सियल बिड़ दिनांक 08.05.2025 के अपरान्ह 3.00 बजे डाउनलोड़ किये जायेंगे। कार्यालय बन्द होने अथवा अवकाश होने की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस में उसी समय डाउनलोड़ किया जायेगा, विशेष परिस्थितियों में निविदा डाउनलोड़ की तिथि/समय आदि में यदि परिवर्तन होता है तो उसकी सूचना ऑनलाईन/नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर उपलब्ध करा दी जायेगी।

::कार्य का विवरण::

क्र0 सं0	कार्य का नाम व विवरण (रूफटाप रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना)	जनपद/विकास खण्ड	अनुमानित लागत (लाख रू0 में)	मात्रा	कार्य पूर्ण करने की अवधि	धरोहर धनराशि (रू0 में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य व स्टेशनरी चार्ज जी0एस0टी0 सहित(रू0 में)
1	2	3	4	5	6	7	8
1	संविलियन विद्यालय जुरैया, संविलियन विद्यालय दौलतपुर, संविलियन विद्यालय राहा, संविलियन विद्यालय चिरली	का0नगर घाटमपुर	10.94	BOQ के अनुसार	03 माह	109400.00	855/-
2	संविलियन विद्यालय छांजा, संविलियन विद्यालय पडरी, संविलियन विद्यालय बारा, उच्च प्राथमिक विद्यालय बखरिया	का0नगर पतारा	11.04	BOQ के अनुसार	03 माह	110500.00	855/-
3	उच्च प्राथमिक विद्यालय लौली, उच्च प्राथमिक विद्यालय मोहम्मदपुर, उच्च प्राथमिक विद्यालय पचखुरा, पूर्व माध्यमिक सिहूपुर	का0नगर भीतरगांव	10.34	BOQ के अनुसार	03 माह	103500.00	855/-
4	संविलियन विद्यालय उधनखेड़ा, संविलियन विद्यालय भारत पुरवा, संविलियन विद्यालय तिलशहरी बुजुर्ग	का0नगर सरसौल	8.35	BOQ के अनुसार	03 माह	83600.00	855/-
5	संविलियन विद्यालय सरसौल द्वितीय, संविलियन विद्यालय बेहटा सकट, पूर्व माध्यमिक विद्यालय हाथीपुर, पूर्व माध्यमिक विद्यालय गंगागंज, उच्च माध्यमिक विद्यालय ताजपुर	का0नगर सरसौल	13.02	BOQ के अनुसार	03 माह	130300.00	855/-
6	प्रभागीय वनाधिकारी कार्यालय एवं आवास, अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) कार्यालय, कार्यालय भूमि संरक्षण अधिकारी एवं कार्यालय जिला सैनिक कल्याण बोर्ड	का0देहात अकबरपुर	7.74	BOQ के अनुसार	03 माह	77500.00	855/-
7	कृष्णा औद्योगिक इन्टर कॉलेज (उत्तर) मुहम्मदपुर,मलासा, कृष्णा औद्योगिक इन्टर कॉलेज (दक्षिण) मुहम्मदपुर मलासा	का0देहात मलासा	4.91	BOQ के अनुसार	03 माह	49200.00	855/-
8	डा0 राम मनोहर लोहिया पी0जी0 कालेज जुरिया, उच्चतर प्राथमिक विद्यालय शाहपुर, डेरापुर, आंगनबाड़ी केन्द्र शाहपुर, डेरापुर, जनता इण्टर कॉलेज, असालतगंज	का0देहात झींझक/रसूलाबाद	12.05	BOQ के अनुसार	03 माह	120600.00	855/-
9	ले0 कर्नल शिवनाथ सिंह क्षेत्रीय विद्यालय इन्टर कॉलेज (उत्तर) रंजीतपुर, मैथा, ले0 कर्नल शिवनाथ सिंह क्षेत्रीय विद्यालय इन्टर कॉलेज (दक्षिण) रंजीतपुर, मैथा	का0देहात मैथा	5.17	BOQ के अनुसार	03 माह	51800.00	855/-

उ0प्र0 232960 दिनांक– 25.04.2025
Web.: www.upidadv.gov.in

अधिशासी अभियन्ता
लघु सिंचाई खण्ड, कानपुर।

अदालती सूचना

न्यायालय श्रीमान अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय कोर्ट सं. 2 उन्नाव
वैवाहिक वाद सं. 1389/2023
विमलेश कटियार बनाम अनु कटियार धारा 13 हिन्दू विवाह अधिनियम तारीख पेशी 20.05.2025
विमलेश कटियार पुत्र मुकेश कुमार कटियार निवासी ग्राम महसैया पोस्ट व थाना ठठिया जिला कन्नौज तत्कालीन पता क्वाटर नं. टी–2/30 पुलिस लाइन उन्नाव जनपद उन्नाव मो.नं. 7696012314..प्रार्थी/वादी
बनाम– अनु कटियार पत्नी विमलेश कटियार पुत्री बीरेन्द्र कटियार निवासी ग्राम कौरू मिर्जापुर कलां पोस्ट सर्दलपुर थाना मंगलपुर जिला कानपुर देहात। हाल पता क्वाटर नम्बर टी2/30 पुलिस लाइन उन्नाव मो.नं. 6394205918/9721077652 पी.एन.ओ. नं. 162423730..प्रतिवादिनी
चूकिं ऊपर नामांकित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिए तारीख 20.05.2025 ई. को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक कोण अनुदिष्ट अपने अभिवक्ता द्वारा उपस्थित हो ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज ता. 25.04.2025 ई.को निकाली गई। आज्ञा से, न्यायालय

सी.आर.-179/K-38

अदालती सूचना

समन बजरज इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5 मसमूआ जाब्ता दीवानी सन् 1907ई0)
न्यायालय श्रीमान नायब तहसीलदार खास घाटमपुर जनपद कानपुर नगर
वाद सं0–टी20170341370314
धारा–34 उ0प्र0रा0 संहिता
गीता सिंह बनाम शीलू
वाद सं0–टी–20170341370315
बबली बेगम बनामशीलू
वाद सं0–टी–20170341370317
सरिता बनाम शीलू
बअदालत मुकाम जिला मुद्दाअले मौजा गुजेला परगना व तहसील घाटमपुर कानपुर नगर।
बाजेह हो कि शीलू पुत्री स्व० प्रताप सिंह निवासिनी मोहल्ला गाँधी नगर कस्बा व तहसील परगना व तहसील घाटमपुर जनपद कानपुर नगर व ग्राम सभा गुजेला स्थित आराजी मौजा गुजेला जिसकी खाता सं0–00266 गाटा सं0–1328 रकबा 0.7010 हे0 के बावत उक्त वाद विचाराधीन है। जिसके निस्तारण हेतु साक्ष्य की आवश्यकता है। चूंकि आप लिखित पते पर निवास नहीं कर रही है। अतः समाचार पत्र के माध्यम से आपको सूचना दी जाती है कि आप वाद की सुनवाई हेतु नियत अग्रिम तिथि दिनांक–28.05.2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर साक्ष्य प्रस्तुत करें। अब्बल दस्तखत नायब तहसीलदार खास घाटमपुर जनपद कानपुर नगर।

सी.आर.-179/K-CH

अदालती सूचना

अभियुक्त/विपक्षी के नाम सम्मन (धारा 68, अनुसूची 5 प्रपत्र सं. 1)
न्यायालय जिला एवं सत्र न्यायाधीश जनपद कन्नौज
फौजदारी निगरानी वाद सं. 145 सन् 2024
धारा 397/399 आई.पी.सी.
अम्बुज शुक्ला बनाम उ.प्र. सरकार आदि
अम्बुज शुक्ला आयु लगभग 30 वर्ष पुत्र श्री राजेश कुमार शुक्ला निवासी ग्राम/मोहल्ला इन्द्रानगर मजरे व पोस्ट सिकन्दरपुर थाना छिबरामऊ जनपद कन्नौज...वादी
बनाम– 1. उ.प्र. सरकार जरिये जिला शासकीय अधि. (फौ.) कन्नौज 2. मुकुल त्रिपाठी पुत्र विनोद त्रिपाठी नि. ग्राम आजाद नगर मजरे व पोस्ट सिकन्दरपुर थाना छिबरामऊ जिला कन्नौज 3. मुकेश कुमार सिंह पुत्र योगेन्द्र प्रसाद सिंह (सी.ई.ओ.) 4. विश्वजीत चटर्जी पुत्र अज्ञात (एन.एस.एम.) पता 3 व 4 नि. ग्रा. दिव्यकांति इन्द्रस्ट्रीज लिमिटेड पंजीकृत कार्यालय आफिस नं. 2 औतल शिव लक्ष्मी प्लाजा राजेन्द्र नगर टर्मिनल के सामने पटना (बिहार) पिन –8000201...प्रतिवादीगण
चूंकि आपकी उपस्थिति उक्त अपराध के आरोप का उत्तर देने के लिये आवश्यक है अतएव आपको एतद्द्वारा आदेश दिया जाता है कि आप स्वयं/अधिवक्ता द्वारा उपर्युक्त न्यायालय के समक्ष दिनांक 16.05.2025 को उपस्थित हो। ऐसा करने में त्रुटि न हो। दिनांक 24.04.2025 ई. को जारी किया गया। आज्ञा से, प्रशासनिक अधिकारी जनपद न्यायालय कन्नौज।

सी.आर.-179/K-38

स्वतंत्र भारत वर्गीकृत

सूचना

मेरी पुत्री का वास्तविक नाम वैष्णवी(VAISHNAVI) हैं जबकि कुछ शैक्षिक दस्तावेजो में त्रुटि से उसका नाम वैशनवी(VESNAVI) अंकित हो गया हैं अतः मेरी पुत्री को उसके वास्तविक नाम वैष्णवी(VAISHNAVI) से ही जाना एवं पहचाना जाये। बाबूसिंह नि. 203, शिवगंगा अपार्टमेंट द्वितीय केशवनगर कानपुर नगर यूपी 208017(38)

सी.आर.-179/K-38

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस समाचारपत्र में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले स्वयं उचित जांच-पड़ताल कर लें। समाचारपत्र या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देता तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी भी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार भी नहीं होंगे।

स्वतंत्र भारत
एग्रो फाइनेन्स एण्ड इन्वेस्टमेन्ट्स प्रा. लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक **अतुल शुक्ला** द्वारा 1, जॉपलिंग रोड, लखनऊ-226001 से मुद्रित एवं 78, कैनाल रोड, कैन्ट, कानपुर से प्रकाशित।
सम्पादक : के.के. श्रीवास्तव
फोन : 0512-2332212
0512-2330533
E-mail : swatantrabharat77@gmail.com
समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर होगा।

स्वतंत्र भारत

देश विदेश

आरएनआई रजि नं. 50969/89 डाक पंजीयन सं. के.पी./सिटी एल.पी.पी./2/96

कानपुर, रविवार, 27 अप्रैल, 2025

पहलगाम की निष्पक्ष जांच को तैयार : शहबाज

पाक पीएम बोले किसी भी हमले से निपट लेंगे | फौज पाकिस्तान की हिफाजत में सक्षम

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने कहा है कि वे पहलगाम हमले के बाद हर जांच के लिए तैयार हैं। शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान को बदनाम किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए तैयार है।

पाकिस्तान मिलिट्री अकादमी में एक परेड को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री शरीफ ने कहा कि पहले भी पाकिस्तान पर ऐसे हमले के आरोप लगाए जाते रहे हैं। इसे पूरी तरह से बंद किया जाना जाहिए। एक जिम्मेदार देश के तौर पर पाकिस्तान किसी भी तटस्थ और पारदर्शी जांच में हिस्सा लेने के लिए तैयार है। शरीफ ने कहा कि भारत दुनिया को गुमराह कर रहा है। बिना किसी विश्वसनीय जांच और सबूत के पाकिस्तान पर झूठा आरोप लगाकर देश को बदनाम कर रहा है।

शरीफ ने कहा कि यदि सिंधु नदी के पानी को कम करने या मोड़ने की कोशिश की गई तो पूरी ताकत से जवाब दिया जाएगा। शरीफ ने कहा कि पानी पाकिस्तान के लिए बेहद जरूरी है। यह हमारे 24 करोड़ लोगों की जिंदगी का सवाल है। हम हर कीमत पर इसे सुरक्षित रखेंगे।

शहबाज ने कहा कि पाकिस्तान शांति चाहता है, लेकिन उसकी इस इच्छा को कमजोरी न समझा जाए। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को बदनाम किया जा रहा है। पाकिस्तान के फौजी अपने देश को बचाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। भारत ने हाल ही में पहलगाम हमले के बाद भारत ने सिंधु जल समझौता रद्द करने का ऐलान किया है।

शरीफ ने कहा कि जिन्ना ने सही कहा था कि कश्मीर पाकिस्तान के गले की नस है। दुर्भाग्य से यूनाइटेड स्टेट के कई प्रस्तावों के बावजूद यह मामला आज तक नहीं सुलझा है। पाकिस्तान कश्मीर के लोगों के फैसला लेने के अधिकार का हमेशा समर्थन करता रहेगा।

पहलगाम हमले पर पहली बार बोले डोनाल्ड ट्रंप

तनाव पुराना है लेकिन भारत-पाक सुलझा लेंगे

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच हमेशा से बहुत तनाव रहा है, लेकिन दोनों देश किसी न किसी तरह से इसे स्वयं ही सुलझा लेंगे। पहलगाम आतंकी हमले को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के बारे में रोम जाते समय एयरफोर्स वन में पत्रकारों द्वारा पूछे जाने पर अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, मैं भारत के बहुत करीब हूं, और मैं पाकिस्तान के भी बहुत करीब हूं। जैसा कि आप जानते हैं कि कश्मीर में उनकी लड़ाई एक हजार साल से चल रही है, यह एक हजार साल से चल रही है, शायद उससे भी ज्यादा समय सेज्और कल एक बहुत बुरा हमला हुआ, बहुत बुरा, 30 से ज्यादा लोग मारे गए।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र करते हुए कहा जिसमें पाकिस्तान से जुड़े आतंकवादियों ने 26 पर्यटकों को मार डाला था। सीमा पर बढ़ते तनाव के बारे में पूछे जाने पर और क्या वह चिंतित हैं, अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, ठीक है, उस सीमा पर एक हजार पांच सौ वर्षों से तनाव है, इसलिए, समझिए, यह वैसा ही है जैसा पहले था। वे इसे किसी न किसी तरह से सुलझा लेंगे, मैं उनके दोनों नेताओं को जानता हूं। पाकिस्तान और भारत के बीच बहुत तनाव है, हमेशा से रहा है।

अमेरिकी राष्ट्रपति की यह टिप्पणी अमेरिकी विदेश विभाग द्वारा शुक्रवार को पहलगाम आतंकवादी हमले पर कही गई टिप्पणी के बाद आई है। अब पहलगाम में हुए आतंकवादी हमलों की बात करें। जैसा कि राष्ट्रपति ट्रंप और सचिव रुबियो ने स्पष्ट किया है, अमेरिका भारत के साथ खड़ा है, आतंकवाद के सभी कृत्यों की कड़ी निंदा करता है। विदेश विभाग की प्रवक्ता ने कहा, हम मारे गए लोगों के जीवन और घायलों के स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं और इस जघन्य कृत्य के अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने का आह्वान करते हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका स्थिति पर बहुत बारीकी से नज़र रख रहा है।

ईरान के बंदरअब्बास पोर्ट पर धमाका, 4 की मौत 500 से ज्यादा घायल

तेहरान। ईरान के बंदर अब्बास पोर्ट पर शनिवार को विस्फोट में 4 लोगों की मौत हो गई और 500 से ज्यादा घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक शुरुआती जांच में पता चला है कि घटनास्थल पर ज्वलनशील पदार्थों के स्टोरेज में लापरवाही से यह हादसा हुआ। ईरानी अधिकारियों ने बताया कि यह विस्फोट बंदर अब्बास पोर्ट के ठीक बाहर शाहिद राजाई पोर्ट के सिना कंटेनर यार्ड में हुआ। यहां पर ट्रांसपोर्ट कंटेनर्स को रखा जाता है, जिसमें ऑयल और अन्य पेट्रोकेमिकल फेसिलिटी भी है। रेस्क्यू वर्कर्स हादसे वाली जगह से लोगों को बाहर निकालने की कोशिश कर रहे हैं।

सुरक्षा परिषद ने भी की पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की कड़ी आलोचना की और 'आतंकवाद के इस निंदनीय कृत्य' के दोषियों एवं

'दोषियों को न्याय के कटघरे में पेश करने की जरूरत'

उनके मददगारों को जवाबदेह ठहराने तथा उन्हें न्याय के कटघरे में लाने की जरूरत पर बल दिया। यूएनएससी ने इस बात को दोहराया कि हर तरह का आतंकवाद अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए सबसे गंभीर खतरों में से एक है।

बयान में कहा गया, 'सुरक्षा परिषद के सदस्यों ने 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है जिसमें कम से कम 26 लोग मारे गए और कई अन्य लोग घायल हो गए।' मीडिया में यह बयान यूएनएससी अध्यक्ष द्वारा सभी 15 सदस्य देशों की ओर से जारी किया गया है। पाकिस्तान वर्तमान में यूएनएससी में एक अस्थायी सदस्य है। यूएनएससी के सदस्यों ने पीड़ितों के परिवारों और भारत एवं नेपाल की सरकारों के प्रति गहरी सहानुभूति और संवेदना व्यक्त की। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। सदस्यों ने 'आतंकवाद के इस निंदनीय कृत्य' के दोषियों और उनके मददगारों को जवाबदेह ठहराने तथा उन्हें न्याय के कटघरे में लाने की जरूरत पर भी बल दिया। यूएनएससी ने कहा कि इन हत्याओं के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराना जरूरी है। उसने सभी देशों से आग्रह किया कि वे अंतरराष्ट्रीय कानून एवं सुरक्षा परिषद के प्रासंगिक प्रस्तावों के तहत अपने दायित्वों के अनुसार इस संबंध में सभी सक्षम अधिकारियों के साथ सक्रिय सहयोग करें। पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकवादी हमले में 26 लोग मारे गए थे जिनमें अधिकतर पर्यटक थे।

भारत-पाक रिश्ते सुधारने को आगे आया ईरान

तेहरान। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को लेकर भारत के पड़ोसी देशों में हलचल मची हुई है। बढ़ते हुए तनाव को देखते हुए अब ईरान दोनों देशों के बीच मध्यस्थता करने के लिए आगे आया है। ईरान ने शुक्रवार को भारत और पाकिस्तान के बीच संबंधों को सुधारने में मदद की पेशकश की है। ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने कहा है कि तेहरान इस्लामाबाद और नई दिल्ली में अपनी उपस्थिति का उपयोग कर इस कठिन समय में मदद के लिए करने के लिए तैयार है। इससे पहले अगारची ने पहलगाम हमले की कड़ी निंदा की थी।

कविता के जरिए लिखी अपनी बात

एक्स पर एक पोस्ट में अराघची ने कहा कि भारत और पाकिस्तान ईरान के अच्छे पड़ोसी हैं। अराघची ने पोस्ट में कहा, तेहरान फारसी कवि सादी द्वारा सिखाई गई भावना के अनुरूप, हम इस कठिन समय में अधिक समझ बनाने के लिए इस्लामाबाद और नई दिल्ली में अपनी उपस्थिति का उपयोग करने के लिए तैयार है। उन्होंने इस दौरान एक कविता के बोल भी लिखे : मानव एक ही पूरे के सदस्य हैं, एक सार और आत्मा का निर्माण करते हैं। अगर एक को दर्द होता है तो दूसरे को भी दर्द होगा।

एक नज़र

पाक के खिलाफ फैसला लेते समय सावधान रहे भारत

सिंधुदुर्ग (महाराष्ट्र)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम की बैसरन घाटी में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले पर पूर्व रक्षा मंत्री शरद पवार ने कहा कि भारत सरकार द्वारा पाकिस्तान को दिया गया संदेश उचित है। हालांकि, ऐसे फैसलों में सभी राजनीतिक दलों को शामिल होना चाहिए। शरद पवार, जो राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद चंद्र पवार) के अध्यक्ष भी हैं, ने कहा कि कार्रवाई करते समय सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इससे भारत के हितों को नुकसान न पहुंचे। शरद पवार ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ जवाबी कार्रवाई पर केंद्र को आगाह करते हुए कहा कि कोई भी फैसला सावधानी से लिया जाना चाहिए क्योंकि इस्लामाबाद चुप नहीं रहेगा। महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग में एक कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए पवार ने कहा, आज हम ऐसे फैसले ले सकते हैं, लेकिन कल पाकिस्तान भी जवाब देगा... मुझे नहीं लगता कि पाकिस्तान चुप रहेगा।

पाक सैन्य काफिले में आईईडी ब्लास्ट,10 की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी क्वेटा में बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के हमले में 10 पाकिस्तानी सैनिकों की मौत हो गई। बीएलए ने शुक्रवार को बयान जारी कर हमले की जिम्मेदारी ली। बीएलए ने कहा कि उसके फ्रीडम फाइटर्स ने पाकिस्तानी सेना के काफिले को रिमोट कंट्रोल्ड आईईडी के जरिए निशाना बनाया है। यह हमला हमारी आजादी की लड़ाई का हिस्सा है। एएफपी के मुताबिक क्वेटा से लगभग 30 किमी मार्गट चौकी के पास सैन्य काफिले को निशाना बनाया गया। बीएलए ने कहा कि दुश्मन के खिलाफ हमारा ऑपरेशन तेजी से जारी रहेगा। बलूच लिबरेशन आर्मी ने पिछले महीने बलूचिस्तान के क्वेटा में जाफर एक्सप्रेस पर हमला कर उसे हाईजैक कर लिया था। ट्रेन में लगभग 450 पैसेंजर सवार थे। बीएलए ने जेल में बंद बलूच कार्यकर्ताओं, राजनैतिक कैदियों, गायब लोगों, लड़ाकों और अलगाववादियों की बिना शर्त रिहाई की मांग की थी।

उत्तर कोरिया ने बनाया नौसैनिक विध्वंसक जहाज

सियोल। उत्तर कोरिया लगातार अपनी सैन्य ताकत में इजाफा कर रहा है। देश ने अब नया नौसैनिक विध्वंसक जहाज तैयार किया है। तानाशाह किम जोंग उन ने नए जहाज का अनावरण किया। उन्होंने इसे अपनी परमाणु-सशस्त्र सेना की परिचालन सीमा और पूर्वव्यापी हमला क्षमताओं का विस्तार करने के लक्ष्य की दिशा में एक अहम कदम बताया। इसके अलावा किम ने दुनियाभर में बढ़ रहे तनाव के लिए अमेरिका को जिम्मेदार ठहराया। शुक्रवार को नंपो के पश्चिमी बंदरगाह पर 5,000 टन के युद्धपोत के शुभारंभ समारोह में किम ने नए जहाज को देखकर खुशी जताई। उन्होंने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका और एशिया में उसके सहयोगियों से कथित खतरों के जवाब के रूप में हथियारों का निर्माण किया जा रहा है। क्योंकि अमेरिका और उसके सहयोगी परमाणु कार्यक्रम पर बढ़ते तनाव के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास का विस्तार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि परमाणु ऊर्जा से चलने वाली पनडुब्बी का अधिग्रहण उनकी नौसेना को मजबूत करने की दिशा में उनका बड़ा कदम होगा।

भ्रष्टाचार में ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति को आठ साल की सजा

साओ पाउलो। ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति फर्नांडो कोलोर को शुक्रवार सुबह अलागोस राज्य में गिरफ्तार किया गया। उन्हें 2023 में भ्रष्टाचार के मामले में दोषी ठहराया गया था और अब उन्हें जेल की सजा काटने का आदेश दिया गया है। कोलोर पर आरोप था कि उन्होंने 20 मिलियन रियास (3.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर) रिश्वत ली। कोलोर 1990 से 1992 तक देश के राष्ट्रपति रहे। उनको आठ साल और दस महीने की कारावास की सजा सुनाई गई है। कोलोर अभी तक जेल में नहीं थे, क्योंकि उनके वकील अपील कर रहे थे। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश एलेक्जेंड्रे डी मोरेस ने कोलोर की गिरफ्तारी का आदेश दिया और कहा कि अपीलों का कोई आधार नहीं होने पर सजा तुरंत शुरू की जा सकती है।

सिंगापुर में सोशल मीडिया अकाउंट बैन

सिंगापुर। सिंगापुर में जल्द ही आम चुनाव होने हैं। ऐसे में सिंगापुर की सरकार सोशल मीडिया पर नजर रख रही है और जो भी सोशल मीडिया अकाउंट मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं, उन्हें प्रतिबंधित किया जा रहा है। एक सिंगापुर मूल के ऑस्ट्रेलियाई और दो मलेशियाई राजनेताओं के सोशल मीडिया अकाउंट प्रतिबंधित कर भी दिए गए हैं। इन सोशल मीडिया अकाउंट्स की पोस्ट में सिंगापुर सरकार की धार्मिक मामलों को हैंडल करने के तरीके की आलोचना की गई थी और लोगों को धर्म के आधार पर वोट देने की अपील की गई थी। सिंगापुर में आगामी 3 मई को चुनाव होने हैं। इस बीच सिंगापुर के चुनाव आयोग ने सोशल मीडिया कंपनी मेटा को कई अकाउंट्स को प्रतिबंधित करने का निर्देश दिया है।

पाक में अब बिलावल भुट्टो के भी बिगड़े बोल

इस्लामाबाद। पहलगाम के कायराना हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान पर कड़ी कार्रवाई की है। जिसकी वजह से पाकिस्तान के बड़े नेता अपना होश खो बैठे हैं। इस कड़ी में पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी

कहा सिंधु नदी में खून बहेगा

(पीपीपी) के अध्यक्ष और प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के सहयोगी बिलावल भुट्टो जरदारी ने सिंधु जल संधि विवाद पर भड़काऊ टिप्पणी करते हुए कहा कि नदी में खून बहेगा। जरदारी ने एक सार्वजनिक रैली में कहा कि मैं इस सिंधु नदी के साथ खड़ा हूं और भारत को संदेश देता हूं कि सिंधु नदी हमारी है, या तो हमारा पानी इस नदी में बहेगा या आपका खून बहेगा। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष ने कहा कि भारत ने पहलगाम त्रासदी के लिए पाकिस्तान को दोषी ठहराया है। अपनी कमजोरियों को छिपाने और अपने लोगों को मूर्ख बनाने के लिए, (भारतीय प्रधानमंत्री) मोदी ने झूठे आरोप लगाए हैं और सिंधु जल संधि को एकतरफा तरीके से निलंबित कर दिया है, जिसके तहत भारत ने स्वीकार किया है कि सिंधु पाकिस्तान की है। मैं यहां सुक्कुर में सिंधु के पास खड़ा होकर भारत को बताना चाहता हूं कि सिंधु हमारी है और सिंधु हमारी ही रहेगी, चाहे इस सिंधु में पानी बहे या उनका खून। उनका यह बयान भारत द्वारा जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान समर्थित आतंकवादी हमले पर अपना गुस्सा जाहिर करते हुए जल संधि को निलंबित करने के बाद आया है, जिसमें 26 लोगों की जान चली गई और कई घायल हो गए।

मणिपुर में हेरोइन ब्राउन शुगर व अन्य मादक पदार्थ बरामद

इंफाल। मणिपुर के थौबल जिले में दो लोगों से 'ब्राउन शुगर' और हेरोइन समेत कई मादक पदार्थ जब्त किए गए जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने शनिवार को इस संबंध में बताया कि शुक्रवार को लिलोंग हाओरीबी इलाके के वांगमायुम बारुल आलम के घर तलाशी अभियान के दौरान ये मादक पदार्थ जब्त किए गए। पुलिस ने कहा, 'अभियान के दौरान, उसके घर से कई मादक पदार्थ बरामद हुए। 3.9 किलोग्राम 'ब्राउन शुगर', सात साबुन के डिब्बे जिनमें संभवतः हेरोइन चूरा (12 ग्राम प्रति केस) था और 100 मिलीलीटर की कोडीन की सात बोतलें बरामद की गईं।'

'सिंधु जल संधि कश्मीर के लिए सबसे अनुचित दस्तावेज'

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच 1960 में हस्ताक्षरित सिंधु जल संधि केंद्र शासित प्रदेश के लोगों के लिए सबसे अनुचित दस्तावेज है। मीडिया को संबोधित करते हुए उमर अब्दुल्ला ने सिंधु जल संधि पर कड़ी असहमति जताते हुए कहा, भारत सरकार ने कुछ कदम उठाए हैं। जहां तक जम्मू-कश्मीर का सवाल है, हम कभी भी सिंधु जल संधि के पक्ष में नहीं रहे हैं। हमारा हमेशा से मानना रहा है कि सिंधु जल संधि जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए सबसे अनुचित दस्तावेज रही है।

हालांकि, उमर अब्दुल्ला ने आज कहा कि सिंधु जल संधि से जम्मू-कश्मीर को पहले ही बहुत नुकसान हो चुका है। लेकिन अगर इस संधि के निलंबन से जम्मू-कश्मीर को फायदा होता है, तो मैं सबसे पहले यह कहूंगा कि यह एक अच्छा कदम है।

अमेरिका में रद्द नहीं होगा विदेशी छात्रों का वीजा

वॉशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सरकार अदालत के आगे झुकती हुई नजर आ रही है। ट्रंप की सरकार ने हाल ही में अपने एक फैसले को पलटने का फैसला किया है,

ट्रंप प्रशासन ने पलटा अपना फैसला

जिसके बाद अब अमेरिका में रह रहे विदेशी छात्रों का वीजा रद्द नहीं किया जाएगा। एक सरकारी वकील ने शुक्रवार को घोषणा की है कि अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) ने देश भर में रह रहे अंतर्राष्ट्रीय छात्रों की कानूनी अनुमति खत्म करने के अपने फैसले को बदलने का फैसला लिया है। ट्रंप सरकार की तरफ से वकील ने ओकलैंड की एक संघीय अदालत को बताया कि आईसीई उन छात्रों की कानूनी स्थिति को मैन्युअली बहाल कर रहा है जिनके रिकॉर्ड हाल ही में खत्म कर दिए गए थे। बता दें कि इससे पहले डोनाल्ड ट्रंप की सरकार ने अमेरिका में 1000 से ज्यादा विदेशी छात्रों के वीजा पर रोक लगा दी थी। ट्रंप के इस फैसले के बाद सैकड़ो छात्रों के सामने हिरासत में लिए जाने और निर्वासित किए जाने का खतरा पैदा हो गया था। इसके बाद कई छात्रों ने ट्रंप सरकार के खिलाफ मुकदमा दायर किया था। छात्रों ने दलील दी थी कि सरकार ने उनसे अमेरिका में रहने की इजाजत अचानक वापस ले ली है।

ब्रिटेन में भारतीय समुदाय का विरोध प्रदर्शन

लंदन। भारतीय समुदाय के सदस्यों ने शुक्रवार को लंदन में पाकिस्तान उच्चायोग के बाहर विरोध प्रदर्शन किया और जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले

कहा पाकिस्तान आतंक की फैक्ट्री

की निंदा की। भारतीय झंडे, बैनर और तख्तियां थामे भारतीय समुदाय के सदस्यों ने निर्दोष लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया और पीड़ितों के लिए न्याय की मांग की। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए भारत माता की जय और पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए और बैनर पकड़े हुए थे, जिन पर लिखा था, मैं हिंदू हूं। भारतीय समुदाय के एक सदस्य ने कहा कि हम भारतीय पाकिस्तान के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने के लिए यहां एकत्र हुए हैं। उन्होंने (पाकिस्तान ने) आतंक की फैक्ट्री को बढ़ावा दिया है और इसी वजह से पहलगाम में हमारे 26 लोग मारे गए। हम इसके खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने के लिए एकत्र हुए हैं। एक अन्य प्रदर्शनकारी ने कहा कि पहलगाम में हुए जघन्य आतंकी हमले के कारण ब्रिटेन में रहने वाला भारतीय समुदाय आक्रोशित है।

पाक डिप्लोमैट की शर्मनाक हरकत

लंदन में पाकिस्तानी दूतावास के बाहर प्रदर्शन कर रहे लोगों की तरफ पाकिस्तानी राजनयिक ने गला रेतने का धमकी भरा इशारा किया। इसके बाद वहां मौजूद लोगों में और सोशल मीडिया पर आक्रोश पैदा हो गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक लंदन स्थित पाकिस्तानी दूतावास में रक्षा अताशे के रूप में काम करने वाले तैमूर राहत धमकी भरा इशारा करते हुए कैमरे में कैद हो गए। पाकिस्तानी राजनयिक का यह व्यवहार तब सामने आया जब पाकिस्तानी दूतावास के बाहर भारतीय मूल के लोगों ने पहलगाम हिंसा को लेकर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया और पाकिस्तान से आतंकवाद फैलाने से बाज आने को कहा।

मेलबर्न में भी सड़क पर उतरे भारतीय

मेलबर्न। पहलगाम आतंकी हमले को लेकर देश ही नहीं दुनिया भर के भारतीयों में भी आक्रोश है। मेलबर्न, लंदन, काठमांडू समेत तमाम जगहों पर भारतीय समुदाय पहलगाम हमले के विरोध में सड़क पर उतर आया है। मेलबर्न के फेडरेशन स्क्वायर पर शनिवार को भारतीय समुदाय के हजारों लोगों ने पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी ने हाथों में तख्तियां पकड़ रखी थीं। उन्होंने पाकिस्तान आतंकवाद बंद करो, पाकिस्तान सेना आतंकी सेना और हिंदुओं का जीवन मायने रखता है जैसे नारे लगाए। उधर, काठमांडू में भी लोगों ने पाकिस्तान दूतावास के पास विरोध प्रदर्शन किया।

डांस सिर्फ प्रदर्शन नहीं, एक जज़्बात है!

हर साल 29 अप्रैल को मनाया जाने वाला इंटरनेशनल डांस डे सिर्फएक कला का जश्न नहीं, बल्कि उन कहानियों का उत्सव है, जिन्हें डांस बिना एक शब्द कहे बयां कर देता है। डांस सिर्फ प्रदर्शन नहीं, एक एहसास है, एक जज़्बात है, जो संस्कृति, आत्मा और अपनेपन को बयां करता है। इस खास दिन की खूबसूरती को ज़ी टीवी के कई सितारों ने डांस से जुड़ीं अपनी खास यादें और एहसास शेयर किए। 'कैसे मुझे तुम मिल गए' में बबीता का किरदार निभा रहीं किशोरी शहाणे कहती हैं, ''मेरे लिए डांस अनुशासन और अभिव्यक्ति है। जब से मैंने इंडस्ट्री में काम करना शुरू किया, डांस मेरी ज़िंदगी का हिस्सा बन गया है।'' यह मेरे लिए स्ट्रेस बस्टर भी है।'' 'वसुधा' में वसुधा का किरदार निभा रहीं प्रिया ठाकुर कहती हैं, ''डांस हमेशा से मेरे दिल के बेहद करीब रहा है। जब भी स्ट्रेस या थकान महसूस होती है, मैं हिंदी गानों पर डांस करती हूं, यह मुझे ग्राउंडेड रखता है। डांस मेरे लिए खुशी का दूसरा नाम है।'' 'भाग्य लक्ष्मी' में शालू का किरदार निभा रहीं मुनीरा कुदरती कहती हैं, ''डांस मेरी पहली और शायद हमेशा की मोहब्बत है।'' 'जमाई नं. 1' में रिद्धि का किरदार निभा रहीं सिमरन कौर कहती हैं, ''मेरे लिए डांस एक आर्ट फॉर्म नहीं, बल्कि वो जगह है जहां मैं खुद को सबसे ज्यादा असली महसूस करती हूं। इस डांस डे पर मैं सिर्फपरफॉर्मेंस नहीं, बल्कि उन शांत और सुकूनभरे लम्हों का जश्न मना रही हूं जो डांस हमें देता है।'' 'जागृति - एक नई सुबह' में जागृति का किरदार निभा रहीं रचना मिस्त्री कहती हैं, ''डांस मेरे साथ बचपन से है। डांस मेरे लिए सिर्फ मूवमेंट नहीं, वो मेरी थेरेपी है, मेरी खुशी है, मेरी दुनिया से भागने की राह है। इंटरनेशनल डांस डे पर मुझे हर वो चोट, हर वो थकान, हर वो हंसी और हर वो आंसू याद आते हैं जो डांस के साथ जुड़ा रहा।''

डांस खुशी है और ज़िंदगी का जश्न है!

डांस सिर्फ़एक मूवमेंट नहीं है बल्कि ये खुशी है, जुनून है और ज़िंदगी का जश्न है। बहुत से लोगों के लिए ये फिट रहने या अपनी भावनाएँ ज़ाहिर करने का ज़रिया है, लेकिन कुछ कलाकारों के लिए ये एक दिल से जुड़ा रिश्ता है जो उनकी आत्मा को ऊर्जा देता है। इस इंटरनेशनल डांस डे पर टीवी कलाकारों ने अपने डांस के प्रति गहरे प्यार, उससे मिलने वाली खुशी, और किस तरह यह उनकी कला की यात्रा को आकार देता है, इस बारे में बातें कीं। भीमा में कैलाशा बुआ की भूमिका निभा रहीं नीता मोहिन्द्रा ने बताया, ''डांस से मुझे खुशी मिलती है और यह खुद को जाहिर करने के लिये मेरा सबसे पसंदीदा तरीका है। मेरे लिये डांस एक गतिमान भावना है। चाहे मैं स्टेज पर हूँ या घर पर अकेली डांस करूं, मुझे शांति, ऊर्जा और अपनेपन का एहसास मिलता है।'' 'हप्पू की उलटन पलटन' में बिमलेश की भूमिका निभा रहीं सपना सिकरवार ने कहा, ''डांस ने मुझे हमेशा खुश किया है। मुझे अपने पहले सोलो डांस का रोमांच अब भी याद है, जब मेरी धड़कन की लय संगीत, रोशनी और तालियों के साथ बन गई थी। आज भी मुझे अपने सीन को कोरियोग्राफ करना और शॉट्स के बीच कुछ मूव्स दिखाना अच्छा लगता है। डांस से मेरा उत्साह बढ़ जाता है, क्योंकि वह मजेदार होता है, आजादी का एहसास देता है और मेरे भीतर के परफॉर्मर को जोश से भर देता है।'' 'भाबीजी घर पर हैं' में अंगूरी भाबी का किरदार निभा रहीं शुभांगी अत्रे ने कहा, ''डांस हमेशा से मेरे दिल के करीब रहा है और मुझे सबसे ज्यादा एनर्जी इसी से मिलती है। कथक की ट्रेनिंग ने मुझे खूबसूरती और अनुशासन के साथ पेश आना सिखाया है और इससे भी बढ़कर मैंने खुद को पूरी तरह से जाहिर करना उससे सीखा है। मैंने लावणी, गरबा और बॉलीवुड किया है और यह सभी मुझे पसंद हैं। मेरा दिन चाहे कितनी भी व्यस्तता में गुजरे, कुछ पल डांस करने पर मुझे खुशी और शांति मिल जाती है। मेरे लिये डांस सिर्फएक स्किल नहीं है, बल्कि एक भावना और लय है, जो मेरे भीतर बसती है।''

बाजार दर्पण

AWPL

परिवार का हिस्सा बने और बने निरोग खुद भी जिये औरो को भी जीना सिखायें

सुख और समृद्धि दोनो पायें

आयुर्वेद अपनाये जीवन और पैसा दोनो बचायें

जय किशन यादव

फ्रेंचाइजी विनायक एसोसिएट

पता– 6/2 कटरा माधोकुँज प्रयागराज

मो. 9935657889

उत्सव लॉन्स

गोरखपुर में

शादी-विवाह एवं अन्य शुभ आयोजनो हेतु।

अलहदादपुर, गोरखपुर

फोनः- 0551-2338099 +918400085593

विश्वास नेत्र एवं लेज़र सेन्टर

डॉ. विश्वास वर्मा नेत्र सर्जन

मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध

विराम खण्ड, राम भवन के सामने गोमती नगर लखनऊ

मोबाइलः 9415016089